


दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 1 अंक: 336 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 26 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## चंद्रयान और G20 की जय-जयकार,

### अशोक गहलोत की 'जीरो' सरकार...जयपुर में कांग्रेस पर खूब बरसे PM मोदी

**समाज जागरण**




नई दिल्ली. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जयपुर में एक रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा. पीएम ने साथ ही चंद्रयान-3 की कामयाबी, भारत में जी20 समिट के सफल आयोजन और नई संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पास किए जाने का मुद्दा भी उठाया. इस साल के अंत में राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं. जिसे देखते हुए इन राज्यों में राजनीतिक सरगर्मी काफी ज्यादा तेज हो गई है.

## नोएडा सेक्टर 62: श्रीरामलीला महोत्सव 2023 के लिए भूमिपूजन हुआ संपन्न।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव 2023 के लिए भूमिपूजन हुआ संपन्न।



नोएडा। आज सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमिपूजन समारोह संपन्न



हुआ।पूजन और हवन के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। भूमिपूजन के साथ ही मंच निर्माण और पुतला निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा।

19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगी। 24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जायेगा।25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप और श्रीराम राज्याभिषेक के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।

भूमिपूजन समारोह में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल,महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, संरक्षक नवरत्न अग्रवाल, सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता, पवन गोयल,एस एम गुप्ता, डा. एस पी जैन, आर के उप्रेती, आत्माराम अग्रवाल,रामनिवास बंसल, आर सी गुप्ता,सुरेश गुप्ता, सत्येन्द्र शर्मा, सतीश चन्द्र अग्रवाल,एस के गुप्ता,डा. ए के त्यागी, मोतीराम गुप्ता, शांतनु मित्तल, प्रवीण गोयल, राकेश कुमार, अर्जुन कुमार, राजकुमार बंसल, सुधीर पोड़वाल, ललित सिंघल, संजीव कुमार, राधाकृष्ण गर्ग,सुशील गोयल, बाबूराम शर्मा,किशनलाल झारवार,विनय हिन्दू, बिजेंद्र राय, टी एन झा,सहित श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य और सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने राजेश्वनन्द रामायणी की समाधि पर पुष्पार्चन किया अर्पण

**दैनिक समाज जागरण**



उरई (जालौन) अमर शान्ति आश्रम पचोखरा में चल रही श्री मद भागवत कथा और श्रीराम महायज्ञ के दौरान सोमवार को बागेश्वर धाम के संत पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पहुचकर स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी की समाधि पर पुष्पार्चन किया। ततपश्चात भक्तों का अभिवादन किया। और बोले रामायणी जी महाराज की कथाएं देश मे ही बल्कि विदेशों में भी विख्यात हैं। और कहा कि राजेश्वरानंद एक सिद्ध पुरूष और संत थे जिन्होंने अपनी अद्भुत व अतुल्य वाणी से श्री राम कथा एवं हनुमन्त कथा बड़ी ही सूक्ष्य विवेचना, मधुरता एवं भावमयी प्रस्तुति के साथ हम और आप तक पहुचाई हैं इसलिए संत समाज उन्हें राजेश रामायण जी के नाम से बुलाते थे। इसके बाद पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने धर्म के बारे में कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति भारत की सभ्यता के प्रतीक हैं।

### राजनीति-साधु और मतांतरण पर क्या बोले बाबा

साधु, आचार्यों का राजनीतिक से जुड़ना या समर्थन देना उनका निजी विचार, जिम्मेदारी है। वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी जानते हैं। राम राजनीति से बड़ी राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश भर में मतांतरण के ज्वलंत मुद्दा पर धीरेंद्र शास्त्री ने जोरदार तरीके से कहा कि इस तरह के मामलों को रोकने के लिए ही सनातनी हिंदू एकता यात्रा और क्रांति की शुरूआत की है।

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

अमर साथ शांति आश्रम पचोकरा धाम में चल रही श्री मनोहर भागवत कथा श्री राम महायज्ञ के दौरान भक्तों को जैसे ही जानकारी हुई की बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी आने वाले हैं तो सुबह से ही भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ बढ़ होने लगी

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आने की सूचना प्रशासन को मिली तो पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था संभालने के लिए कमर कस ली और आने जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग लगवा दी वही भारी पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहा वही बड़ी संख्या में महिला पुलिस भी मौजूद रही वहीं पुलिस अधीक्षक ने ईरज राजा ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# PM मोदी का व्हाट्सऐप चैनल पर भी जलवा

### 1 वीक में ही सब्सक्राइबर 50 लाख पार, लोगों का किया धन्यवाद

**समाज जागरण**

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल मीडिया पर गजब की लोकप्रियता है. एक्स (ट्विटर), फेसबुक के बाद अब व्हाट्सऐप पर भी उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ने लगी है. पीएम नरेंद्र मोदी के व्हाट्सऐप चैनल पर नए फीचर से जुड़ने के बाद सिर्फ एक हफ्ते में 50 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हो गए हैं. 20 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के व्हाट्सऐप चैनल ने एक मील का पत्थर हासिल किया, जब उसने सिर्फ एक दिन में दस लाख फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाट्सऐप चैनल पर पहली पोस्ट पर कुछ ही मिनटों में सैकड़ों प्रतिक्रियाएं आईं.




दरअसल, सोमवार दोपहर अपने व्हाट्सऐप चैनल पर साझा किए गए एक संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जैसा कि हम 50 लाख से अधिक का समुदाय बन गए हैं, मैं उन सभी का आभारी हूं जो मेरे व्हाट्सऐप चैनल के माध्यम से मेरे साथ जुड़े हैं! आप में से हर एक के निरंतर समर्थन और जुड़ाव के लिए आभारी हूं.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड फॉलोइंग है. एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर 91 मिलियन फॉलोअर्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले भारतीय राजनेता हैं. इसके साथ ही फेसबुक पर पीएम मोदी के 48 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर उनके 78 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं.

**सीएम केजरीवाल भी व्हाट्सऐप चैनल से जुड़े**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के साथ "जुड़े रहने" के लिए वाट्सएप चैनल से जुड़े. चैनल "दिल्ली सरकार की उपलब्धियों पर नवीनतम जानकारी और अपडेट प्रदान करता है. मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने हाल ही में भारत और 150 अन्य देशों में 'चैनल' नामक अपना टेलीग्राम जैसा फीचर लॉन्च किया है. यह लोगों के लिए मशहूर हस्तियों और नेताओं से जुड़ने और उनकी रुचि के समूहों में शामिल होने के लिए एक माध्यम है.

**टेलीग्राम को टक्कर देने लाया गया नया फीचर**

मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म के इस कदम का उद्देश्य टेलीग्राम को टक्कर देना है, हालांकि अधिक संख्या में डाउनलोड और लोकप्रियता के कारण व्हाट्सऐप को बढ़त हासिल है. क्रिएट किए गए चैनल व्हाट्सऐप पर 'अपडेट' नाम के एक नए टैब में देखे जा सकते हैं.

- जेवर के किसानों ने शौर भूमि को सामान्य श्रेणी की भूमि घोषित करने पर सीएम योगी को दिया धन्यवाद

## महाराज जी अगर आप नहीं होते तो मेरी बेटी की शादी नहीं हो पाती

### - कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद 3 अगस्त को जारी किया गया था शासनादेश

**समाज जागरण**

लखनऊ, 25 सितंबर: महाराज जी मेरी बेटी की शादी नहीं हो पाती, यदि शौर भूमि पर आप निर्णय नहीं लेते। बरसों पुरानी मेरी जमीन हाथ से निकल गई थी। मुझे रात में नींद भी नहीं आती थी, लेकिन आपने हमारे पक्ष में निर्णय लेकर हमे जीवन की नई धारा से जोड़ा है। इससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है। ये शब्द जेवर के ग्राम रन्हेरा के वनवारी प्रजापति के हैं। उन्होंने यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान आभार प्रकट करते हुए कही।

### जमीन के मुआवजे और दाखिल खारिज पर लगा दी गयी थी रोक

मालूम हो कि एक शासनादेश के माध्यम से शोर भूमि के पट्टे करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही और प्रदेश के उन किसानों के मुआवजे तथा दाखिल-खारिज पर रोक लगा दी गयी थी, जिनके पास शौर श्रेणी की भूमि थी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों के पक्ष में निर्णय लेने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया। इसके बाद 3 अगस्त को शासनादेश के माध्यम से शोर भूमि को सामान्य श्रेणी की भूमि घोषित किया गया। इससे प्रदेश के हजारों किसानों को भूमिधारी अधिकार प्राप्त होने लगे।



### 45 वर्ष पहले किसानों को दिया गया था पट्टा

योगी सरकार के फैसले से खुश किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनका शुक्रिया अदा किया। इस दौरान रामप्रसाद नाई भू-धारक रन्हेरा ने भावुक होते हुए कहा कि महाराज जी मैं जाति से खटीक हूं और बहुत गरीब हूं। मुझे वर्ष 1978 यानी कि 45 वर्ष पूर्व पट्टा मिला था, जो हमारी रोजी रोटी का एकमात्र जरिया था। वहीं आपके शोर भूमि के निर्णय ने हमारी जिंदगी बदल दी, वरना हमारी बच्चियों की शादी भी नहीं हो पाती। हम आपका ये उपकार कभी नहीं भूलेंगे। मेघराज जाटव निवासी ग्राम वीरमपुर ने कहा कि योगी जी आपने हमारे घर में खुशियां लौटा दीं, वरना भूखे मरने की नौबत आ गई थी। हमारे बच्चे सदैव आपके अहसानमंद रहेंगे। वहीं विशंभर खटीक ग्राम मुढरह ने सीएम योगी के पूछने पर बताया कि मुझे 9 बीघा का पट्टा मिला था। आपके फैसले से हमारे बच्चों का भविष्य संवर गया है।

प्रतिनिधिमंडल में लयकराम, ओमकार सिंह, नानक चंद जाटव, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना एक्सप्रेस वे औधोगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी, भाजपा पश्चिम के अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह शिशोदिया आदि मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों की अमर्यादित भाषा पर हमें शर्म आती है- विमला मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**
**वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- मगध प्रमंडल गया कौटिल्य मंच के सचिव विमला मिश्रा व किरण पाठक ने एक संयुक्त बयान जारी कर किसी भी सदन के जनप्रतिनिधियों के विषय में कहा है कि किसी भी सदन मे जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हीं हम सबों का अपने-अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. समाज में क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए किसी भी सदन में जनप्रतिनिधि को ही संवैधानिक अधिकार प्राप्त है ,उनसे जनता की अपेक्षा होती है कि वह गैरसंवैधानिक भाषा का प्रयोग नहीं करें. क्योंकि संविधान के प्रति श्रद्धा एवं निष्ठा रखने का संकल्प लेते हैं. किंतु खेद है कि दशकों से कुछ जनप्रतिनिधियों ने जो आचरण प्रस्तुत किया है ,वह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं लगता यह जनता को लज्जित करने वाली है.सदन की मयार्दा गौरव गरिमा को ध्वस्त करने वाली है.यहां तक कि राष्ट्र को भी शर्मसार करने वाली है. उन्होंने आगे कहा कि आए दिन सुदूर गांव से लेकर शहर तक जो भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जो पढ़ते देखते हैं, उसमें ऐसे प्रतिनिधियों के उनके संस्कार एवं आचरण से हम सबों को बड़ी निराशा हाथ लगती है.शर्म आती है पर वे लोग जरा सा भी क्यों नहीं सकुचाते जो भड़काऊ और आपत्तिजनक बयान देने के लिए अभ्यस्त हैं. चाहे सनातन धर्म पर हो या रामचरितमानस पर हो या समाज में नफरत फैलाने वाले बयान हों, बयान देनेवाले गैरजिम्मेदाराना भाषा बोलते हैं.




विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर मौलिक अधिकार का हनन पर संविधान निमार्ताओं ने राष्ट्रीय संप्रभुता अखंडता और लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर बंधन भी लगा लगाए थे. किंतु पीठासीन अधिकारी द्वारा लापरवाही या नजर अंदाज कर देना या उपेक्षा के कारण अनुशासन और संयम के टूटने से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है.जो जागरूक जनों के साथ राष्ट्रहित के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन गया है.जिसे विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के माध्यम से ऐसे बयान वीरों का हम घोर विरोध एवं तीव्र भर्त्सना करते हैं .ऐसे जनप्रतिनिधि को जो अपने अपने क्षेत्र के उन तमाम मतदाताओं को शर्मसार करते हैं उन्हें हम सब द्वारा विरोध कर दुबारा प्रतिनिधि नहीं बने देने के लिए आम मतदाताओं से विनम्र निवेदन करते हैं.कौटिल्य मंच के जिन प्रमुख लोगों ने आम मतदाताओं एवं समाज के जागरूक लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है ,उनमें प्रमुख रूप से डॉ मृदुल मिश्रा ,ललिता देवी, पुष्पा गुप्ता, मालती देवी , कविता राउत, रुक्मिणी पाठक ,प्रोफेसर रीना सिंह ,अर्चना मिश्रा, डॉक्टर गीता विश्वकर्मा, प्रियंका मिश्रा, पूजा कुमारी ,पियूषा गुप्ता, नीलम पासवान ,सपना तिवारी, तरन्नुम तारा ,रेशमा खातून, तस्लीम नाज, चंचला शर्मा, संगीता कुमारी, कंचन पाठक, सुनंदा मराठे ,पार्वती देवी, वीणा यादव, रीता पाठक ,माया देवी, रूपा दास, नुसरत प्रवीण, देवी अर्चना बनर्जी, रूनी देवी, फूल कुमारी देवी , ममता गुप्ता, अनीता देवी ,मांडवी गुर्दा, रंजन पांडेय , गुंजन कुमारी, रीना देवी, गौरी प्रेरणा मराठे ,सुमो तारा चक्रवर्ती, सुनीता देवी ,रजनी चावला आदि का नाम शामिल हैं.

## मध्य प्रदेश चुनाव के लिए BJP की दूसरी लिस्ट जारी, 39 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर, 3 मंत्री और 7 सांसदों को भी टिकट

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली/भोपाल: मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 39 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी. इस लिस्ट में भाजपा ने 3 केंद्रीय मंत्री और 7 स-ांसदों को टिकट दिया है. लिस्ट के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे. इसी तरह से भाजपा ने अपने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर-1 सीट से मैदान में उतारा है.

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पार्टी के कई अन्य सांसदों को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची में जगह दी है. भाजपा ने सोमवार को कुल 39 उम्मी-दवारों की दूसरी सूची जारी की. मंत्रियों के अलावा जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया है, उनमें राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं. ये सभी लोकसभा के सदस्य हैं. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे.

# विजय रमन : उनकी गोली बोलती थी

दैनिक समाज जागरण

चम्बल का इतिहास रीत्ता जा रहा है । एक जमाना था जब पूरे देश में ग्वालियर-चंबल के डाकू चर्चा का विषय हुआ करते थे,साथ ही चचाओं में रहते थे इन दुर्दांत डाकुओं से लगातार मुठभेड़ें करने वाले भारतीय पुलिस सेवा के तमाम जाबांज अधिकारी। विजय रमन इनमें से एक थे । वे अकेले ऐसे पुलिस अधिकारी थे जिन्हें दर्प छू भी नहीं सका था । डाकू उनके नाम से कांपते थे।

बात 1980 -81 की है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने दस्यु समस्या के उन्मूलन के लिए



आत्म समर्पण का रास्ता तो खोला ही था साथ ही बन्दूक की गोलियों को भी अपना काम करने की छूट दी हुई थी । उन दिनों चंबल में तमाम डाको गिरोहों का आतंक था । इनमे से एक गिरोह था डाकू पान सिंह तोमर का। पान सिंह तोमर एक कुशल धावक और सेना का सेवानिवृत्त जवान था लेकिन स्थानीय परिस्थितियों ने उसे डाकू बना दिया था। डाकू पान सिंह तोमर का गिरोह आठवें दशक का एक ऐसा डाको गिरोह था जो पूरे इलाके में आतंक का पर्याय बन चुका था। पान सिंह का आतंक इतना खतरनाक हो गया था। तब पुलिस भी पान सिंह को पकड़ने से डरती थी सरकार ने पान सिंह तोमर को पकड़ने के लिए करीब 10,000 का इनाम रखा था ।

बात शायद 1 अक्टूम्बर 1981 की है । मै उन दिनों दैनिक आचरण अखबार में काम करता था । हमें खबर मिली की भिंड पुलिस ने एन्डोरी के पास डाकू पान सिंह गिरोह को घेर लिया है । एन्डोरी के पास नोनेरा गांव में रहने वाले हमारे चचा ने हमने एक निजी सन्देश वाहक से ये खबर भिजवाई।। उस जमाने में स्वदेश मेंकाम करने वाले आलोक तोमर और मै अपने साधन से मुठभेड़ स्थल के लिए रवाना हुए और जब मौके पर पहुंचे तो हमें पुलिस ने मील भर पहले ही रोक दिया। इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप सिंह हमारे मित्र थे। हमने उन्हें आवाज लगाईं तो उन्होंने हमें हाथ से इशारा कर रुकने के लिए कहा। आधी रात से शुरू हुई गोलाबारी सुबह तड़के तक चली और जब पौ फटी तब ये सिलसिला शुरू हुआ। एसपी विजय रमन अपने अमले के साथ विजयी मुद्रा में खड़े थे ,लेकिन उनके चेहरे पर तब भी कोई दर्प नहीं था। उन्होंने पूरी तैयारी के साथ पान सिंह के गिरोह को घेरा थ। कोई डेढ़ सौ के आसपास पुलिस इस अभियान में शामिल थे । विजय रमन ने गिरोह सरगना पान सिंह तोमर को उसके आधा दर्जन साथियों के साथ ढेर कर दिया था।

उस जमाने में न मोबाइल थे और न हम रिपोर्टरों के पास कैमरे। लेकिन विजय रमन ने हमें मारे गए डकैतों के फोटो मुहैया करने का आश्वासन देकर हमें मौके से विदा किया। तब ' ब्रेकिंग न्यूज ' का जमाना भी न थी । चौबीस घंटे चीखने वाले टीवी चैनल भी न थे । शाम के अखबार भी न थे ,इसलिए इस साहसिक मुठभेड़ की खबर पूरे चौबीस घंटे बाद अखबारों की सुर्खी बनी ,तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने विजय रमन को फोन पर इस कामयाबी के लिए बधाई दी। विजय रमन रातों रात देश के अखबारों की सुर्खियों में थे। भिंड की जनता आज भी उन्हें याद करती है। वे सीआरपीएफ,बीएसएफ और रेलवे में भी रहे लेकिन उन्हें जो मान-प्रतिष्ठा डाकू पान सिंह तोमर गिरोह के खात्मे से मिली वो अपने आप में एकदम अलग थी। उस जमाने में फूलन देवी और मलखान सिंह भी विजय रमन के निशाने पर थे लेकिन उन दोनों ने समर्पण का रास्ता अपनाकर अपनी जान बचा ली। विजय रमन ने चंबल की जनता को डाकुओं के आतंक से ही मुक्ति नहीं दिलाई बल्कि वे देश के चार प्रधानमंत्रियों के साथ एसपीजी के भी प्रमुख रहे । उन्होंने तत्कालनीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर और पीव्ही नरसिम्हाराव के साथ भी काम किया। संसद पर हमला करने वाले आतंकी गाजी बाबा का खात्मा भी विजय रमन की गोली ने ही किया । वे दुश्मनों के दुश्मन और दोस्तों के दोस्त हुआ करते थे।

मैंने कुछ वर्ष पहले मप्र में दस्यु उन्मूलन का इतिहास लिखने की योजना बनाई थी । उस समय विजय रमन साहब से मेरी अक्सर फोन पर बात होती रही। उनके पास सूचनाओं और अनुभवों का भंडार था । वे खुद एक पुस्तक लिखने की योजना बना रहे थे ,किन्तु प्रचार से सदा दूर रहने वाले अपना ये काम पूरा नहीं कर पाए वे फेसबुक पर भी सक्रिय थे । 72 वर्षीय श्री विजय रमन पिछले साल कैंसर ने उन्हें आ घेरा। कैंसर यानि कर्क रोग विजय रमन से जीत गया ।बेहद ईमानदार,निष्ठावान ,संवेदनशील अधिकारी के रूप में विजय रमन हमेशा याद किये जायेंगे । तत्पर निर्णय और नेतृत्व की अद्भुद क्षमता वाले विजय रमन के साथ बीते दिनों की सुधियाँ बार-बार द्रवित करतीं है । मध्यप्रदेश के दस्यु उन्मूलन अभियान में उनकी उपलब्धियां स्वर्णाक्षरों में अंकित हैं । मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि

@ राकेश अचल

# कनाड़ा की धरती पर बनेगा खालिस्तान ?

दैनिक समाज जागरण

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर पूरी तरह मेहरबान है।भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नही कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें।हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें।कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा।

आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे ।परिणाम स्वरूप पजांब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा,अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया ।इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय होने लगे। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा ।बाद में उनके ही दो सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है ।कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश रची, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे ।इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए।


अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी,वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं ।अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं ।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। खालिस्तानी समर्थकों ने 25 सितंबर को कनाडा के हाईकमीशन और सभी काउंसलेट के बाहर बड़े प्रदर्शन की तैयारी की है। खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित गुरुद्वारे में काउंसिल के कुछ सदस्यों ने इसे लेकर साजिश रची है। जानकारी यह भी है कि इस पूरे प्रदर्शन में कनाडा के कई पूर्व सांसद, नेता और कुछ चरमपंथी और खालिस्तान समर्थक इस मामले पर खतरनाक मंसूबों के साथ आगे बढ़ रहे हैं ।रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है ।पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखाना शुरू हो सकता है। विदेशी मामलों की जानकार मानते हैं कि कनाडा सरकार का भारत के लिए लिया गया एक्शन आने वाले दिनों में भारत और कनाडा के रिश्तों पर भी बड़ा असर डालने वाला है।

कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (रत्नख) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है । पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। खालिस्तानी अलगाववादी सरगना ने कनाडा में सिखों से वैंकूवर में 29 अक्टूबर को होने वाले तथाकथित जनमत संग्रह में वोट डालने की भी अपील की। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में कहा गया था ।फिर उनपर हमले शुरू हो गए थे। कनाडा में धमकी से पहले ही हिंदुओं पर हमले होने लगे हैं।

इन धमकियों को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि कनाडा में खालिस्तानी समूहों से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय भयभीत है ।कनाडा में हिंदू लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सरे में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के दावे के बाद कनाडा में हिंदू लोगों के खिलाफ धमकियों की निंदा की। इंटरव्यू के दौरान आर्य ने कनाडाई टिप्पणीकार एंड्रयू कॉइन के कॉलम का हवाला दिया। इन्होंने कहा था कि ह्यकनाडा में सांप्रदायिक खून-खराबे का खतरा है ।खालिस्तान आंदोलन के बढ़ते खतरे के बारे में लिबरल सांसद की चेतावनी पन्नू का एक वीडियो वायरल होने के बाद कनाडा की सरकार ने इस तरह के काम पर अपनी असहमति जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

दरअस्ल कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान पाल रहा है। कनाड़ा इन्हें प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका आज के हालात में भारत का विरोध नही कर पा रहा किंतु इस मामले में उसका भी रवैया ठीक नही है ।कनाडा के हिंदुओं को धमकी देने वाला सिख फॉर जस्टिस (रत्नख) का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिकी नागरिक है। पन्नू भारत का फरार और इनामी आंतकी है ।इसके बावजूद वह अमेरिका में सरे आम रह रहा है।

भारत को चाहिए कि वह भारत में खालिस्तान समर्थकों के प्रति सख्ती जारी रहे। कनाडा में भारत के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर मुकदमें दर्ज करने के साथ उनके आईओसी कार्ड जब्त करता रहे ।इनकी भारत की संपत्ति भी कब्जे में ले।आज कनाडा जो कर रहा है, कल उसके ही सामने आएगा।खालिस्तान समर्थक वहां रहने वाले हिंदुओं पर हमले करेंगे ।कानून व्यवस्था कनाडा की खराब होगी। मजबूरन जब कनाडा सरकार सख्ती करेगी तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के निवासी भिंडरावाला की तरह उसी के सामने संकट खड़ा करेंगे।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## मेरे भारत की तस्वीर बदल जाने दे

नफरत की आग को
प्रीत में बदल जाने दे
समर्पण का जो रंग
स्याह सा पर गया है
ठहर जरा उसे
पूर्णता में आने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

फिर से लौट आये
मानव का विस्वास,
फिर से संचारित हो
जीवन की हर आस,
खिलने से पहले ही जो
मुरझा गई हैं शाखों पर,
उन कलियों को जरा,
फिर से मुस्कुराने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

ना लांक्षणो का दौर हो
ना भ्रष्टाचार का शोर हो,
ना धन अर्जन की होड़ में
छीना हुआ कोई कौर हो,
धम सी गई है जो
हर धड़कन में उसे
मानवता का गीत
गुनगुनाने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

बिंदू अग्रवाल शिक्षिका
मध्य विद्यालय गलगलिया

# ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

दैनिक समाज जागरण

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (अंग्रेजी: करँ६१ उँल्लि्ं श्र्टिंरॅं१; जन्म- 26 सितम्बर, 1820, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 29 जुलाई, 1891, कोलकाता) भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षा शास्त्री व स्वाधीनता सेनानी थे। वे गरीबों व दलितों के संरक्षक माने जाते थे। उन्होंने स्त्री-शिक्षा और विधवा विवाह पर काफी जोर दिया। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने 'मेट्रोपोलिटन विद्यालय' सहित अनेक महिला विद्यालयों की स्थापना करवायी तथा वर्ष 1848 में वैताल पंचविंशति नामक बंगला भाषा की प्रथम गद्य रचना का भी प्रकाशन किया। नैतिक मूल्यों के संरक्षक और शिक्षाविद विद्यासागर जी का मानना था कि अंग्रेजी और संस्कृत भाषा के ज्ञान का समन्वय करके ही भारतीय और पाश्चात्य परंपराओं के श्रेष्ठ को हासिल किया जा सकता है।

### जन्म तथा शिक्षा

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर, 1820 को पश्चिमी मेदिनीपुर ज़िला, पश्चिम बंगाल में एक निर्धन धार्मिक परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम ठाकुरदास बन्धोपाध्याय था और माता भगवती देवी थीं। इनका बचपन बेहद गरीबी में व्यतीत हुआ था। गाँव के स्कूल से ही प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद छः वर्ष की आयु में ही ईश्वर चन्द्र पिता के साथ कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) आ गये थे। वह कोई भी चीज बहुत जल्दी सीख जाते थे। उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के कारण उन्हें विभिन्न संस्थानों द्वारा कई छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई थीं। वे उच्चकोटि के विद्वान् थे। उनकी विद्वता के कारण ही उन्हें 'विद्यासागर' की उपाधि दी गई थी।[1]

व्यावसायिक जीवन की शुरूआत

अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ही ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने अध्यापन कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 1839 में ईश्वर चन्द्र ने सफलता पूर्वक अपनी कानून की पढ़ाई संपन्न की। वर्ष 1841 में मात्र इक्कीस वर्ष की आयु में उन्होंने संस्कृत के शिक्षक के तौर पर 'फोर्ट विलियम कॉलेज' में पढ़ाना शुरू कर दिया। पाँच साल बाद 'फोर्ट विलियम कॉलेज' छोड़ने के पश्चात ईश्वर चन्द्र विद्यासागर 'संस्कृत कॉलेज' में बतौर सहायक सचिव नियुक्त हुए। पहले ही वर्ष उन्होंने शिक्षा पद्वति को सुधारने के लिए अपनी सिफारिशें प्रशासन को सौप दीं। लेकिन उनकी रिपोर्ट ने उनके और तत्कालीन कॉलेज सचिव रसोमय दत्ता के बीच तकरार उत्पन्न कर दी, जिसकी वजह से उन्हें कॉलेज छोड़ना पड़ा। लेकिन 1849 में ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को साहित्य के प्रोफेसर के रूप में 'संस्कृत कॉलेज' से एक बार फिर जुड़ना पड़ा। इसके बाद 1851 में वह इस कॉलेज के प्राधानचार्य नियुक्त किए गए, लेकिन रसोमय दत्ता के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को 'संस्कृत कॉलेज' से त्यागपत्र देना पड़ा, जिसके बाद वह प्रधान लिपिक के तौर पर दोबारा 'फोर्ट विलियम कॉलेज' में शामिल हुए।[1]

### समाज सुधार

अपने समाज सुधार योगदान के अंतर्गत ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने देशी भाषा[2] और लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ ही कलकत्ता में 'मेट्रोपॉलिटन कॉलेज' की स्थापना भी की। उन्होंने इन स्कूलों को चलाने में आने वाले खर्च का बीड़ा उठाया और अपनी बंगाली में लिखी गई किताबों, जिन्हें विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए ही लिखा गया था, की बिक्री से फंड अर्जित किया। ये किताबें हमेशा बच्चों के लिए महत्त्वपूर्ण रहीं, जो शताब्दी या उससे भी अधिक समय तक पढ़ी जाती रहीं। जब विद्यासागर जी कलकत्ता के संस्कृत कॉलेज के प्रधानाचार्य बनाये गए, तब उन्होंने कॉलेज सभी जाति के छात्रों के लिए खोल दिया। ये उनके अनवरत प्रचार का ही नतीजा था कि 'विधवा पुनर्विवाह कानून-1856' आखिरकार पारित हो सका। उन्होंने इसे अपने जीवन की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि माना था। विद्यासागर जी ने अपने इकलौते पुत्र का विवाह भी एक विधवा से ही किया। उन्होंने 'बहुपत्नी प्रथा' और 'बाल विवाह' के खिलाफ भी संघर्ष छेड़ा।

### प्रेरक प्रसंग

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की विनम्रता एवं संस्कारशीलता की प्रशंसा सर्वत्र होती थी। यही नहीं देशभक्ति की भावना भी उनमें आत्मा की गहराई तक विद्यमान थी। इसी वजह से वे सभी की श्रद्धा के पात्र थे। उनसे सम्बन्धित कुछ प्रेरक प्रसंग इस प्रकार हैं-

बात उन दिनों की है जब ईश्वरचन्द्र विद्यासागर 'संस्कृत कॉलेज' के आचार्य थे। एक बार विद्यासागर जी किसी कार्य से 'प्रेसीडेंट कॉलेज' के अंग्रेज आचार्य कैर से मिलने गए। जब विद्यासागर जी ने कैर के कमरे में प्रवेश किया तो उनका स्वागत करना तो दूर, कैर जूते पहने मेज पर पैर फैलाए बैठा रहा। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को ये सब बड़ा अप्रिय लगा, किंतु वे चुपचाप इस अपमान को सहन कर गए और आवश्यक चर्चा कर वापस लौट आए। इस घटना के कुछ दिनों बाद किसी काम से कैर भी विद्यासागर के कॉलेज आया। उन्हें देखकर विद्यासागर जी ने चप्पलों सहित अपने पैर उठाकर मेज पर फैला लिए और आराम से कुर्सी पर बैठे रहे। उन्होंने कैर से बैठने के लिए भी नहीं कहा। कैर ने उनके इस व्यवहार की शिकायत लिखित रूप से शिक्षा परिषद के सचिव डॉ. मुआट से की। तब डॉ. मुआट कैर को लेकर विद्यासागर के पास गए और उनसे कारण पूछा। इस पर विद्यासागर जी ने कहा- "हम भारतीय अंग्रेजों से ही यूरोपीय शिष्टाचार सीखते हैं। जब मैं इनसे मिलने गया था तो ये इसी तरह बैठे थे। मैंने इसे यूरोपीय शिष्टाचार समझा और इसका अनुसरण किया। इन्हें नाराज करने का मेरा कोई इरादा नहीं था।" कैर ने शर्मिंदा होकर विद्यासागर जी से क्षमा मांगी।

एक बार ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को इंग्लैंड में एक सभा की अध्यक्षता करनी थी। उनके बारे में यह मशहूर था कि उनका प्रत्येक कार्य घड़ी की सुई के साथ पूर्ण होता है अर्थात वे समय के बहुत पाबंद थे। वे लोगों से भी यही अपेक्षा रखते थे कि वे अपना कार्य समय पर करें। विद्यासागर जी जब निश्चित समय पर सभा भवन पहुँचे तो उन्होंने देखा कि लोग सभा भवन के बाहर घूम रहे हैं और कोई भी अंदर नहीं बैठा है। जब उन्होंने इसका कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि सफाई कर्मचारियों के न आने के कारण अभी भवन की सफाई नहीं हुई है। यह सुनते ही विद्यासागर जी ने एक क्षण भी बिना गंवाए झाड़ू उठा ली और सफाई कार्य प्रारम्भ कर दिया। उन्हें ऐसा करते देख उपस्थित लोगों ने भी कार्य शुरू कर दिया। देखते ही देखते सभा भवन की सफाई हो गई और सारा फर्नीचर यथास्थान लगा दिया गया। जब सभा आरंभ हुई तो ईश्वर चन्द्र विद्यासागर बोले- "कोई व्यक्ति हो अथवा राष्ट्र, उसे स्वावलंबी होना चाहिए। अभी आप लोगों ने देखा कि एक-दो व्यक्तियों के न आने से हम सभी परेशान हो रहे थे। संभव है कि उन व्यक्तियों तक इस कार्य की सूचना न पहुँची हो या फिर किसी दिक्कत के कारण वे यहाँ न पहुँच सके हों। क्या ऐसी दशा में आज का कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाता? यदि ऐसा होता तो कितने व्यक्तियों का आज का श्रम और समय व्यर्थ हो जाता। सार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वावलंबी होना चाहिए और वक्त पड़ने पर किसी भी कार्य को करने में संकोच नहीं करना चाहिए।"

यह प्रसंग ब्रिटिश हुकूमत से जुड़ा है। बंगाल में नील की खेती करने वाले अंग्रेजों, जिन्हें 'नील साहब' या 'निलहे साहब' भी कहा जाता था, के अत्याचार बहुत बढ़ गये थे। लोगों का जीवननरकबन गया था। इसी जुल्म के खिलाफ कहीं-कहीं आवाजें भी उठने लगी थीं। ऐसी ही एक आवाज को कलकत्ता रंगमंच के कुछ युवा कलाकार बुलंदी की ओर ले जाने की कोशीश में थे। ये कलाकार अपने नाटकों के द्वारा अंग्रेजों की बर्बरता का मंचन लोगों के बीच कर विरोध प्रदर्शित करते रहते थे। ऐसे ही एक मंचन के दौरान इन युवकों ने ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को भी आमंत्रित किया। उनकी उपस्थिति में युवकों ने इतना सजीव अभिनय प्रस्तुत किया कि दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गये। विशेषकर निलहे साहब की भूमिका निभाने वाले युवक ने तो अपने चरित्र में प्राण डाल दिये थे। अभिनय इतना सजीव था कि विद्यासागर जी भी अपने पर काबू नहीं रख सके और उन्होंने अपने पैर से चप्पल निकाल कर उस अभिनेता पर दे मारी। सारा सदन भौचक्का रह गया। उस अभिनेता ने विद्यासागर जी के पाँव पकड़ लिए और कहा कि मेरा जीवन धन्य हो गया। इस पुरस्कार ने मेरे अभिनय को सार्थक कर दिया। आपके इस प्रहार ने निलहों के साथ-साथ हमारी गुलामी पर भी प्रहार किया है। विद्यासागर जी ने उठ कर युवक को गले से लगा लिया। सारे सदन की आँखें अश्रुपूरित थीं।

### निधन

अपनी सहनशीलता, सादगी तथा देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध और एक शिक्षाशास्त्री के रूप में विशिष्ट योगदान करने वाले ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का निधन 29 जुलाई, 1891 को कोलकाता में हुआ। विद्यासागर जी ने आर्थिक संकटों का सामना करते हुए भी अपनी उच्च पारिवारिक परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखा था। संकट के समय में भी वह कभी अपने सत्य के मार्ग से नहीं डिगे। उनके जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग आज भी युवा वर्ग को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महापौर ने स्मृति वाटिका में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में महापौर के द्वारा सोमवार को स्मृति वाटिका में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महापौर ने कहा कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समाज के प्रति समर्पण एवं संपूर्ण जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा। वे प्रकाश-पुंज बनकर हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे । इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं नेता उपस्थित रहे।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महापौर का जन्मदिन



लखनऊ । महापौर सुषमा खर्कवाल के जन्मदिवस के अवसर पर बाला कदर कैम्प कार्यालय पर सुबह से रात्रि तक स्नेहीजनों का आवागमन एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा।

उक्त कार्यक्रम में सुबह से रात्रि तक समस्त पार्षदगण, तमाम भाजपा नेता, पदाधिकारी,कार्यकर्ता, नगर निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण/कर्मचारी संगठन के लोगों सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य एवं सम्भ्रांत लोगों द्वारा बारी बारी केक कटवा कर एवं पुष्पगच्छ इत्यादि प्रदान कर महापौर के जन्मदिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ महापौर जी का जन्म उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया।

इसके अतिरिक्त महापौर के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा महिला नेत्रियों सहित नगर की तमाम प्रतिष्ठित एवं सम्भ्रांत महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन कर भक्तिभाव एवं आध्यात्मिक ढंग से शुभकामनाएं भेंट की गई। इस अवसर पर महापौर द्वारा समस्त नगर वासियों एवं शुभचिंतकों व जन्मदिवस के अवसर को वृहद रूप से मनाने वाले समस्त स्नेहीजनों का सहृदय धन्यवाद किया और शुभकामनाएं भेंट की।

### आज हुए देश के सर्वांगीण विकास के पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रेरणा : सीएम योगी

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

## बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार पूरा कर रही पंडित जी का सपना

लखनऊ, 25 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं पुण्यतिथि पर चारबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण व विकास उनका सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित जी के उसी सपनों को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय के प्रणेता, एकात्म मानववाद की दृष्टि को भारत की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बनाने वाले एवं राजनीति में शुचिता व ईमानदारी के प्रबल समर्थक की आज पावन जयंती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म मथुरा जनपद के एक छोटे से गांव में हुआ। भारत और भारतीयता के प्रति उनका दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट था। उनका कहना था कि भारतीय दृष्टिकोण विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में उनकी धारणाएं बहुत ही स्पष्ट थीं। उन्होंने कहा था कि आर्थिक उन्नति और प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से किया जाना चाहिए। अन्त्योदय की उनकी



अवधारणा स्वतंत्र भारत में गरीब कल्याण का माध्यम बना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 से 2004 तक कार्य करने वाली सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को प्रेरणा मानते हुए गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में चलने वाली सभी योजनाओं के पीछे प्रेरणा पंडित जी के अन्त्योदय का संकल्प ही है। पिछले साढ़े 9 साल में देश के जिस सर्वांगीण विकास को हम सब देख रहे हैं, यह चमत्कार पंडित जी की ही प्रेरणा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुषमा खरकवाल, डॉ नीरज बोरा, मुकेश शर्मा, जय देवी, रामचंद्र प्रधान, निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, नीरज सिंह मौजूद रहे।

### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित किया विधिक साक्षरता शिविर।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्वनगर श्री अवनीश सक्सैना के दिशा-निर्देशन तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.2023 को समय 1:30 बजे से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के माध्यम से पशु क्रूरता एवं सरंक्षण संबंधी विषय पर प्रकाश डाला गया। शिविर में बताया कि पशु पक्षी प्रकृति के वरदान है जिनकों सुरक्षित एवं सरंक्षित रखना मनुष्य का संवैधानिक एवं विधिक दायित्व है। पशुओ के संरक्षण के संदर्भ में भारतीय विधिक एवं न्यायिक व्यवस्था में विधायिका एवं न्यायपालिका ने अप्रतिम योगदान दिया है। पशुओं के संदर्भ में होने वाली क्रूरता के प्रति कठोरतम एवं त्वरित कार्यवाही होती है।

उक्त शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्वनगर के साथ गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष डा0 कृष्ण कांत द्विवेदी, डा0 रमा शर्मा, श्री संतोष कुमार तिवारी, व कॉलेज के छात्र-छात्राये व अन्य उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करे प्रचार-
विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

### उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह दिनांक 2 अक्टूबर 2023 से 8 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा आयोजित।

माननीय मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद / मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को संपूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। माननीय न्यायमूर्ति श्री सूर्य प्रकाश केसरवानी वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद /कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्य योजना को अनुमोदित करते हुए संपूर्ण उत्तर प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2023 से दिनांक 8 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त स्वच्छता जागरूकता अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक निर्वाचक मंडल गठित किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर एवं सदस्य के रूप में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर, पुलिस आयुक्त एवं अधीक्षक गौतम बुद्ध नगर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी नामित होंगे।

स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के अंतर्गत जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत निम्नवत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को मुख्यालय स्तर पर, तहसील स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा तथा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान से संबंधित विषय पर समस्त विश्वविद्यालय में निबंध एवं चित्रकला आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्थाएं, परा विधिक स्वयंसेवक एवं समाज हित में कार्यरत सामाजिक संस्थाएं प्रतिभा कर सकती हैं।

# डेट्रायट बनने की रेस में लखनऊ

## योगी सरकार और हिंदुजा की पहल से मोटर सिटी भी हो सकता है नवाबों का शहर

**समाज जागरण**

लखनऊ। किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। बड़ी संख्या में मुख्य इकाइयों और अनुषांगिक इकाइयों में निवेश हुए। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला।

आटो इंडस्ट्री के जरिये यही प्रयास हिंदुजा समूह से मिलकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी करने जा रही है। पिछले दिनों इसी बाबत मुख्यमंत्री की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमोयू) हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के लिए हुआ। खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग, इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

### यूपी में किसी दिग्गज ऑटो कंपनी का यह पहला निवेश होगा

अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटरसिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

### बड़े पैमाने पर मिलेंगे रोजगार

उल्लेखनीय है की इस तरह का महत्वाकांक्षी निवेश निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। मुख्य इकाई के साथ कल पुर्जे बनाने वाली स्थानीय इकाइयों और तैयार वाहनों के ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन के भी क्षेत्र में। हिंदुजा की इकाई लगने से ये सारे लाभ उत्तर प्रदेश खासकर जहां यह इकाई लगेगी वहां के लोगों को होंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेक्ट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसी ही वाहनों की ओर है क्योंकि सरकार भविष्य में ऐसे ही वाहनों के संचलन के पक्ष में है। इस इकाई से स्थानीय जरूरत के बाद अन्य प्रदेशों एव देशों में भी इनका निर्यात हो सकेगा।

### एक ट्रिलियन अर्थवयस्था के लक्ष्य में भी मिलेगी मदद

वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है। सेक्टर के प्रगति की दर यही रही तो 2030 तक इस क्षेत्र में करीब पांच करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। तब इसमें उत्तर प्रदेश का का भी एक बड़ा योगदान होगा। यह एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थवयस्था का लक्ष्य हासिल करने में भी मददगार होगा।

### एक नजर में देश की ऑटो इंडस्ट्री

भारत इस समय दुनिया में ट्रैक्टर उत्पाद में नंबर एक, बस उत्पादन में नंबर दो और भारी ट्रक उत्पादन करने में तीसरे नंबर पर है। अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में भारत ई-कारें उत्पादित करने के मामले में तीसरे नंबर पर होगा। इन कारों की बिक्री बढ़ने का बड़ा कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में वृद्धि के साथ घटती कीमतें होंगी। यह इस सेक्टर में क्रांति जैसी होगी। और इस क्रांति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल और दूरदर्शिता से उत्तर प्रदेश एक अहम किरदार होगा।

# हर घर जल गांव थीम पर बने स्टाल पर पांचो दिन उमड़ी भारी भीड़

**- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो" में विशेष आकर्षण बना जल जीवन मिशन का स्टाल**

**- पांच दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में पहुंचे देशी -विदेशी मेहमान**

**- स्टाल परिसर में घूमे और हर घर जल गांव में पहुँच रहे शुद्ध जल कि प्रक्रिया समझी**

**- नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिये योगी सरकार और विभाग कि तारीफ भी कि**

लखनऊ /नोयडा। 25 सितम्बर जल जीवन मिशन के "हर घर जल गांव" थीम पर बना स्टॉल इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो" में आये देशी-विदेशी मेहमानों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पांच दिनों तक चले आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग स्टाल में आये और यहां बनाए मॉडल गांव और उस गांव में हर घर जल कि प्रक्रिया को समझा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हों या स्कूली बच्चे सभी इस हर घर जल गांव कि थीम को देख खुश हुए और उन्होंने ग्रामीणों के लिये बनाई गई हर घर जल योजना कि तारीफ भी की।




स्टाल परिसर में बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी और नल कि टोंटी से निकलते जल के मॉडल के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिचवाई। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्कूली बच्चे नये यूपी के बदलते गांव का स्वरुप देखकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर घर जल गांव के बाहर फोटो भी खिचवाई और सेल्फी भी ली। बच्चों ने यहां आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन लिखी टोपी, पेन, डायरी पुरस्कार में दी गई। विदेशी मेहमानों, निवेशकों व आगंतुकों की इन पांच दिनों स्टाल पर काफी भीड़ रही। नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिये योगी सरकार और विभाग की तारीफ भी कि।

बता दें कि 21 सितम्बर को शुरू हुए इस आयोजन का शुभारम्भ करने पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हर घर जल गांव स्टाल को निहारा और सीएम योगी आदित्यनाथ स्टाल के अंदर पहुंचे और उन्होंने योजना की जानकारी भी ली थी।

# 2023-24 में 62 हजार मार्गों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

**समाज जागरण**

लखनऊ, 25 सितंबर। उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2023-24 के बीच गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को हासिल करने में लोक निर्माण विभाग ने अपने टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया है। वहीं, राष्ट्रीय मार्गों की बात करें तो उसने अब तक 75.30 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में सफलता पायी है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 में 62 हजार से अधिक मार्गों को गड्ढामुक्त व रीस्टोरेशन वर्क्स से सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया को विस्तृत कार्ययोजना क्रियान्वयन के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार कार्य पूर्ति की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### लोक निर्माण विभाग ने 6988 मार्गों की संवारी सूरत

प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के आधीन कुल मिलाकर 1.14 सड़कें हैं जिनका कुल योग 2.66 लाख किमी है। इसमें से इस वर्ष 62 हजार से ज्यादा सड़कों का मेकओवर करना निर्धारित किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य 44869 मार्गों का निर्धारित है जबकि 17588 सड़कों के नवीनीकरण व रीस्टोरेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाना प्रस्तावित है। इसमें से गड्ढामुक्ति की दिशा में 1711 व 5277 मार्गों का रीस्टोरेशन वर्क्स इस वर्ष अब तक पूरा कर लिया गया है। यानी, कुल 6988 मार्गों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कार्य किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 3.81 रहा जबकि रीस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को 30 प्रतिशत पूरा गया है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग के आधीन मंडी, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, गन्ना, आवास एवं शहरी नियोजन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से संबंधित सड़कें आती हैं और इन सभी विभागों के समायोजन से प्रदेश में सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है।

-उत्तर प्रदेश के सड़कों की गड्ढा मुक्ति व रिपेयर वर्क्स के जरिए सुदृढ़ीकरण पर सीएम योगी का फोकस, विस्तृत कार्ययोजना के जरिए मूर्त रूप ले रही प्रक्रिया

-लोक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय मार्गों के आधीन आने वाले मार्गों पर गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों को तेजी से पूर्ण कर रही योगी सरकार

-वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग ने रीस्टोरेशन कार्यों के टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य किया पूरा, राष्ट्रीय मार्गों ने की 75.30 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति

### राष्ट्रीय मार्गों पर तेजी से हो रहा रीस्टोरेशन वर्क

वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय मार्गों की कुल 364 गड्ढामुक्ति व रीस्टोरेशन वर्क्स को अभी तक पूर्ण किया जा चुका है। राष्ट्रीय मार्गों पर गड्ढा मुक्ति के कार्यों में अब तक 28.35 प्रतिशत सफलता मिली है जबकि रीस्टोरेशन वर्क्स को 75.30 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मार्ग विभाग की चार जोन प्रदेश में कार्यरत हैं। इनमें से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-पश्चिम यूपी) ने इस वर्ष सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए गड्ढा मुक्ति के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में 62.57 व रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने में 85.79 प्रतिशत सफलता हासिल की है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत, शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा

बिसौली आई एम खान। कोतवाली क्षेत्र के गांव हतसा के समीप सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे एम.एफ.हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। वहीं हादसे के बाद भागे डीसीएम चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसा इतना भयावह था कि छोटा हाथी वाहन के परखच्चे उड़ गए और स्टेयरिंग में वाहन चैक कर रहे मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई।

यहां बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के चंदपुरा गांव निवासी नसरुद्दीन ( 25) पुत्र अल्लामैहर नगर के टुइयॉ गैराज पर गाड़ियां संभालने का कार्य किया करता था। सोमवार दोपहर के वक्त उसने शक्ति इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की खराब गाड़ी छोटा हाथी को ठीक किया। जिसके बाद मिस्त्री ट्राई लेने के लिए एम.एफ. हाईवे पर बदायूं की ओर निकला कि हत्सा गांव के निकट हादसे की चपेट में आ गया।

सूचना के बाद कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे पर मौजूद लोगों की भीड़ की जुबां पर बस यह ही सुना जा सकता कि वक्त के आगे सभी नतमस्तक है। गाड़ी मिस्त्री को शायद काल पुकार रहा था। उसे क्या पता था कि जिस गाड़ी को वो ठीक कर ट्राई लेने निकलेगा वही उसका काल बन जाएगी।

## मृतक पेंशनरों के परिजनों को पेंशनर की मृत्यु के बारे में कोषागार में देनी होगी सूचना

शावेज अहमद रामपुर।जिले के कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों के परिजनों के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार के स्तर से दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

उन्होंने बताया कि पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार को नहीं दी जाती है जिसके परिणाम स्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है और काफी समय बीतने के बाद जब पेंशनर की मृत्यु की जानकारी मिलती है तक पेंशन रोककर मृत्यु उपरान्त किए गए भुगतान की वसूली से जुड़ी कार्यवाही करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि पेंशनर की मृत्यु के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोषागार को सूचना देना परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। अनियमित भुगतान की धनराशि अनधिकृत है जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से या भू-राजस्व के बकाए के रूप में वसूल किए जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## मुख्य मंत्री के निर्देश पर जिले के 12 ग्रामों में होगी चकबंदी

शावेज अहमद रामपुर।मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जनपद के 12 ग्रामों में चकबन्दी कराने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। बन्दोबस्त अधिकारी चकन्बदी संजय कुमार ने बताया कि चकबन्दी आयुक्त द्वारा तहसील टाण्डा के ग्राम चक रफतपुर, दर्शनपुर, भटपुरा एवं तहसील शाहबाद के ग्राम मडैय्यान झाऊ, भजनपुर, मझरा, मौहम्मद नगर तथा तहसील बिलासपुर के ग्राम रफतपुर, बेरखेड़ा, गदईया नसीमगंज, सरवर नगर तथा तहसील स्वार के ग्राम रूस्तमनगर निकट छप्परा को चकबन्दी प्रक्रियाओं में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में चकबन्दी लेखपाल प्रेमशंकर को तहसील टाण्डा व स्वार, सुमन कान्त गौतम को तहसील बिलासपुर एवं रामसिंह को तहसील शाहबाद के ग्रामों के अभिलेख प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया गया है।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि सभी ग्रामों में शीघ्र ही चकबन्दी प्रक्रियाएं प्रारम्भ कर दी जायेगी। चकबन्दी प्रक्रियाओं में सर्वप्रथम खेतों की नाप करते हुए अभिलेखों को दुरुस्त किया जाएगा। चकबन्दी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने हेतु इन ग्रामों से सम्बन्धित सभी कृषकों की बैठक शीघ्र ही ग्राम में करते हुए चकबन्दी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया जायेगा। चकबन्दी कार्यों को चकबन्दी समिति व कृषकों के सहयोग से आपसी सहमति के आधार पर पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा।

## 27 सितम्बर को सैदनगर में आयोजित होगा रोजगार मेला, विभिन्न कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

शावेज अहमद रामपुर।प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र एवं आंकाक्षात्मक विकास खण्ड सैदनगर में रोजगार मेले लगाए जाने के निर्देश दिए गए है, जिसमें जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई सैदनगर के प्रागंण में 27 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 05 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें-मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, ऑपरेटर ट्रेनी, एवं युवा शक्ति फाउन्डेशन द्वारा रूद्रपुर में आ-ईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवकों के लिए अप्रेंटिस हेतु फिटर व इलैक्ट्रीशियन पदों हेतु भर्ती करेंगी। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा, जिसमें हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण, फिटर, इलेक्ट्रीशियन तथा योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा बॉयोडाटा लेकर उपस्थित हो तथा सेवायोजन पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन कराएं। बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी, पासवर्ड से रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली किन्हीं दो कम्पनियों में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है।

# बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद खाद्यान्न न दिये जाने पर शासन ने जारी किए कार्यवाही के निर्देश

**समाज जागरण**

शावेज अहमद रामपुर।जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि शासन स्तर से संज्ञान लिया गया है कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो नियमानुसार उचित नहीं है।

अपर आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों पर जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वह ई-पॉस पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय ही लाभार्थियों को उनके अनुमन्य के अनुरूप खाद्यान्न का वितरण करें। जनपद के समस्त राशन कार्डधारक भी ई-पॉस बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण करते हुए तत्समय ही अपने राशनकार्ड का अनुमन्य खाद्यान्न नियमानुसार उचित दर विक्रेता से प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि यदि बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरन्त खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है तो उन उचित दर विक्रेताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगा।

# तीन शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 25 सितंबर 2023 अंबा थाना की पुलिस ने सोमवार की सुबह नौ बजे नशे में धुत तीन शराबियों को गिरफ्तार किया। शराबी की पहचान घेउरा गांव निवासी सुरेश मेहता के रूप में हुई है। इसे पु.स.अ.नी. बलराम पासवान ने अंबा चौक से गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्यवाही में प्रभारी थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने सोमवार की सुबह नौ बजे सरातू गांव निवासी विनय ठाकुर एवं परसावां बिगहा निवासी विकास कुमार को देवची बिगहा मोड़ से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराबियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नहर से वृद्धा की लाश बरामद

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 25 सितंबर 2023 :- तमसी गेट के समीप बसडीहा वितरणी कैनाल में वृद्धा की लाश मिलने से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग उक्त स्थल पर इकट्ठा होने लगे। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर कुटुंबा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना सोमवार की दोपहर 12:40 बजे की है। मृतिका की पहचान ग्राम



पंचायत वर्मा अंतर्गत बिशनपुर गांव निवासी 80 वर्षीय लक्ष्मीनिया कुंवर के रूप में हुई है। मृतिका के पुत्र कृपाल राम ने बताया कि उनकी मां मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। वह रविवार की शाम तीन बजे घर से बाहर चली गई थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर हम लोगों ने खोजबीन किया परंतु उनका पता नहीं चल पाया। जब पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए फोटो मुखिया के पास भेजा तब हमें घटना की जानकारी मिली। पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ ने आधार केन्द्र का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा ब्लॉक कैम्पस स्थित आधार सेवा केन्द्र का बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने सोमवार को निरीक्षण किया। बताया जाता है कि आधार सेवा केन्द्र के संचालक का मनमानी रवैया को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की थी। जिसे लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी आधार सेवा केन्द्र पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र संचालक सुरेंद्र कुमार व पवन कुमार को सरकारी निर्देश के अनुसार कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधार सेवा से संबंधित शुल्क का सार्वजनिक बोर्ड लगाने, कमरा के अंदर लाइट लगाने का निर्देश दिया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा आम जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हो जिसे लेकर समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। वर्तमान समय में बच्चा हो या बुजुर्ग सभी को आधार जरूरी है।

## लौह पुरुष पटेल की जयंती को लेकर हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा बाजार के मालती उत्सव हांल में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के जयंती मनाने की तैयारी को लेकर पटेल सेवा संघ के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने



किया। अगामी 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के जयंती मनाने पर विस्तार से चर्चा करते हुए संघ के सचिव बिन्देश्वर सिंह, हृदयानंद सिंह,आनंद कुमार सिंह, रिटायर्ड फौजी बिन्देश्वरी सिंह ने जयंती कार्यक्रम में राज्य स्तरीय नेताओं को आमंत्रित करने का विचार रखा। कहा पिछले वर्ष कोरोना जैसे संक्रमण को देखते हुए सादे समारोह में जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इस वर्ष लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती धुम-धाम से मनाया जाय। जयंती कार्यक्रम ऐतिहासिक हो जिसे लेकर 30 सितंबर को विशेष बैठक बुलाई गई है। जिसमें जयंती मनाने की अंतिम रूप रेखा तैयार किया जाएगा। जयराम सिंह,राजबल्लभ पटेल ने अपना - अपना तैयारी संबंधी बातें रखा।

## मां काली पूजा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा हाईस्कूल के बड़ी खेल मैदान में मां काली पूजा की तैयारी को लेकर गोर्वधन पहाड़ के परिसर में सोमवार को पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा बैठक की गई। जिसमें वैदिक विधान से मां काली की प्रतिमा रखने , सनातन धर्म के अनुसार पूजा करने, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने सहित प्रसाद



वितरण व आगुंतकों को सम्मानित करने से संबंधित विचार विमर्श किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष राजू कुमार, उपाध्यक्ष राजू प्रसाद, सचिव शंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, उप कोषाध्यक्ष संजीत कुमार यादव सहित पूजा समिति के सभी सदस्यों ने मां काली पूजा के आयोजन को लेकर विस्तार से विचार रखा। पूजा समिति के सदस्यों ने कहा सनातन धर्म के प्रति लोगों में अटूट आस्था है।मां काली की शक्ति अपरंपार है। शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र के समय मां काली की पूजा हसपुरा प्रखंड में और कहीं नहीं होता है। जिसे लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा व उनकी अराधना के लिए उमड़ पड़ती है।

## जन वितरण प्रणाली संघ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की पहली पुण्य तिथि मनाई गई।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय के उपहारा रोड स्थित तुलसी बिगहा गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा सोमवार को समाजसेवी सह डीलर संघ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व सूर्यदेव यादव के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई है। राजद जिला मजदूर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय यादव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए दो मिनट का मौन धारण कर नमन किया है।इस मौके पर जन्माष्टमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष सह शिक्षक दीपक कुमार दिनकर , कोषाध्यक्ष नवलेश यादव , व्यवस्थापक विनोद यादव , संगठन सचिव धर्मेंद्र कुमार , विकास यादव , गुड्डू यादव , वार्ड सदस्य शैलेश यादव , सुभाष यादव ,पीयूष कुमार सहित कई लोगो ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया है।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती समारोह.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- गया जिला के टेकारी स्थित नेहरू युवा केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह इंटेलिजेंस कोचिंग सेंटर, बहेलिया बिगहा, में मनाया गया. बताते चलें कि सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया. वही आयोजक मंडली कार्यक्रम में भाग लेने आए मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सह लेखक हिमांशु शेखर एवं शिक्षाविद अक्षय कुमार को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हिमांशु शेखर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बचपन से ही एक क्रांतिकारी विचार के थे, एवं गरीबी में जीवन यापन करते हुए भी अंग्रेजों द्वारा दिए गए नौकरी को ठोकर मार दिया. उन्होंने राष्ट्र गौरव में ही निज गौरव की महत्ता को स्थापित किया. वे आजादी




के बाद कांग्रेस की नीतियों के विरोध में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ की स्थापना किया, एवं लोकतंत्र में विपक्ष की सकारात्मक भूमिका का निर्वहन किया.वे सरकार के सही कार्यों का खुले मन से समर्थन किया, लेकिन उनके गलत नीतियों का विरोध करते थे.उनका लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचना था. उन्होंने राजनीति में उच्च आदर्शों को स्थापित किया. हिमांशु शेखर में कहा कि, आज उत्तर प्रदेश और केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है अपने आप को दीनदयाल के अनुयायी बताने वाले लोग भी उनकी हत्या के रहस्य को नहीं सुलझा सके है.उन्होंने सरकार से दीनदयाल उपाध्याय की हत्या के रहस्य से पर्दा उठाने की मांग किया है. इस कार्यक्रम में सौरव शर्मा ,क्षितिज कुमार , गौरव कुमार,गौरव चंद्रवंशी सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे .

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के तत्वाधान में मिलन सह अभिनंदन समारोह का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- शहर के बिसार तालाब स्थित एक निजी होटल में देर शाम अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के तत्वाधान में मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अभाकम के जिलाध्यक्ष सह पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है. जबकि मंच संचालन युवा महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा व राजेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया . वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभाकम के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनीष आनन्द एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार भाग लिए . सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हम सभी चित्रांश एकजुटता के साथ भाईचारा बढ़ती है.आज इस मिलन और अभिनंदन समारोह में संगठनात्मक मजबूती पर भी बल दिया गया है. संगठन और समाज को आगे बढ़ाने के लिए कई पदाधिकारी को महत्वपूर्ण पद देकर जिम्मा सौंपा गया है. ताकि हमारे संगठन और समाज मजबूत हो. उन्होंने कहा कि राजनीति में भी जितनी आबादी उतनी भागीदारी भी मिलना चाहिए. इसलिए समाज और संगठन को मजबूत आपसी भाईचारा से मिल सकता है. एकजुटता ही हमारी पहचान है. इसलिए इसे बरकरार रखे.

इस मौके पर प्रो. रंजीत वर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश वर्मा, जिला युवा अध्यक्ष विष्णु कुमार सिन्हा, युवा महामंत्री अमित कुमार सिन्हा, राजीव



कुमार, विकास रंजन दफ़्तुआर, डॉ. मनोज कुमार, उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिन्हा, जिला महानगर अध्यक्ष गौरव सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, राजेश सहाय, नवीन बिहारी उर्फ झुन्नू जी, महिला जिलाध्यक्ष रीता रानी, मीना सिन्हा, सुनीता सिन्हा, विपिन सिन्हा, विशाल कुमार सिन्हा, आनन्द प्रकाश, पिंटू सिन्हा, विशाल रंजन दफ़्तुआर, अभिषेक भोलू, विभूति भूषण आदि मौजूद थे.

# नबीनगर मे 19 केंद्रों पर हुई बुनियादी साक्षरता परीक्षा 2098 नवसाक्षर हुए शामिल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड मे दलित,महादलित अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत रविवार 24 सितंबर को आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा मे विभिन्न केंद्रों पर 2098 नवसाक्षर महिलाएं शामिल हुई। अक्षर आंचल योजना से जुड़े केआरपी नबीनगर राजकुमारी ने बताया कि नबीनगर प्रखंड में बुनियादी साक्षरता परीक्षा के लिए 19 केंद्र बनाया गया था और परीक्षा 10 बजे से 4 बजे तक ली गई। राजकुमारी ने बताया गया कि इस परीक्षा मे सफल परीक्षार्थी को शिक्षा विभाग के जन शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बहुत से केंद्रो का अनुश्रवण भी किया गया। केआरपी द्वारा बताया गया कि परीक्षा केंद्र कन्या मध्य विद्यालय नबीनगर



मे 137, मध्य विद्यालय नबीनगर मे93,मध्य विद्यालय काला पहाड़ तेंदुआ मे 314, मध्य विद्यालय रामनगर मे 123, मध्य विद्यालय मोहर कर्म में 114,मध्य विद्यालय माली मे 133, मध्य विद्यालय चरण मे 92, मध्य विद्यालय फुलडीहा मे 77, मध्य विद्यालय बड़ेम मे 140, मध्य विद्यालय बैरिया मे 89, मध्य विद्यालय बसडीहा मे 131, मध्य विद्यालय शिवपुर मे 61, मध्य विद्यालय राजपुर मे 104, मध्य विद्यालय नाउर मे 126, मध्य विद्यालय सूरार मे 72, मध्य विद्यालय सिंहपुर में 41, मध्य विद्यालय तोल मे 40, मध्य विद्यालय टंडवा मे 78,मध्य विद्यालय बेला मे 137 नवसाक्षर महिलाएं बुनियादी साक्षरता परीक्षा मे शामिल हुई।

# टंडवा मंडल मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पंडित दिन दयाल उपाध्याय की जयंती

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 25 सितंबर 2023 औरंगबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के टंडवा मे आज भाजपा टंडवा मंडल इकाई द्वारा पंडित दिन दयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । टंडवा मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित दिन दयाल उपाध्याय की जयंती समारोह पूर्वक टंडवा बाजार मे मनाया गया और मिठाईयां भी बांटी गई।इस अवसर पर पंडित दिन दयाल उपाध्याय की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो द्वारा पंडित दिन दयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला गया



कार्यक्रम मे भाजपा टंडवा मंडल के महामंत्री संजय कुमार,लक्ष्मण बारी , गुप्तेश्वर तिवारी,बल्केश्वर सिंह,भोला ,चंदन ठाकुर,धर्मेंद्र तिवारी, सुनील चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकपा माले ने किया विद्युत विभाग के समक्ष प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 25 सितम्बर**

भाकपा-माले की जयनगर इकाई ने विधुत विभाग जयनगर कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग जयनगर के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में जयनगर राजपूताना टोला से निकाला गया जुलुस मेन रोड युनियन टोला होते हुए विधुत विभाग कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग के समक्ष प्रदर्शने में तब्दील किया गया। स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि सहायक अभियंता बरुण कुमार के जनविरोधी नीतियों और कर्तव्यहीन व्यवहार के कारण विधुत विभाग से जुड़े जन समस्याएँ में जबर्दस्त वृद्धि हुआ है। जिसका भाकपा झमाले जयनगर तीव्र निंदा करती और शहरी एवं देवधा , रजौली ,बैरा , बरही, दुल्लीपट्टी , डोरवार, कोरहिया, सेलरा, पड़वा बेल्ही , बेल्ही पश्चिमि, बेल्ही पूर्वी, बेल्ही




दक्षिणी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित विधुत आपूर्ति मुहैया करने,कृषि उपयोग तथा घरेलू उपयोग हेतु 200 युनिट विधुत मुफ्ते मुहैया करने,शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक महिना मीटर रिडींग कराना, जनविरोधी व कर्तव्यहीन सहायक अभियंता बरुण कुमार को जयनगर से स्थानान्तरण करने, विधुत मिस्त्री की संख्या बढ़ाने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जर्जर विधुत तार को बदलें, विधुत कनेक्शन लेने वाले लोगों को एक सप्ताह के अंदर कनेक्शन लगाना सुनिश्चित करने, विना स्मार्ट व्यवस्थो के ही स्मार्ट विधुत मीटर जबरने लगाने पर रोक लगाने 11 सूत्री मांग पत्र कार्यपालक अभियंता रमण कुमार को समर्पित किया।

# भाजपा टेकारी दक्षिणी मंडल के तत्वाधान में नोनी पंचायत के फेनागी में मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- भारतीय जनता पार्टी टिकारी दक्षिणी मंडल के तत्वाधान में अंत्योदय व एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी महान विचारक और हमारे पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम नोनी पंचायत अंतर्गत ग्राम फेनागी में में धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की आगाज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया. मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान व महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र ने उनके जीवनी, व्यक्तित्व व कृतित्व पर बारिकी रूप से चर्चा किया. उन्होंने आगे कहा कि विकास कार्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे हमारे प्रणेता की सोच था. जो आज हमारे आजाद भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी कर रहे है. उन्होंने आगे कहा कि कैंप लगाकर आयुष्यवान



कार्ड, स्वच्छता अभियान आदि कार्य करने की बात टोली बनाकर मंदिर सार्वजनिक जगहों पर करने की बात कही गई.इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान, मंडल महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र, मत्तसवजीवि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छोटन केवट, नोनी पंचायत के उपमुखिया श्रीमती ललिता देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मुक्तार अंसारी उर्फ गुड्डू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामदास सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अनिल पासवान, शक्ति केंद्र प्रमुख नोनी सतीश ठाकुर, शक्ति केंद्र प्रमुख आमकुमा मृगेंद्र सिंह, ग्रामीण में परमेश्वर केवट, बूथ अध्यक्ष सुदर्शन मांझी,, बूथ अध्यक्ष रामबहाल केवट, मनुलाल केवट, बालेशर केवट सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.जयंती समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान व संचालन मंडल महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र ने किया.

# पितृपक्ष मेला में देश- विदेश से आए श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान निर्धारित किराए तालिका के अनुसार ही वसूल करे- जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया ( बिहार )- पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों से यातायात करने के दौरान निर्धारित किराए तालिका के अनुसार ही वसूल करें. उक्त बातें गया के जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम ने ऑटो चलाको के साथ बैठक के दौरान कहीं . उन्होंने आगे कहा कि देश - विदेश से आये तीर्थ यात्रियों के साथ विभिन्न ऑटो चालक, बस चालक, ई रिक्शा चालक अपने मधुर भाषा का प्रयोग करें. तीर्थ यात्राओं के साथ कुशल व्यवहार करें.निर्धारित क्षेत्रवार जो रेट तय किया गया है इस रेट के आधार पर यात्रियों से पैसा ले. उन्हें हर संभव सहायता करें ताकि वह एक अच्छी छवि लेकर अपने घर वापस लौटे.इसी परिप्रेक्ष्य में आज जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हरिदास सेमिनरी विद्यालय के सटे बगल में शिक्षा विभाग के परीक्षा भवन में सभी ऑटो संगठन/ बस एसोसिएशन एवं ई रिक्शा संगठन के कुल लगभग 350 की संख्या में ड्राइवर के साथ बैठक की गई एवं उन्हें पितृपक्ष मेला के दौरान कैसे क्या-क्या काम करना है, इसके बारे में पूरी विस्तार से उन्हें अवगत कराया गया. चालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि सभी चालक अपने आईडी कार्ड पहनकर काम करें. जो रेट चार्ट दिया गया है उसी



का पूरी अच्छी तरीके से पालन करें. यातायात नियमों का पूरा पालन करें.सभी चालक अपना पहचान पत्र को साथ रखें. पितृपक्ष के दौरान जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग करें. देश विदेश से आने वाले सभी पर्यटक श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार रखें. पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहन को पार्क करें.वाहनों को कतारबद्ध परिचालन करें.वाहनों का ओवरटेक से बचे.श्रद्धालुओं से रेट चार्ट में दशार्ये गए भाड़ा से ज्यादा नहीं वसूल करे.प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस उपाधीक्षक भी उपस्थित थे.

# अनंदुआ मोड़ के समीप से अवैध बालु लदा ट्रैक्टर जब्त चालक फरार




**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 25 सितंबर 2023 नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड नंबर 13 के अनंदुआ मोड़ के समीप से पुलिस गश्ती के दौरान अवैध बालु लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।पुलिस गश्ती दल मे शामिल ए एस आई तारकेश्वर तिवारी एवम टीम द्वारा अनंदुआ मोड़ के पास से बालू लदा महिंद्रा ट्रैक्टर को जप्त किया गया।पुलिस को आते देख चालक मौके से भाग निकला।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बालु लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले मे खनन विभाग को सूचना करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा ने मनाया नबीनगर मे पंडित दिन दयाल उपाध्याय की जयंती

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 25 सितंबर 2023 नबीनगर मे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुरूआत सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश सिंह एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उमेश सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की चिंता करने वाले नेता थे ।आज भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के पद चिन्ह पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों को साकार कर रहे हैं। आज देश में अंतिम पायदान पर खड़े जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के लिए सच्ची श्रद्धांजलि



है। भाजपा नेताओं ने कहा कि हमारी पार्टी स्थापना कल से ही वोट बैंक के राजनीति ना करते हुए देश के विकास में विश्वास रखती हैं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारी सरकार का मूल मंत्र है।

इस कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह ,समरेंद्र सिंह, अनुरोध सिंह, जितेंद्र सिंह, सिंटू कुमार ,रामकुमार ,सत्यदेव ,अनिल सिंह, नागेश्वर राम ,सुरेश सोनी, अरविंद सिंह, सुनील सिंह, नागेश्वर सिंह ,गोरख सिंह ,सोमनाथ तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नितिन गडकरी ने सभी हितधारकों से आगे आने और वाहन स्क्रैपिंग नीति का समर्थन करने की अपील करते हुए इसे सभी के लिए लाभदायक बताया

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने सभी हितधारकों से आगे आने और वाहन स्क्रैपिंग नीति का समर्थन करने की अपील की है। आज नई दिल्ली में एक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने इसे सभी के लिए लाभदायक स्थिति बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने वाहनों के लिए लगातार मांग का सृजन करने के लिए कई प्रकार की पहल की है जिनमें राजमार्गों के विश्व स्तरीय नेटवर्क का निर्माण, बसों का विद्युतीकरण और वाहनों की अनिवार्य ऑटोमेटेड फिटनेस जांच शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑटो ओईएम को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए और देश को विश्व में सबसे बड़ा ऑटो उद्योग बनाने में सहायता करनी चहिए। श्री गडकरी ने जोर देकर कहा कि चूंकि ऑटो उद्योग इस नीति का सबसे बड़ा लाभार्थी है, उन्हें अवश्य आगे आना चाहिए और ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं (आरवीएसएफ) की स्थापना करने में अधिक निवेश करने, अपने डीलर नेटवर्क के माध्यम से नीतिगत लाभों के बारे में नागरिकों के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने तथा वाहनों को स्क्रैप करने पर नागरिकों द्वारा प्राप्त जमा प्रमाणपत्र के विरुद्ध अंतिम छूट प्रतिशत के तीन बिंदुओं पर समर्थन दिया जाना चाहिए।

सचिव श्री अनुराग जैन ने देश भर में ऑटो उद्योग को स्क्रैप केंद्रों और ऑटोमेटेड जांच केंद्रों की स्थापना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस बात पर जोर दिया गया कि वाहन स्क्रैपिंग नीति से ऑटो की बिक्री में लगभग 8 प्रतिशत वृद्धि होने तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 0.5 प्रतिशत का योगदान प्राप्त होने की उम्मीद है और इसलिए ऑटो ओईएम को इस नीति को निश्चित रूप से निर्बाधित समर्थन देना चाहिए।

इस हितधारक परामर्श बैठक का उद्देश्य पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं (आरवीएसएफ) और स्वचालित जांच केंद्रों (एटीएस) के वाहन स्क्रैपिंग बुनियादी ढांचे में निवेश के रूप में वाहन स्क्रैपिंग नीति के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ऑटोमोबाइल उद्योग से समर्थन प्राप्त करना, नागरिकों के बीच जागरुकता पैदा करना और आरवीएसएफ में वाहनों को स्क्रैप करने के लिए वाहन मालिकों को छूट प्रदान करना शामिल है। इस कार्यक्रम में, सभी प्रमुख ऑटोमोटिव ओईएम (टाटा, महिन्द्रा, मारूति, किया, ह्यूंडई आदि), ऑटो डीलरों तथा यूज्ड कार एग्रेगेटर्स (कार देखो, कार्स 24 सहित) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और वाहन स्क्रैपिंग नीति के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए आवश्यक चुनौतियों तथा कार्रवाइयों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।

अपर सचिव श्री महमूद अहमद ने गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के सहभागियों का स्वागत किया तथा वी-वीएमपी के प्रमुख लाभों को रेखांकित किया। इसके बाद निदेशक श्री परेश गोयल द्वारा वी-वीएमपी की स्थिति तथा ऑटो उद्योग से अपेक्षित सहायता पर एक प्रस्तुति दी गई। सियाम ने भी इस नीति के माध्यम से नागरिकों के लिए प्रोत्साहन पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सभी अन्य ऑटो उद्योग हितधारकों द्वारा अच्छे इनपुट प्रदान किए गए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 2021 में वॉलेंटरी वेहिकल - फ्लीट मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (वाहन स्क्रैपिंग नीति) लांच किया था। इस नीति का उद्देश्य पुराने, असुरक्षित, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और उनके स्थान पर नए, सुरक्षित तथा ईंधन - कुशल वाहनों को लाने के लिए एक इकोसिस्टम का निर्माण करना है।

# गोपीबल्लभपुर : गौ तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

गोपीबल्लभपुर थाने की पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान गौ तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया, गिरफ्तार युवक का नाम अभिजीत बेरा है। जो बेलियाबेड़ा थाना क्षेत्र के चोरचिता गांव का रहने वाला है।पता चला है कि वह दूसरे राज्यों से गायें लाकर अलग-अलग इलाकों में तस्करी करता था।उसके पिकअप वैन से 6 गायें बरामद की गईं। इनमें से एक गाय मृत पायी गयी। पुलिस के मुताबिक पिछले दो साल में करीब 440 गायें तस्करी के दौरान बरामद की गई हैं। अंतरराज्यीय गौ-तस्करी गिरोह के कई सदस्यों सहित 82 लोगों को गिरफ्तार किया गया।संयोग से, गाय की तस्करी वर्तमान में राज्य की राजनीति में एक मुद्दा बना हुआ है । गाय तस्करी को रोकने के लिए



मुर्शिदाबाद समेत विभिन्न जिलों में भी निगरानी कड़ी कर दी गई है। नतीजतन, तस्कर ज्ञात मार्गों का उपयोग करने में असमर्थ हैं। हालांकि, कई बार झारखंड और ओडिशा राज्य के तस्कर झाड़ग्राम जिले को रूट के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। क्योंकि ये दोनों राज्य इस जिले से सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुडी हुई हैं। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, गौ तस्करी को रोकने के लिए जिले में नाका चेकिंग की संख्या दोगुनी कर दी गई है। केवल झाड़ग्राम जिले में 2022 में गौ तस्करी के 13 मामले दर्ज किये गये थे।गौ तस्करी के आरोप में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 241 गायें बरामद की गईं थी। इस साल अब तक 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। 200 गायों को बचाया गया। वहीं, 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अन्तर्गत लाभुकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र एवं ऋण वितरण पत्र का किया गया वितरण

**राहुल, दैनिक समाज जगरण किशनगंज**

जिला परिषद सभागार में डीएम श्रीकांत शास्त्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अन्तर्गत लाभुकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र एवं ऋण पत्र वितरित किया गया।

ऋण वितरण शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकरी किशनगंज के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक उपस्थित थे । इसके साथ ही जिले मे अवस्थित सभी बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र, किशनगंज के द्वारा किया गया। जिला पदाधिकरी श्रीकांत शास्त्री ने अपने सम्बोधन में सभी लाभुको से अच्छा उद्यमी एवं कुशल नियोक्ता बनने की सलाह दी गई। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियो एवं क्षेत्रीय प्रबंधक से जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य को माह अक्टूबर तक प्राप्त कर लेने का अनुरोध किया है। सभा का संचालन श्री अनिल कुमार रत्न उद्योग विस्तार पदाधिकरी के द्वारा किया गया।



मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र किशनगंज एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस शिविर में 75 लोगों को प्रसांगिक योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत तथा ऋण वितरित किया गया। ऋण पाते ही लाभुको के चेहरे पर अभूतपूर्व प्रसन्नता दिखी और एक अच्छा उद्यमी बनने का संकल्प लाभुको ने लिया।

# जन संवाद बैठक : जिला प्रशासन द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

- **स्थानियों द्वारा 1965 में निर्मित गलगलिया रेल गेट से चेक पोस्ट तक की सड़क की चौड़ीकरण की गई माँग**
- **कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक कल्याणकारी योजनाओं जानकारी आम जनों तक पहुंचना - ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री**
- **भातगाँव में जल नल योजना का लाभ मिले सुचारू रूप से - स्थानीय राहुल राय**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज)। किशनगंज ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को भातगांव पंचायत के गलगलिया में जनसंवाद बैठक आयोजित की गई । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने तथा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना रही ।बैठक का शुभारंभ ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं एसपी डॉ इनामुल हक मेग्नू ने दीप प्रज्वलित करके किया । वहीं ठाकुरगंज बीडीओ सुमित कुमार व एसपी को दल्लेगांव पंचायत की मुखिया सोहरा नाहिद ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया ।

अपने संबोधन में ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा की इस जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है की सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचे । आप सभी हमें जाने और आपको हम जाने । सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजना जो आपके पंचायत में चल रही है उसके बारे में आप हमें बताएं और इस बीच किसी योजना का लाभ आप सभी को नहीं मिल रहा है तो उस विषय वस्तु को आप इस जनसंवाद कार्यक्रम के तहत रख सकते हैं । मद्देनजर जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गलगलिया के स्थानीय राहुल राय ने जिलाधिकारी किशनगंज का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि 1965 में निर्मित गलगलिया रेल गेट से चेक पोस्ट तक सड़क जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है । आज तक उक्त सड़क उसी हाल में है । उक्त सड़क पर बड़े-बड़े वाहनों का दवाब बढ़ गया है । चुकी प्रतिदिन सैकडों की संख्या में बड़े-बड़े वाहन इन फैक्टरियों के लिए कच्चे माल लेकर आते एवं तैयार प्रोडक्ट को लेकर जाते हैं । साथ ही यह सड़क गलगलिया से अन्य जगहों को जाने के अलावे नेपाल जाने के लिए भी मुख्य सड़क है । ज्ञात हो कि गलगलिया से विभिन्न जगहों जैसे सिलीगुड़ी, ठाकुरगंज, किशनगंज, पूर्णियां, पोवाखाली, बहादुरगंज, अररिया आदि जगहों के जाने वाली बस, मैजिक, टेम्पू आदि इसी सड़क से होकर प्रतिदिन गुजरती है । परिणामस्वरूप सिंगल सड़क होने के कारण दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है । सिंगल सड़क होने के वाहनों को सड़क से कच्ची पर उतारना पड़ता है जिससे किसी भी समय कोई दुर्घटना घट सकती है लेकिन शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है । उक्त फैक्ट्रियों के स्थापना के लगभग एक दशक बाद भी उक्त सड़क के चौड़ीकरण करने की दिशा में पहल नहीं की गई ताकि जाम की स्थिति ना बने एवं मात्र तीन किलोमीटर की दूरी तय करने में वाहनों को लगने वाले अधिक समय की बचत हो सके । बताते चले कि बताते चले कि गलगलिया के इंडो-नेपाल सीमा से मद्यनिषेध चेक पोस्ट के पास एन एच 327 से जुड़ने वाली इस सड़क की कुल लंबाई लगभग 3 किलोमीटर के आस-पास है । उन्होंने बताया कि यह सड़क गलगलिया के अंतरराष्ट्रीय सीमा नेपाल से भी जुड़ने के कारण काफी महत्वपूर्ण है । वहीं उन्होंने राहगीरों के सुविधाओं के मद्देनजर नेपाल व गलगलिया के लिंक सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने, भातगाँव पंचायत अंतर्गत नल जल योजना को सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु जिला प्रशासन से गुहार लगाते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा ।

# जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में आज मनाया जायेगा विश्व गर्भ निरोधक दिवस

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

मंगलवार 26 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा विश्व गर्भनिरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में प्रत्येक साल की भांति इस साल 26 सितंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व गर्भनिरोधक दिवस (वर्ल्ड कंट्रासेप्शन डे) का आयोजन किया जाएगा । सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को गर्भनिरोधक के बारे में जागरूक करना होता है। भारत के अलावा कई देशों में गर्भनिरोधक के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विशेष जानकारी दी जाती है। विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाने का उद्देश्य वर्तमान में युवा पीढ़ी को यौन जागरूक बनाने के लिए किया जाता है। लोगों को समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन कर इस विषय में जानकारी दी जाती है।इस कार्यक्रम में लोगों को गर्भधारण के बचाव के बारे में बताया जाता है। गर्भनिरोधक का महत्व व गर्भनिरोधक तरीकों के बारे में विश्वसनीय जानकारी सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए डब्ल्यूसीडी का प्रारंभिक लक्ष्य अवांछित गर्भधारण को रोकने में विभिन्न गर्भनिरोधक तरीकों की क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अनपेक्षित गर्भधारण की रोकथाम मातृ स्वास्थ्य और मृत्यु की घटनाओं को कम करने, किशोर और अधिक उम्र के गर्भधारण में देरी करने, बच्चों के बीच अंतर रखने और यहां तक की सिफलिस , गोनोरिया, एड्स या एचआईवी जैसे यौन संचारित रोगों के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा, अनपेक्षित गर्भधारण की दर को कम करके, गर्भनिरोधक असुरक्षित गर्भपात की आवश्यकता को भी काफी कम कर देता है।

अस्पतालों में स्थापित परिवार नियोजन परामर्श कक्ष के माध्यम से दी जाती है उचित सलाहः सिविल सर्जन

--सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि बेहतर मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन के विभिन्न तरह के उपायों के संबंध में योग्य दम्पतियों को जानकारी दी जाती है। इच्छानुसार गर्भनिरोधक के उपायों को लेकर जागरूक किया जाता है। परिवार नियोजन सेवाओं की स्वीकार्यता तथा अधिक से अधिक लोगों द्वारा इसे अपनाने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों यथा- प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार नियोजन दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें अधिक से अधिक महिलाओं, माताओं एवं अभिभावकों को इसकी उपयोगिता को लेकर जागरूक किया जाता है। विभिन्न अस्पतालों में स्थापित परिवार नियोजन परामर्श कक्ष को पूरी तरह से सुसज्जित करने एवं आने वाले योग्य दम्पतियों की मौलिक सुविधाओं यथा- शुद्ध पेयजल, पंखा, बैठने की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाती है।


लाभार्थियों में परिवार नियोजन के प्रति आई जागरूकताः

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमारे ने बताया कि अस्पताल में आने वाले सभी योग्य लाभार्थियों एवं परिजनों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता आई है। इसके पहले भी उनलोगों को इसकी जानकारी थी, लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि किस स्थिति में कौन से उपाये को अपनाया जाए। परिवार नियोजन से संबंधित परामर्श केंद्र के माध्यम से योग्य लाभार्थियों एवं अभिभावकों को इस संबंध में पूरी जानकारी दी जाती है। ताकि जनसंख्या वृद्धि को रोकने में स्वास्थ्य विभाग एवं जिलेवासियों की भूमिका को राज्यस्तर पर लाया जा सके।

# राष्ट्रपति पुरस्कार आवेदन के लिए अब शिक्षकों की सेवावधि न्यूनतम दस वर्ष आवश्यक

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

5 सितंबर को प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रपति पुरस्कार के रूप में शिक्षकों को 50 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उन्हीं शिक्षकों को राज्य सरकार के द्वारा भी 30 हजार रुपए की राशि का चेक सम्मान स्वरूप दिया जाता है जबकि, राजकीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को 15 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। बिहार के शिक्षकों को अधिक से अधिक इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज पर एक्सक्लूसिव टॉक शो 'सवाल आपके,जवाब हमारे' का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता अनिल कुमार सिंह (2023), कुमारी गुड्डी (2023), द्विजेंद्र कुमार (2023), सौरव सुमन (2022), हरिदास शर्मा (2021) एवं पप्पू हरिजन (2019) शामिल हुए। कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों के सवालों का जवाब देते हुए अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार के सभी शिक्षक चाहे वह नियमित हो या नियोजित,सभी तरह के शिक्षक (प्राथमिक,उच्च प्राथमिक, माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक)एवं प्रधानाध्यापक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में ही विभाग द्वारा यह संशोधन किया गया है कि,अगले वर्ष 2024 से केवल वही शिक्षक एवं शिक्षिका आवेदन कर सकते हैं जिनकी सेवा अवधि न्यूनतम 10 वर्ष पूर्ण होगी। राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार से अधिकतम 6 शिक्षक/शिक्षिकाओं का चयन किया जा सकता है परंतु,अभी तक किसी भी वर्ष अधिकतम शिक्षक/शिक्षिकाओं को




राष्ट्रपति पुरस्कार नहीं मिल पाया है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष जून-जुलाई महीने में विभाग के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। एक ही आवेदन से राष्ट्रपति एवं राजकीय दोनों पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। विदित हो कि स्क्रूटनी के क्रम में प्रत्येक जिले से अधिकतम 3 शिक्षकों के नाम की अनुशंसा जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा की जाती है। फिर भी, प्रत्येक जिले से शिक्षकों के द्वारा आवेदन नहीं भरा जाता है। जिसके कारण किसी-किसी जिले से एक भी शिक्षकों का चयन राजकीय पुरस्कार के लिए भी नही हो पाता है। उन्होंने कहा कि आवेदन की प्रक्रिया थोड़ी जटिल जरूर है लेकिन, उतनी भी जटिल नहीं है कि,कोई शिक्षक ठीक तरह से आवेदन भी नहीं भर पाएं।

आवेदन करने के लिए शिक्षकों को अपने शैक्षिक उपलब्धियों से संबधित दस्तावेजीकरण करना अनिवार्य होता है। इसलिए अगले वर्ष 2024 के लिए आवेदन करने के इच्छुक शिक्षक/शिक्षिका अभी से ही अपने कार्यों की दस्तावेजीकरण करते रहें।कार्यक्रम को मॉडरेट करते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े शिक्षक एवं शिक्षिका जो नियमित रूप से अपने विद्यालय में आयोजित नवाचारी गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करते रहते हैं,उनकी सुविधा के लिए बहुत जल्द ही बिहार के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का विवरण टीचर्स ऑफ बिहार के मंच पर साझा किया जाएगा,जिनसे संबधित शिक्षक व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर आवेदन के क्रम में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार एवं टीम लीडर भागलपुर जिले की शिक्षिका नम्रता मिश्रा ने किया।यह जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता सह शिक्षक( अररिया )रंजेश कुमार ने दी।

# दिघलबैंक प्रखंड में 27 सितंबर को मंगूरा पंचायत सरकार भवन में आयोजित होगा जनसंवाद कार्यक्रम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन




की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जन संवाद बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अगला जन संवाद बैठक दिघलबैंक प्रखंड में 27 सितंबर (बुधवार) को मंगूरा पंचायत के पंचायत सरकार भवन में डीएम श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# पत्नी नाराज होकर मायके चले जाने पर पति ने किया आत्महत्या

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

मोबाइल फोन को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा व मनमुटाव। पत्नी के नाराज होकर मायके चले जाने पर पति ने किया आत्महत्या। मृतक पति का नाम रघु राणा 41 वर्षीय नयाग्राम थाना के बालिगड़िया गांव निवासी है। जो पेशे से पंडाल निर्माण का कार्य करता था। रविवार सुबह उसका शव घर से करीब 6 किलोमीटर दूर एक पेड़ पर लटका मिला। इसके बाद उसे नयाग्राम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पारिवारिक व पुलिस सूत्रों के मुताबिक करीब 15 साल पहले रघु की शादी नयाग्राम थाना क्षेत्र के हाथीटॉप निवासी दुखनी राणा से हुई थी। रघु एवं दुखनी के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। पति-पत्नी के बीच बात-बात पर झगड़ा हुआ करता था। कुछ दिनों पहले मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर उनके मध्य मनमुटाव बढ़ गया। रघु ने अपनी पत्नी को फोन इस्तेमाल करने पर मना किया था। जिस कारण दुखनी नाराज होकर अपने मायके चली गई।इधर पूजा पंडाल निर्माण के दौरान दुर्घटना से रघु का हाथ टूट गया। रघु ने दुखनी को मायके से वापस आने के लिए काफी अनुरोध किया। परंतु बात नहीं बनी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक रघु रविवार सुबह घर से निकला था, स्थानीय ग्रामीणों ने पत्ते इकट्ठा करने के क्रम में रघु का पेड़ से लटका हुआ शव देखा तथा ग्रामीणों को खबर दी। शव को उतारकर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# 10 लाख रुपये की ब्राउन शुगर के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण :ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**

एसओजी और एनजेपी पुलिस ने संयुक्त अभियान चालकर 10 लाख रुपये की ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रफीकुल हक (46) है। वह राजगंज के जुम्मागछ के निवासी है।



बताया गया है कि सोमवार को गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर एसओजी और एनजेपी पुलिस ने फूलबाड़ी 1 नंबर इलाके के गोरामोड़ इलाके में अभियान चलाया और एक बाइक सवार को हिरासत में लिया। इसके बाद तलाशी के दौरान उसके पास से 300 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। जिसके बाद बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर की बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये है। ब्राउन शुगर को आमबाड़ी से सिलीगुड़ी लाया जा रहा था। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

# जामबोनी थाना एवं आबकारी विभाग ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

जिले के जामबोनी थाना एवं आबकारी विभाग द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। जामबोनी थाना अंतर्गत बघूआ, बेलिआ, दुबड़ा सीग्राम, चिल्कीगढ़, अस्ति हतिकदुआ, बकड़ा, घुटिआ, चियापाड़ा आदि ग्रामीण इलाके में छापेमारी कर 40 लीटर देशी शराब 580 लीटर फर्मेंटेड वास तथा 7 एल्युमीनियम की हांडी जप्त की गई। आबकारी विभाग के थाना प्रभारी



अंशुमन घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संदर्भ में तीन मामले दर्ज किए गए हैं हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी संग्रह किया गया

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

केंद्र सरकार का राष्ट्रीय अमृत महोत्सव को लेकर "मेरी माटी मेरा देश" के तहत सोमवार को राधानगर पंचायत के अर्जुनडाहर, दक्षिणसोल व बंदघोरा



आदि गांव से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 184 वाहिनी एवं स्थानीय लोग एकजुट होकर मोहल्ले से मिट्टी संग्रह किया गया।

# जनसंवाद बैठक में बड़ी संख्या में आमजनों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की

*ठाकुरगंज प्रखंड के भातगांव पंचायत के गलगलिया बस स्टैंड के पास स्थित सामुदायिक भवन – सह – विवाह भवन में जिला प्रशासन के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से ठाकुरगंज प्रखंड के भातगांव पंचायत के गलगलिया बस स्टैंड के पास स्थित सामुदायिक भवन - सह - विवाह भवन में जनसंवाद बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में डीएम और एसपी के आगमन पर बीडीओ ठाकुरगंज ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री,पुलिस अधीक्षक डॉ इनाम उल हक मेंगनू ,जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबी एवं उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।माननीय विधायक ठाकुरगंज ने भी बैठक में शिरकत किया।

जनसंवाद बैठक का शुभारंभ डीएम, एसपी और अन्य उपस्थित पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बिहार गीत का वादन हुआ। जन संवाद बैठक में स्थानीय लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी रही।

जनसंवाद में उपस्थित आम-आवाम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना एवम उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन पर संकल्प व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाई जा रही महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए योजनाओं की जानकारी होना भी अनिवार्य है। जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती रही है। जिलाधिकारी ने स्वयं कन्या उत्थान योजना,मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, शिक्षा,स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओ, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में बताया गया। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सिविल सर्विसेज प्रोत्साहन योजना सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चों को सिविल सर्विसेज की तैयारी करने के लिए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दिया जाता है ताकि बच्चे आईएएस आईपीएस,सिविल सर्वेंट बने और वे किसी भी क्षेत्र में पीछे ना रहे। उन्होंने यह भी बताया कि किशनगंज के कुछ गांव में पानी में आयरन की मात्रा अधिक है जिसके लिए कुछ गांव में पानी को शुद्ध करने के लिए फि ल्टर लगाए गए हैं तथा जिस गांव में अभी फिल्टर नहीं लगे हैं उस गांव में जल्द ही फिल्टर लग जाएगा। डीएम ने अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दी।

पुलिस अधीक्षक डॉ इनाम उल हक ने लोगो को संबोधित कर कहा कि सरकार की योजना जो जिले में चलाई जा रही है उसका पूरा का पूरा फायदा उठावे। आज महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। 2006 में मुख्यमंत्री साइकिल योजना लाई गई तथा 2016 में महिला को 35% आरक्षण दिया गया, इसीलिए आज पुलिस संगठन सहित हर विभाग में महिला मिलेगी।उनके द्वारा अपने पुलिस एकेडमी के पदस्थापन काल के अनुभव को साझा कर बताया गया कि जब दरोगा का प्रशिक्षण दे रहे थे तब वहां किशनगंज का मात्र एक दरोगा था।जिले को लोगो को आगे बढ़ाने पर जानकारी दी गईं।जनसंवाद बैठक को प्रशासन को गांव तक पहुंचने का माध्यम बताया।



डीडीसी स्पर्श गुप्ता ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को बतलाया। सरकार की योजनाओं से हमारे जीवन में कैसे बदलाव होता है और क्या-क्या बदलाव होता है । उन्हे द्वारा यह बताया गया बिहार का नजरिया बदला है, ग्रामीण विकास योजना की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि 99% से अधिक लोगों को आवास प्राप्त हुआ है, जिसके कारण उसके रहन-सहन में बदलाव आया है। किसी के लिए भी रोटी कपड़ा और मकान जरूरी रहता है इसी के संदर्भ में आवास मिल जाने से उसके जीवन में पूर्ण बदलाव होता है उसे आप देख सकते हैं ।

विभिन्न वीडियो क्लिप का प्रसारण कर लाभुको के विचार को दिखाया गया।वीना देवी जीविका दीदी के जीवन में आए बदलाव को उनकी जुबान में बोलते हुए वीडियो संदेश दिखाकर लोगो को प्रोत्साहित किया गया।इसी प्रकार भातडाला पोखर, बेसरबाटी तालाब पर जल जीवन हरियाली अभियान,कुपोषण पर सक्षम आंगनबाड़ी ,बकरी पालन पर परवीन खातून के सफलता की कहानी को वीडियो में दिखाया गया।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने बारी - बारी से विभागीय योजनाओं को बतलाया। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किए गए। स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने भी सुझाव रखें।

जिला परिषद अध्यक्षा और ठाकुरगंज विधानसभा विधायक साऊद आलम के द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगो को योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और लाभ लेने का आह्वाहन किया गया।

धनीलाल गणेश पंचायत समिति सदस्य ठाकुरगंज, दल्लेगांव मुखिया मीरा देवी, मुखिया इकरामुल, पथरिया पंचायत के मुखिया अजय सिंह, बृजमोहन,जिला परिषद प्रतिनिधि अहमद हुसैन तथा स्थानीय लोगो ने योजनाओं पर प्रतिक्रिया /फीडबैक दिया।

जनसंवाद में नया टोला बूटीबारी बेसरबाटी पंचायत की जीविका दीदी सोनी मुर्मू ने अपनी सफलता को अपनी जुबान से सुनाया।

जन संवाद बैठक में किशनगंज के स्थानीय लोगो विशेषकर जीविका दीदियों के सक्सेस स्टोरी को बड़े स्क्रीन पर दिखा कर लोगो के बीच योजनाओं के लाभ से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के समापन पर भातगांव पंचायत की मुखिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया और जिला प्रशासन के कार्यों को सराहा।

# अंत्योदय दिवस के रूप में मनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

सोमवार को काराकाट विधानसभा के अंतर्गत बिक्रमगंज ग्रामीण मंडल शक्ति केंद्र घुसियां खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई । कार्यक्रम के उद्घाटनकर्त्ता लोकसभा संयोजक एवं ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीनचंद्र साह , नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा , संस्कृति प्रकोष्ठ के राकेश शर्मा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की । कार्यक्रम का आगाज वंदे मातरम गीत से हुआ तत्पश्चात आए हुए आगत अतिथियों को पार्टी के द्वारा टोपी एवं पट्टा डालकर स्वागत किया गया । नवीन चंद्र साह ने अपने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय विचारधारा के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला । श्री साह



ने कहा कि अंत्योदय संकल्पना के सर्जक भारत के मूल भाव और सनातन व्यवस्था से आह्लादित राष्ट्रीय दृष्टिकोण को अपने विचार का आधार बनाने वाले को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई तथा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं । कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मंडल के मंत्री शिव कुमारी देवी, लाल बिहारी सिंह ,उत्तम सिंह, प्रभु प्रसाद ,धर्मशिला देवी ,दीनानाथ दास ,राजेश साह , अंकुश , डॉक्टर अरुण कुमार, संतोष गुप्ता ,मुन्ना गुप्ता, मीडिया प्रभारी नवनीत शाह सहित बुथ कमेटी के सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन उद्घोष एवं शांति पाठ के साथ संपन्न हुआ ।

# वार्ड सदस्य संघ ने प्रखंड मुख्यालय पर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत वार्ड सदस्य संघ काराकाट ईकाई द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय कार-ाकाट (गोडारी) के द्वारा एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के सभी सम्मानित वार्ड सदस्य, सभी उप मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रखण्ड के सम्मानित नागरीक उपस्थित हुए। इसमें वार्ड सदस्यों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजन में वार्ड सदस्यों के अधिकार में कटौती, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली- नाली पक्कीकरण निश्चय योजना में सरकार के दोहरी नीती के तहत अधिकार से वंचित करने बिना कार्यकारणी के बैठक के योजना पंचायतो में पास कर करोड़ों रुपये के वित्तिय गबन करने, मनरेगा में धांधली आँगनबाडी केन्द्रो में घोर भष्ट्राचार, कबीर अंत्योदय योजना के तहत अनु०



जाती के मृत्यु के उपरान्त लाभ से वंचित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली गरीब परिवार को राशन से वंचित करने प्रखण्ड कार्यालयों में घोर भष्ट्राचार दाखिल खारिज म्यूटेशन के नाम पर रुपयों की उगाही काराकाट थाना पर गरीब लोगों का न्याय नही मिलना तथा अपराध से पीड़ित व्यक्ति को डरा धमका कर थाना से भगाना आदी विषय पर धरना दी गई । जिसकी अध्यक्षता दिलिप गुप्ता प्रखण्ड अध्यक्ष वार्ड संघ तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार थे । धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन अंचलाधिकारी का-राकाट-जितेन्द्र कुमार को दिया गया । मौके पर बिहार प्रदेश सचिव का-राकाट प्रखंड उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय, संतोष कुमार उपाध्याय, मनीष कुमार, शंकर सिंह ,अजय कुमार, बिजेंद्र सिंह, अशोक सिंह ,भानु प्रताप, नेपाली ,राजाराम शाह ,सुधीर कुमार ,महेंद्र प्रसाद, सहित सैकड़ो वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

# जल जमाव समाप्त करने के लिए मंगलवार से नाली की होगी सफाई

## *सड़क के लेवल को उपर उठा जल जमाव से दिलाई जायेगी मुक्ति*

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत स्थानीय बाजार के नोखा रोड में चौक से ग्रामीण बैंक तक दो सौ मीटर की दूरी में सड़क पर हुए जल जमाव व कीचड़ का सोमवार को पीडब्लूडी के एसडीओ कृष्ण कुमार ने निर-ीक्षण किया। बजार के चौक से काव नदी तक पथ निर्माण विभाग एवं पंचायत समिति फंड से पूर्व प्रमुख के माध्यम से किए गये नाला में जमा हुई गंदगी को देखा। जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के दोनों किनारे बने नाले में काफी गंदगी भरा पड़ा हुआ है। जिस कारण पानी का बहाव अवरूद्ध है.परिणाम स्वरूप सड़क पर जल जमाव हुआ है। 26 सितंबर नाले की सफाई के लिए मशीन व मजदूर बुलाए गए हैं। नाला की सफाई हो जाने पर आधे से अधिक समस्या समाप्त हो जाएगी। ग्रामीण बैंक से बाजार के चौक तक सड़क की लेवल को ऊंचा उठा निर्माण कर मई जून तक शेष समस्या को समाप्त कर लिया जाएगा। मालूम हो कि पथ निर्माण विभाग



पीडब्ल्यूडी ने सड़क के दोनों छोर पर नाली का निर्माण किया है। पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। हल्का सा बारिश होने पर सड़क झील में तब्दील हो जा रहा है। जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# मनरेगा से हुए कार्यों का जिला के टीम ने किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा मद से हुए कार्यो का सोमवार को जिला के पदाधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।

कार्यपालक अभियंता संजय पंडित,पीओ आनन्द कुमार व एई उमाशंकर कुमार ने इस दौरान छः लाख पचहतर हजार की लागत से बने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई व पैंतीस लाख की लागत से बन रहे मनरेगा भवन का निरीक्षण किया। मनरेगा भवन का निर्माण कार्य के संवेदक मलु तिवारी को तेज गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। पीओ ने बताया कि बरना पंचायत के डिहरी



गांव में बने डब्लूपीओ व बरना में निर्माण हुए आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। सभी जगह पर एस्टीमेट के अनुरूप कार्य कराए गए हैं। जल्द ही सभी भवनों को संबंधित विभाग को हैंडोवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरांव पंचायत में बांस रोपण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाना है। जिसके लिये स्थल का निरीक्षण किया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी, मंगरवलिया मुखिया इंद्रजीत सिंह, बरांव मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार,तकनीकी सहायक धनंजय कुमार,जेई सुरेंद्र सिंह,पीआरएस नित्यानंद सिन्हा समेत अन्य कर्मी व पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में काउंटर प्राथमिकी हुई दर्ज

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के बालीगांव गांव से रविवार को शराब बरामद मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए एक धंधेबाज के परिजनों व पड़ोसी के बीच जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते हुए सहायक थानाध्यक्ष तनिक कुमार ने बताया कि शराब बरामदगी मामले के गिरफ्तार अभियुक्त के परिजनों ने पड़ोसी पर पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाकर मारपीट की है। दोनों पक्ष से काउंटर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है एक पक्ष के सुनील राम ने दूसरे पक्ष के दो लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत थाना कांड संख्या 187/23 दर्ज कराया है.वहीं दुसरे पक्ष के राजेश कुमार ने दूसरे पक्ष के छः लोगों के विरूद्ध थाना कांड संख्या 188/23 दर्ज कराई है।

# परसथुआ बाजार के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक मे मारी टक्कर, एक छात्रा घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के परसथुआ ओपी थाना क्षेत्र के गिरीश नारायण मिश्रा कॉलेज के समीप सोमवार के दिन एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार छात्रा बुरी तरह घायल हो गई। घायल छात्रा की पहचान कोचस नगर पंचायत के रविंद्र सिंह की पुत्री सोनाली कुमारी बताई गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल छात्र सोनाली कुमारी अपने पिता के साथ फॉर्म भरने की जानकारी हेतु परसथुआ गिरीश नारायण मिश्रा कॉलेज गई थी, की लौट के दौरान एक अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमे बाईक से दब छात्रा बुरी तरह घायल हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने घायल छात्रा को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा चिकित्सक ने उपचार उपरांत स्थिति खतरे से बाहर बात कर घर भेज दिया।

# श्रमिकों को सबल बनाने में विभाग संकल्पित - मंत्री सुरेन्द्र राम

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के मंत्री सुरेन्द्र राम चेनारी डाक बंगला परिसर में आयोजित श्रम विभाग श्रमिकों के द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत असंगठित क्षेत्र के कामगारों हेतु संचालित योजनाओं के लाभ दिए जाने हेतु श्रम संसाधन विभाग श्रमिकों के द्वार कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सभी श्रमिक भाई-बहनों के सुखमय जीवन एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विकास के असली कर्णधार आप सभी श्रमिक हीं है। इस दौरान मंत्री के द्वारा 24 लोगों को बीओसीडब्लू के तहत डमी चेक दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि राज्य के विकास के असली कर्णधार श्रमिक भाई हैं। बिना इनके बिना किसी विकास कार्य की कल्पना नहीं की जा सकती है।उन्होंने कहा कि बिहार भवन व अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए ही श्रम संसाधन विभाग श्रमिकों के द्वार कार्यक्रम अयोजित किया गया है। श्रम मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि निर्माण श्रमिकों के लिए 16 योजना चलाई जाती हैं। जो श्रमिक निबंध कर चुके हैं उनकी दो बेटियों की शादी के लिए 50 -50 हजार रुपया विवाह सहायता राशि में मिलेगा। यदि आप कार्य करते समय आंशिक रूप से विकलांग हो जाते हैं तो आपको



37000 का लाभ दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर श्रमिकों की किसी घटना में मौत हो जाती है तो चार लाख रुपया सहयोग राशि के रूप परिवार को मिलेगा। जो भी श्रमिक के बच्चे- बच्चिंया फर्स्ट डि-वीजन से मैट्रिक इंटर पास करते हुए साठ प्रतिशत अंक लाते हैं तो 10000 प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी श्रमिको के सुखमय जीवन व मंगलमय भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के चहुमुखी विकास में अहम भूमिका निभाने वाले, संगठित व असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिक भाई-बहनों को आने वाला समय खुशियों से भरा हो, इसलिए यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। श्रम मंत्री ने कहा कि प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के निर्माण कामगारों को सबल बनाये जाने के लिए राज्य में श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड कार्यरत है। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, जिला महासचिव युवा राजद रोहतास अमित कुमार रंजन, राजद प्रखंड अध्यक्ष धनंजय मिश्रा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष द्वारकाधीश दुबे जदयू प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुश-ावाहा, दिनेश चंद्रवंशी, वीडियो यादव, जगा पाल, श्री राम सिंह यादव, नवरत्न राम,राज किशोन पाल, मुनेश्वर सिंह कुशवाहा, शिवपूजन शास्त्री, रशीद अंसारी,दीनबंधु यादव चंद्रमोहन पाल, प्रितंम राज बंटी चंदेश्वर पासवान सहित भारी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के महिला- पुरुष शामिल हुए।

# डालमिया सीमेंट फैक्ट्री पहुँचे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव , मृतक मजदूर को लेकर किया शोक प्रकट

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत डालमिया सीमेंट फैक्ट्री कल्याणपुर बंजारी में बीते दिनों दो मजदूरों की हुई दर्दनाक मौत के बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेताओं का आगमन जारी है। मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करना और क्षेत्र के लोगों के प्रति डालमिया सीमेंट की उदासीनता एवं सरकार द्वारा निर्देशित नियमावली को दरकिनार कर कामगारों से जबरन काम कराने को लेकर क्षेत्र के लोगों में लगातार आक्रोश पनप रहा है।

### सोमवार की दोपहर बाद पहुँचे जाप सुप्रीमो-:

जाप सुप्रीमो पप्पू यादव का आगमन हजारों कार्यकताओं के साथ बंजारी पंचायत के महावीर स्थान में मृतक अशोक पासवान के घर पहुंचा।

पप्पू यादव ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

बताया जाता है कि डालमिया सीमेंट में कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त मजदूर अशोक पासवान की 10 दिन के बाद दर्दनाक मौत हुई, इसके बाद डालमिया सीमेंट फैक्ट्री सहित अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर जमकर धरना प्रदर्शन हुआ था।

करीब एक घंटा परिवार के घर रुकने के बाद पप्पू यादव का काफिला डालमिया सीमेंट फैक्ट्री के मुख्य गेट पर पहुंचा जो सभा में तब्दील हो गया। पप्पू यादव वहां डालमिया सीमेंट फैक्ट्री, स्थानीय प्रशासन के लापरवाह रवैया को लेकर जमकर नाराजगी प्रगट की।

उन्होंने कहा कि बिहार में बैठे सत्ता के लोग और उनके प्रशासन के लोग कान खोलकर सुन ले की जनता भगवान होता है और उस पर जब जुल्म होता है, तब जनता इसको जन आक्रोश के रूप में लेती है। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए



जिला प्रशासन से गुहार लगाई कि जल्द ही रोहतास प्रखंड क्षेत्र के बेकसूर जनप्रतिनिधियों पर फर्जी केस वापस लिया जाए, साथ ही डालमिया सीमेंट फैक्ट्री को सरकार से मिले दिशा निदेर्शों का और सुरक्षा नियमों को पालन करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने एक मजदूर को न्याय दिलाने का प्रयास किया उसके बदले प्रशासन डालमिया सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय यहां के जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा दर्ज करना मुनासिब समझा। यह सरासर पूंजीपतियों की गुलामी है

कार्यक्रम में पप्पू यादव के पहुंचने से पहले उनको स्वागत करने के लिए जन अधिकार पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव तोराब नियाजी, अपने हजारों समर्थ को के साथ रोहतास प्रखंड के तुंबा बाजार में पहुंचे उन्होंने पप्पू यादव को माला पहनना का स्वागत किया और सारी समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद वहां से काफिला बंजारी डालमिया सीमेंट फैक्ट्री की ओर प्रस्थान किया बताया गया है कि इस दौरान तुंबा से लेकर डालमिया सीमेंट फैक्ट्री तक हजारों की संख्या में लोग सड़कों के किनारे उमड़े हुए थे लोगों में इस बात उत्सुकता थी कि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय नेता पप्पू यादव के आने के बाद डालमिया सीमेंट फैक्ट्री पर क्या प्रभाव पड़ता है। आर्मी के जिला प्रभारी अमित पासवान ने कहा कि हमारे नेता जी का आज आगमन हुआ है और हर संभव प्रयास होगा कि देर तक अशोक पासवान सहित अन्य मजदूरों को न्याय मिल सके और डालमिया सीमेंट को हर हाल में सरकार द्वारा निर्देशित नियमों को पालन करते हुए यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देना होगा।

मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सनोज चंद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष अली हसन, मुखिया रंजीत पासवान, बीड-ीसी दीपक कुमार, मुखिया नागेंद्र यादव ,रवि पासवान, जिला अध्यक्ष इंजीनियर विशाल कुशवाहा, प्रदेश महासचिव समीर दुबे, जिला प्रधान महासचिव विनोद यादव, युवा अध्यक्ष रोहित आनंद, सरफुद्दीन अंसारी, जैकी खान, शत्रुघ्न पासवान, सनोज चंद्रवंशी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएम ने सरकारी कर्मियों के विरुद्ध चलाई जा रही विभागीय कार्यवाहियों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिला मुख्यालय सासाराम स्थित समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सरकारी कर्मियों के विरुद्ध चलायी जा रही विभागीय कार्यवाहियों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें उप विकास आयुक्त, रोहतास, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी व बिक्रमगंज, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व प्रशाखा, वरीय उप समाहर्ता स्थापना, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य प्रशाख व प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत के द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में लंबित विभागीय जाँच व विभागीय कार्यवाहियों से संबंधित मामलों की मामलेवार समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिया गया। वरीय स्थापना उप समाहर्ता को निदेश दिया गया कि विभागीय कार्यवाही से संबंधित वैसे कर्मचारियों एवं स्थानान्तरित हुये कर्मचारियों के द्वारा अभी तक अपना पूर्ण प्रभार नहीं दिया गया है, से संबंधित संचिका तत्काल उनके विरुद्ध नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने हेतु उपस्थापित करना सुनिश्चित करें। सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं विभागीय



संचालन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी मामलों की समीक्षा करते हुये जितने भी मामलें सामान्य आरोपों से संबंधित है, उन सभी मामलों के त्वरित निष्पादन करने हेतु अपना जांच व मंतब्य सहित प्रतिवेदन अविलंब भेजना सुनिश्चित करें, ताकि उसका निष्पादन तुरंत किया जा सके। इसके साथ ही जितने भी विभागीय कार्यवाहियों में गम्भीर आरोप प्रतीत हो रहे हैं, उन सभी मामलों में विशेष अभिरुची लेकर एक सप्ताह के अन्दर निष्पादन करना सुनिश्चित करें, ताकि उन सभी लंबित मामलों का निष्पादन ससमय किया जा सके।सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं विभागीय संचालन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जितने भी विभागीय के निष्पादन में काफी समय व्यतीत हो चुके हैं, उन सभी मामलों का निष्पादन अगले एक माह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। वरीय उप समाहर्ता स्थापना को निदेश दिया गया कि सभी विभागीय जांच/विभागीय कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुये अद्यतन प्रतिवेदन/मंतब्य के साथ सभी संचालन पदाधिकारियों की अगली बैठक अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में रखना सुनिश्चित करें।

# कोचस पीएचसी मे आज होगा हेल्थ मेला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस में मंगलवार को कैंप लगाकर आयुष्मान भव के तहत हेल्थ मेला का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि सीएचसी में आयुष्मान भव के अंतर्गत विशेष कैंप लगाकर हेल्थ मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सासाराम जमुहार नारायण मेडिकल कॉलेज के सुप्रसिद्ध चिकित्सक भाग लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी महिला तथा पुरुष इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, जिसमे बाहर से आए सभी विभाग के चिकित्सक के द्वारा आए हुए लोगों का शुगर बीपी हीमोग्लोबिन चर्म रोग तथा अन्य जांच कर इलाज उपरांत दवा दीया जाएगा। साथ ही आए हुए मरीज के लिए बैठने तथा पानी की उत्तम व्यवस्था भी की गई है।

# विंगर वैन से ले जा रहे 214 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

## पुलिस ने वाहन सहित चालक और सह चालक को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने विंगर वैन से ले जा रहे अंग्रेजी शराब बरामद किया है । मामले में पुलिस ने चालक और सह चालक को हिरासत में लिया गया है । थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विंगर वैन से अंग्रेजी शराब की खेप नटवार रोड की ओर जा रही है । मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने विंगर वैन को नटवार रोड के धनगाई गांव के समीप से पकड़कर जांच पड़ताल शुरू कर दी । श्री कुमार ने कहा कि जब वैन की जांच पुलिस के द्वारा की गई तो उक्त वैन से 214.32 लीटर एटपीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया । उन्होंने कहा कि मामले में प्रयुक्त विंगर वैन को भी जब्त किया गया है । साथ ही पुलिस ने उक्त वैन के चालक और सह चालक को भी हिरासत में ले लिया है । पुलिस उक्त मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है ।

# मोबाइल झपट्टा मारकर भाग रहे दो उचक्के को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को सासाराम- चौसा पथ पर इटावाडीह मैदान के समीप बाइक सवार से मोबाइल झपट कर भाग रहे दो उचक्कों को पुलिस ने धर दबोचा। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि थाना क्षेत्र के धनेज निवासी राम आशीष साह का पुत्र राजकुमार साह बाइक से करगहर की ओर आ रहा था । इसी बीच विपरीत दिशा से कोचस की ओर जा रहे दो बाइक सवार झपट्टेबाजों ने उसकी मोबाइल छीन ली और तेज गति से भाग निकले



। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवाडीह गांव के समीप उचक्कों को पुलिस ने धर दबोचा । जिनके पास से झपटी गई मोबाइल बरामद की गई । बाइक को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार उचक्के दिनारा थाना क्षेत्र के समहुती निवासी त्रिलोकी पासवान का पुत्र चंदन कुमार व कृष्णा पासवान का पुत्र गुड्डू कुमार बताया गया है । दोनों उचक्कों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है ।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ़्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हरी ओपी के बड़की अकोढी गांव से रविवार की देर शाम पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ़्तार किया है। इसकी जानकारी ओपी प्रभारी जितेन्द्र पंडित ने बताया कि ओपी अंतर्गत बड़की अकोढ़ी निवासी स्व. रामामुनी राय का पुत्र जय प्रकाश को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके गांव से गिरफ्तार किया है। उन्होंने ने बताया कि वारंटी कई दिनों से फरार चल रहा था, पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर न्यायालय भेजने की करवाई कर रही है।

# उल्लासपूर्वक मनाया गया पं. दीनदयाल जयंती

**दैनिक समाज जागरण संजय कुमार नासरीगंज रोहतास**

रोहतास जिले के नासरीगंज प्रखंड अंतर्गत सोमवार को ग्रामीण मंडल के इटीम्हा शक्ति केंद्र पर नासरीगंज मंडल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्मदिन मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप



प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय ने उनके एकात्मक मानववाद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के सरकार जो की आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है। इस सरकार में दीनदयाल उपाध्याय जी का सपनों को साकार किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा ने दीनदयाल उपाध्याय का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद तक के बारे में विस्तार रूप से बताया । मौके पर नगर अध्यक्ष लाल बाबू प्रसाद उर्फ संजय कुमार , पंचायत अध्यक्ष चंदन कुमार अमर, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार पाल, वरिष्ठ अभिभावक सीताराम , डेहरी पंचायत अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष ददन सिंह, लालू साह, अजय सोंडिक सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कच्छवा पुलिस ने तीन वास्तविक धारक को सौंपा मोबाइल

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के कछवां पुलिस ने तीन वास्तविक मोबाइल धारक को खोया हुआ मोबाइल सौंप दिया है । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन खोया हुआ मोबाइल स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के कच्छवा




निवासी शहनवाज अंसारी , अमौना निवासी सुदेश्वर सिंह और लेवा निवासी शोभा शर्मा पति कपिल शर्मा को खोया हुआ मोबाइल सौंपा गया । जिसको लेकर वास्तविक धारक अपने मोबाइल को पाकर काफी खुश हुए ।

# मनरेगा से हुए कार्यो का जिला के टीम ने किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा मद से हुए कार्यो का सोमवार को जिला के पदाधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।

कार्यपालक अभियंता संजय पंडित,पीओ आनन्द कुमार व एई उमाशंकर कुमार ने इस दौरान छः लाख पचहतर हजार की लागत से बने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई व पैंतीस लाख की लागत से बन रहे मनरेगा भवन का निरीक्षण किया। मनरेगा भवन का निर्माण कार्य के संवेदक मलु तिवारी को तेज गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। पीओ ने बताया कि बरना पंचायत के डिहरी गांव में बने डब्लूपीओ व बरना में निर्माण हुए आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। सभी जगह पर एस्टीमेट के अनुरूप कार्य कराए गए हैं। जल्द ही सभी भवनों को संबंधित विभाग को हैंडोवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरांव पंचायत में बांस रोपण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाना है। जिसके लिये स्थल का निरीक्षण किया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी, मंगरवलिया मुखिया इंद्रजीत सिंह, बरांव मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार,तकनीकी सहायक धनंजय कुमार,जेई सुरेंद्र सिंह,पीआ-रएस नित्यानंद सिन्हा समेत अन्य कर्मी व पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# शराब के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने पूर्व के शराब के मामले में एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने शिवपुर गांव निवासी हृदय चौधरी को पूर्व के शराब के मामले में फरार चल रहे थे । जिसे पुलिस ने गांव से छापेमारी करके पकड़ा और गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिला मुख्यालय सासाराम समाहरणालय स्थित जनता दरबार हाल में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेश के आलोक में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलीत कर जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रथम पाली मे पीठासीन पदाधिकारी, पी-1, पी-2, पी-3 के दायित्व व कार्यों से अवगत कराया गया तथा उनके दायित्व व कार्यों मे हुये परिवर्तन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि आगामी निर्वाचन में पी०सी०सी०पी० नहीं होंगे। ई०वी०एम० व मतदान सामग्री मतदान दल को ही प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही मतदान के पश्चात मतदान संबंधी अभिलेखों के सीलिंग व स्ट्रॉंग रूम में जमा करने संबंधी नवीनतम निदेशों से सभी को अवगत कराया गया। द्वितीय पाली में सेक्टर



पदाधिकारी तथा माईक्रो प्रेक्षक के कार्य व दायित्व से सभी को अवगत कराया गया। सेक्टर पदाधिकारी के मतदान पूर्व मतदान दिवस व मतदान के पश्चात दायित्व तथा भेद्यता मानचित्रण मे महत्त्वपूर्ण योगदान को विस्तृत रूप में बताया गया। माईक्रो ऑबजर्वर की नियुक्ति, दायित्व व उनके द्वारा समर्पित किये जाने वाले प्रतिवेदन से जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को उद्घाटन करते हुए प्रशिक्षण के महत्त्व व ज्ञान की शक्ति को महत्वपूर्ण ढंग से रेखांकित किया गया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से निर्वाचन संचालन संबंधी हुये महत्वपूर्ण परिवर्तनों से अवगत होने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी ही गलती से बचाव का साधन है। इस लिए सभी बिन्दुओं पर स्पष्ट जानकारी प्राप्त करें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम मे नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास, उप निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास अवर निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास व सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

# तालाब में डूबने से किशोरी की हुई मौत, कर्मा धर्मा पर्व को लेकर तालाब में स्नान करने गयी थी किशोरी नेहा

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

सोमवार की संध्या करीब 5 बजे उस वक्त उस घर में मातम छा गया, जब पता चला कि करमा धरमा पर्व को लेकर किशोरी नेहा कुमारी गांव के ही एक तालाब में स्नान करने गई हुई थी, जहां गहरे पानी मे डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बताया जाता है कि मृतिका किशोरी मोहनी टोला निवासी उमेश चौधरी की 12 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी भाई का त्योहार कर्मा धर्मा पर्व को लेकर गांव के हीं एक तालाब में स्नान करने गई हुई थी। जहां स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब परिजनों को तालाब में डूबने की खबर मिली तो परिजनों



का रो-रो कर बुरा हाल होने लगा। नेहा के तालाब में डूबने की खबर मिलते ही परिजन भागते हुए तालाब पर पहुंचे जहाँ नेहा कुमारी की मौत हो चुकी थी। काफी प्रयास के बाद नेहा के परिजन तालाब से शव को निकालने में कामयाब हुए। परिजन शव को तालाब से बाहर निकालने के बाद आनन फानन में शहर के जीवन दिप अस्पताल में लाए, जहाँ अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में अंचलाधिकारी आलोक चंद्र रंजन के द्वारा बताया गया कि आपदा प्रबंधन के तहत मृतिका को 4 लाख रुपए देने का प्रावधान है। परिजनों के द्वारा कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत 4 लाख रूपए का मुआवजा दिया जाएगा।

# महगामा राजमहल हाउस में जदयू चला गाँव की ओर कार्यक्रम

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

महगामा झारखंड आज दिनांक 25 9 2023 को राजमहल हाउस में महागामा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश जनता दल के निर्देशानुसार जदयू चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत इस कार्यक्रम को धारदार तरीके से संपन्न करने हेतु या बैठक की गई इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद श्री खिरू महतो जी के आदेश अनुसार हम महागामा प्रखंड में भी अगाज हर एक जदयू चला गांव की ओर यह कार्यक्रम हम पंचायत से लेकर वुथ अस्तर तक करेंगे और बिहार के विकास को ग्रामीणों और जानतेओ को यह संदेश देना है हमारे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी जो बिहार में विकास किया है पूर्ण रूप से शराबबंदी शिक्षा में हर एक स्कूलों में पढ़ाई छात्र-छात्राओं को मुक्त साइकिल स्टीफन मास्टरों की बहाली हर घर जल का नल महिलाओं को



33% आरक्षण रोड नाला सब सफाई स्वास्थ्य विभाग में सुधार या सभी कम हमारे बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने किया यह काम हम सभी झारखंड में आने वाला समय में हमारे झारखंड में सरकार बनी तो इस सारे विकास का काम झारखंड में भी किया जाएगा इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम अंसारी सचिव मोहम्मद मोहर्रम अंसारी उपसचिव जयकांत राय कोषाध्यक्ष प्रकाश महतो तिवारी मिडिया प्रभारी निर्मल कुमार आनंद शर्मा रंजन शुक्ला चंदन महतो पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद मुस्लिम मोहम्मद आमिर मोहम्मद अख्तर बेटा मोहम्मद नुहम्मद इब्राहिम अंसारी अख्तर बेठ महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष अर्चना देवी रशीदा खातून जैनब खातून मेहरू निशा जुबेदा खातून मोहम्मद अरशद मोहम्मद नूर मोहम्मद मोहम्मद आमिर मोहम्मद अब्दुल रशीद मोहम्मद आमिर फखरुद्दीन शेख बसीर अंसारी मु नेजाम बैठा मु मनो मु सलीम बैठा आदि सभी कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

# जल जमाव से विश्वविद्यालय बना टापू, आक्रोशित छात्रों का फूटा गुस्सा,जल्द नहीं किया गया समाधान तो होगा आंदोलन

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर बिहार लगातार तीन दिनों से हो रहे बारिश को लेकर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय टापू बन गया है, एक तरफ जहां पीजी बॉयज हॉस्टल में विद्यार्थी पानी निकासी को लेकर परेशान दिख रहे हैं वहीं दूसरी ओर टीएनबी कॉलेज के पश्चिमी गेट पर छात्र-छात्राओं को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, विश्वविद्यालय का कई ऐसा क्षेत्र है जहां सड़क नाले में तब्दील हो गया है, सड़कों पर नाले का पानी बह रहा है ,वहीं विद्यार्थियों ने पानी निकासी का स्थाई समाधान नहीं होने को लेकर आक्रोशित दिखे उनका कहना है कि बार-बार बारिश के कारण उन लोगों को कॉलेज आने-जाने में काफी परेशानी हो रही



है लेकिन इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन कोई स्थाई समाधान नहीं कर रही है, हमलोगों की मांगे हैं जहां भी विश्वविद्यालय में जलजमाव हो रहा है चाहे वह पीजी का बॉयज हॉस्टल हो विश्वविद्यालय का मैदान हो या फिर टीएनबी कॉलेज का पश्चिमी गेट हो उसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए वरना आंदोलन होगा। आज छात्रों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी, छात्र एक तरफ से दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के बाउंड्रीवॉल पर चढ़कर पार हो रहे थे इस तरह से आने जाने में छात्रों के साथ कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं, इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द संज्ञान लेने की जरूरत है।

# महिला बिल पे भी वर्तमान सरकार कर रहे हैं जुमलेबाजी प्रवीण सिंह कुशवाहा तो कुछ जन प्रतिनिधि तथा आम जनों का राय

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) महिला आरक्षण को लेकर पटना पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा ने गर्म जोशी के साथ मीडिया के महिला आरक्षण प्रश्न पर बेबाक निर्भिक होकर कहते है। महिला आरक्षण बिल का सपना इंदिरा गांधी श्री राजीव गांधी एवं सोनिया गांधी ने देखा था , वह सकार हो रहा है ।लगातार कांग्रेस सरकार ने महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का काम किया है। श्री कुशवाहा आगे कहते हैं ताकि महिला देश में सामने लाया जाए । महिला आरक्षण को लेकर विशेष शास्त्र बुलाया गया था, लगता था कि कल से ही महिला को आरक्षण मिलने लगेगा लेकिन उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का बिल इमिटेशन होगा ,तब ये आरक्षण दिया जाएगा। इसका मतलब साफ है ,कि जैसे जुमलेबाजी पहले करते आ रहे हैं, हर मुद्दे पर आज भी जुमलेबाजी कर रहे हैं ।बीजेपी इतनी ही संस्कारी पार्टी तो उस समय क्यों नहीं समर्थन किया। जब कांग्रेस लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लेकर आया था। महिलाएं सबकुछ समझ रही है ।वर्तमान सरकार जुमलेबाजी करते आ रहे हैं ।देश की महिलाएं जाग चुकी है। वर्तमान सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है ।इसके सिवाय कुछ नहीं आने वाले लोकसभा चुनाव में यही महिला खुद निर्णय लेगी की वर्तमान सरकार की। करियर मार्ग दर्शन डायरेक्टर शिवम कुमार सिंह कहते हैं महिला आरक्षण होने से महिला को कई तरह का लाभ मिलेगा। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी सचिव फिरदौस अहमद कहते हैं समाज में महिला को इसका अधिकार देखने को मिलेगा। देवघर पूर्व 02जिला प्रत्याशी जगदीश राय ने कहा की महिला आरक्षण बिल का हम समर्थन करते हैं। लेकिन समाज के और भी कैटिगरी के लोग इस आरक्षण के लाभ से वंचित रह गए हैं ।भाजपा सरकार कि इतने दिनों के बाद कम से कम आंखें तो खुली क्योंकि आगे चुनाव है यह सब एक चुनावी संयंत्र भी कहा जा सकता है।

# करौदीं गांव से रामगढ़ नाम विद्यालय भवन पर लिखे जाने पर ग्रामीण भड़के

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय करौंदी का नाम आखिरकार सोमवार को विधालय प्रबंधन के द्वारा लिख दिया गया। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय के नाम को लेकर दो दिनों से विधालय प्रधानाध्यापक और ग्रामीणों के बीच गांव का नाम बदलने को लेकर विवाद चल रहा था। जहां वरीय पदाधिकारी के पहल पर इस विवाद का निस्तारित कर विद्यालय भवन पर लिखा नाम रामगढ़ हटाकर पुनः करौंदी लिखा गया तब जाकर मामला शांत हुआ।

प्रखंड क्षेत्र के नटवार थाना अंतर्गत सरांव पंचायत के करौंदी गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन पर नवसृजित विद्यालय रामगढ़ लिख दिया गया। जिसे देख करौंदी गांव के लोग आक्रोशित हो भड़क गये। जहां सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पर पहुंचकर विद्यालय भवन पर लिखे गांव का नाम करौंदी से रामगढ़ होने को लेकर प्रधानाध्यापक से सवाल जवाब करने लगे। सरांव पंचायत के पूर्व मुखिया सह करौदीं गांव निवासी सुदर्शन तिवारी उर्फ शहरी तिवारी ने बताया कि कुछ इने-गिने लोगों के द्वारा इस विधालय में कमेटी बनायी गयी है उसी कमेटी के माध्यम से लोग अपनी मनमानी ढंग से स्कूल में कोई भी कार्य करते हैं। गांव का




नाम बदलने के संबंध में ग्रामीणों को कोई सूचना प्राप्त नहीं है। वहीं विद्यालय अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गांव का नाम परिवर्तन करने के संबंध में मुझे किसी प्रकार की सूचना प्राप्त नहीं है। और इसके अलावा विद्यालय संबंधित किसी भी कार्य के लिए बैठक की जाती है, तो उस संबंध में भी मुझे सूचित नहीं किया जाता है। इस सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरेंद्र पासवान ने बताया कि 2013 में भवन विहिन विद्यालय को करौदीं विद्यालय में व्यवस्थित किया गया था। और वरीय पदाधिकारियों के द्वारा मौखिक रूप में दिये गए निदेशों के आलोक विद्यालय के भवन पर नवसृजित विद्यालय रामगढ़ लिखा गया था। लेकिन, नवसृजित विद्यालय रामगढ़ लिखा देख करौंदी गांव के ग्रामीण काफी आक्रोशित व उग्र हो गए। ग्रामीणों को ऐसा लगा कि मेरे करौंदी गांव के विद्यालय का नाम बदलकर अब रामगढ़ कर दिया गया। ग्रामीणों को आक्रोशित व उग्र देख तत्काल विद्यालय भवन पर लिखा रामगढ़ गांव का नाम मिटाया गया, तब जाकर गांव के लोग शांत हूए। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार ने बताया कि फिलहाल रामगढ़ भवन विहीन होने के कारण रामगढ़ के छात्रों को करौंदी विद्यालय में व्यवस्थित किया गया है। जहां व्यवस्थित नवसृजित विद्यालय रामगढ़ लिखना चाहिए था विद्यालय प्रबंधन के द्वारा। वैसे ग्रामीणजनों के इच्छानुसार पुनः पूर्व की तरह ही विद्यालय भवन पर करौंदी लिख देने की सलाह प्रधानाध्यापक दे दी गयी है।

# राष्ट्रीय एकात्म मानववाद के पुरोधा थें पंडित दीनदयाल : डॉ० मनीष रंजन

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को रोहतास जिला स्थित सभी भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी भाजपा प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती पर उन्हें नमन कर याद किया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए डॉ० मनीष ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के पुरोधा थे। जिनके मार्गों पर चलते हुए हम सभी



लोगों को उनके सपने को साकार करनी चाहिए। क्योंकि पंडित दीनदयाल सादा जीवन व उच्च विचार के धनी व्यक्ति थे। जिनके द्वारा एकात्मवाद व मानववाद नामक लिखी पुस्तक आज भी प्रासंगिक का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रहित में बताया था कि हमेशा हमें सही व्यक्ति को वोट देना चाहिए, न की उसके बटुए को, पार्टी को वोट दे किसी व्यक्ति को नहीं,किसी पार्टी को वोट न दे बल्कि उसके सिद्धांतों को वोट देनी चाहिए। जबकि उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति दरिद्र नारायण की सेवा को भी उचित ठहराया है। जिसका सार्थक स्वरूप आज पूरे भारत वर्ष गरीबों की भूख उत्थान के लिए अन्त्योदय योजना चल रही है।

# बांका नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के मनियारपुर मोहल्ले में सड़क पर जल जमाव होने से लोगों को हो रही परेशानी

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में जल जमाव होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी, व मोहल्ले के घरों में नाले का पानी घुस जाने से लोग की परेशानी बढ़ गई है, जल निकासी को बने नाले की सफाई न होने से बारिश के बाद नाले का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है, गंदे पानी की बदबू से मोहल्ले के लोग काफी परेशान है, बांका नगर परिषद के परिसीमन का विस्तार कर ग्रामीण इलाकों को वार्ड में शामिल कर दिया, लेकिन व्यवस्था के नाम पर आज भी ग्रामीण ही रह चुके हैं, विकास से कोसों दूर इन वार्डों में लोग ,टैक्स, बिजली बिल शहरी इलाकों का देते हैं, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीण लोग नाराज हैं सुख सुविधा के नाम पर सड़क तक नहीं है जिससे लोग काफी परेशान है, आलम यह है कि नगर परिषद



क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के मनियारपुर मोहल्ला जहां हल्की बारिश मैं ही जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोग परेशान हैं वहीं पिछले 6 दिनों से बारिश से मनियारपुर मोहल्ला में जल जमाव हो चुका है, जिससे जमा पानी से काफी बदबू वह दुर्गंध आ रहा है साथ ही साथ काफी मात्रा में कीड़ा उत्पन्न हो गया है जिससे काफी लोग परेशान हो रहे हैं, करीब 200 मीटर तक पानी का जमाव है, जिससे लोग गिरते बजाते हैं, किसी प्रकार लोग आते जाते हैं, और सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, वहीं कई स्कूली बच्चे स्कूल जाने के दौरान गिरकर जख्मी भी हो रहे हैं, वही वर्षा की पानी के कारण जल जमाव होने के कारण महामारी भी फैल सकती है, जल जमाव की स्थिति से लगता है कि महामारी की आकांक्षा से इनकार नहीं किया जा सकता जहां की बारिश के समय लोगों को डेंगू का डर सताने लगता है वही डेंगू पूरे बिहार में फैल रही है !

# डेंगू के चपेट में आए सैकड़ो लोग, तब खुली स्वास्थ्य विभाग की नींद, साफ सफाई करने गांव- गांव जा रहे है स्वच्छता कर्मी

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर बिहार समेत पूरे बिहार में डेंगू का कहर जारी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तब नींद खुलती है जब अधिकांश लोग इनके चपेट में आ जाता है या डेंगू से ग्रसित हो जाते हैं या फिर इसकी चपेट में आ कर मौत हो जाती है इसका जीता जागता उदाहरण भागलपुर के सुल्तानगंज से सामने आया......

जहा करीब दो महीने से भागलपुर समेत पूरे बिहार के लोग डेंगू के मार को झेल रहे है। अधिकांश लोग इनके चपेट में भी आ चुके हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग की नींद आज खुली है और पूरे इलाके में लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के तहत इलाके को स्वच्छ करने में लगे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली बिहार सरकार के तरफ से फंड आए तब अधिकारी आनन फानन में बैनर लटकाए गांव- गाव घूम कर सफाई करने को लेकर संदेश पहुंचा रहे हैं। जहां-जहां कूड़ा नजर आ रहे हैं वहा वहा साफ भी भी कर रहे हैं। सुल्तानगंज जिला के के नमामि गंगे



घाट, गंगा घाट चौक बाजार के आलावा दर्जनों स्थानों पर लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के तहत युद्ध स्तर से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। भागलपुर जिले के सलाहकार रोहित राज के नेतृत्व में सभी पंचायत के स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक के द्वारा या अभियान चलाई जा रही है सलाहकार रोहित राज ने बताया कि डेंगू एवं अन्य बीमारी से निपटने को लेकर शहर और पंचायत में फैल रही गंदगी को साफ सफाई करवाया जा रहा है जिससे बीमारी के रोकथाम को लेकर सफाई युद्ध स्तर पर जारी है लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक के पॉलिथीन को एकत्रित कर डस्टबिन में फेक इस दौरान पर्यवेक्षक मनोरंजन कुमार विपिन कुमार आशीष कुमार समेत दर्जनों स्वच्छता कर्मी मौजूद थे ।

# संत वंशी बाबा महर्षि मैँहीँ के बड़े गुरु भाई थे - शिवनाथ बाबा

**समाज जागरण**

भागलपुर बिहार जिले के पीरपैंती प्रखंड के बड़ी मोहनपुर के कैलाश शिवपुरी बामकी मंदिर एवं महर्षि मैँहीँ आश्रम के प्रांगण में शिवनाथ बाबा द्वारा संचालित मासिक सत्संग का आयोजन धूमधाम से हुआ। प्रवक्ताओं ने परम भक्तिन शबरी माता और नवधाभक्ति विषय पर अपने-अपने प्रवचन दिए। संचालक शिवनाथ बाबा ने परमसंत वंशी बाबा और स्वामी रामेश्वर बाबा की महिमा का रहस्यमयी बखान किया जिससे सभी श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य प्रवक्ता स्वामी अमोलानंद बाबा ने ईश्वर भक्ति पर विस्तार से चर्चा की, जिससे सभी श्रद्धालुजन काफी प्रेरित हुए। स्वामी रामेश्वर बाबा के शिष्य विजय बाबा ने अपने उपदेश से सबको आकृष्ट किया। गायक अनिल दास, वकील मंडल, वृहस्पति मंडल और दिनेश भगत के भजन से लोग झूम उठे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुरेन्द्र पासवान ने किया। मुख्य कार्यकर्ता विशुनदेव पासवान, सुरेन्द्र पासवान, वृहस्पति मंडल और राष्ट्रपति मंडल ने समुचित व्यवस्था की थी। मौके पर गुरुदेव मंडल, चंद्रदेव मंडल, कारु मंडल, जगदीश मंडल, रामनाथ मंडल, कमल, अमरेन्द्र, राहुल सहित गाँव के सभी युवकगण मौजूद रहे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद भी ग्रहण किए।

# कोर्ट के पास सड़क पार कर रहे एक अधिवक्ता की दर्दनाक मौत, वाहन जब्त

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

नगर थाना क्षेत्र के व्यवहार न्यायालय सासाराम के समीप सोमवार को सड़क पार कर रहे एक अधिवक्ता की बस से कुचलकर मौत हो गई है। मृतक अधिवक्ता नगर थाना क्षेत्र के आलमगंज निवासी गोपाल प्रसाद सिन्हा के 50 वर्षीय पुत्र मदन प्रसाद सिन्हा बताए जाते हैं। जो अनुमंडल कार्यालय परिसर से निकल कर व्यवहार न्यायालय में जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी एक निजी विद्यालय की बस ने उन्हें कुचल दिया। जिससे घटनास्थल



पर हीं अधिवक्ता की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान घटनास्थल पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा तथा अधिवक्ता समेत आम लोगों की भारी भीड़ भी इकट्ठा हो गई। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें भी लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हालांकि घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर सदर एसडीओ आशुतोष रंजन, सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार सहित नगर थाना की पुलिस पहुंच गई तथा आनन-फानन में शव को सड़क से हटाते हुए यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया गया। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर अधिवक्ता की मौत को लेकर वकीलों में काफी आक्रोश देखा गया तथा अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल सदर एसडीओ से भी जाकर मिला। जहां प्रतिनिधि मंडल ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने सहित न्यायालय परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई मांगे रखी।

# नहर में तैरता मिला महिला का शव, नहीं हुई पहचान, पुलिस जांच में जुटी

रोहतास जिले के दिनारा चौसा नहर में एक अज्ञात महिला का शव तैरते हुए मिलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से बाहर निकालकर महिला के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन मृतका के शव की शिनाख्त नहीं हो



सकी। प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ स्थानीय लोग नहर किनारे बैठे हुए थे, तभी उन्होंने नहर में बहता हुआ महिला का शव देखा। शक होने पर उन्होंने मामले की जानकारी फोन द्वारा भानस ओपी पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में बहकर आए शव को निकालकर थाना लाई। मृतका ने पीले रंग का सलवार एवं बाये पैर में पायल पहनी हुई है। ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि नहर के पानी में बहते हुए एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि महिला के सर में गहरा जख्म कर हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया है। अज्ञात महिला पीला सलवार एवं बाएं पैर में पायल पहनी हुई है। जिसकी शिनाख्त किए जाने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बांका 17 नवंबर से मंगरा गांव में शुरू होगा सात दिवसीय भागवत कथा कार्यक्रम को लेकर सदस्यों ने बैठक कर रूपरेखा किया तैयार

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) मंगरा गांव में 17 से 23 नवंबर तक भागवत कथा का आयोजन होगा, इसको लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया, सदस्यों ने बताया कि 17 नवंबर को भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा भी निकल



जाएगा, इस अवसर पर ककवारा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति जनार्धन कुमार यादव, श्याम यादव वार्ड सदस्य पंकज कुमार यादव, शिव नारायण यादव विष्णु कुमार घनश्याम यादव सहित अन्य लोग बैठक में उपस्थित रहे !

# सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य के खिलाफ काला पट्टी बान्ध कर प्रदर्शन किया।

**समाज जागरण कार्यालय संवादाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर (बिहार) सेंट जोसेफ स्कूल में नवमी कक्षा की छात्रा के साथ इस विद्यालय के दो गेम टीचर मुकेश प्रसाद और प्रिंस यादव के द्वारा किए गए छेड़छाड़ के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार आंदोलन कर रही है ,इसी कड़ी में आंदोलन को आगे बढाते हुए आज दर्जनों विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के बहुद्देशिय प्रसार के सामने काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया वही पीड़ित को न्याय दिलाने एवं दोषियों और दोषियों का संरक्षण करने वाले प्राचार्य पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते दिखे, वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने सेंट जोसफ विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है यह प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा आगे हस्ताक्षर अभियान से लेकर हल्लाबोल प्रदर्शन तक जारी रहेगा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकताओं ने अपने बाहों में काली पट्टी लगाकर यह विरोध प्रदर्शन जताया।

# छोटे बच्चे के गले से अज्ञात युवकों द्वारा सोने का चकती लेकर फरार हुए।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार के चौक बाजार में दिनदहाड़े अज्ञात युवकों ने एक छोटे बच्चे के गले से सोने कि चकती लेकर फरार हुए। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए इस मामले में जहांगीरा गांव के रहने वाली विधा भारती पति चंदन कुमार ने सुल्तानगंज थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि दोपहर घर से निकलकर छोटे बच्चे को लेकर डाक्टर के यहां जा रहे थे तभी अज्ञात युवक द्वारा छोटे बच्चे के गले से सोने का चकती आठ आने का खोलकर फरार हो गया है ।जो सीसीटीवी कैमरे में सारे कारनामे कैद हो गई है। पुलिस पुरे मामले को देखते हुए अज्ञात युवकों की पहचान में जुट गए हैं साथ ही सुल्तानगंज थाना पुलिस ने मुंशीपट्टी गांव से एक वारंटी अनुज कुमार साह को गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

# 107 वीं जयंती पर याद किए गए पंडित दिनदयाल, वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन पर डाला प्रकाश

फारबिसगंज।
पंडित दिनदयाल की दूरदर्शिता ने भारतीय राजनीति में ना सिर्फ एक नया अध्याय लिखा है बल्कि आजाद भारत के नवनिर्माण के लिये विदेशी मॉडल को अपनाने के बजाय भारत की राष्ट्रनीति, अर्थनीति, सामाजिक नीति भारत के जड़ो से जुड़ी हो ये मंत्र देकर एकात्म मानववाद व अंत्योदय के सिद्धांत के जरिये भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की नींव रखी।उक्त बातें भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष व नेहरू युवा केन्द्र के चयन समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने स्थानीय सोचेन्द्र छात्रावास में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की फारबिसगंज प्रखंड ईकाई नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश के अगुवाई में आयोजित पंडित दिनदयाल उपाध्याय के 107 वीं जयंती समारोह में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही



कहा कि श्रद्धये उपाध्याय के विचार केवल भारत के लिए ही नही बल्कि संपूर्ण विश्व के लिये अनुकरणीय है।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार एनवाईकेएस युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश राजीव यादव, अमन झा आदि ने युवाओं से आह्वान करते कहा कि दिनदयाल के एकात्म मानववाद के दर्शन अनुरूप समरसता युक्त शोषण मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लेकर युवा अपनी ऊर्जा को राष्ट्रनिर्माण में लगाएं। इस अवसर पर सुजीत झा, सुदर्शन कुमार, गौरव यादव, प्रिंस कुमार, सोनू यादव, सचिन कुमार,मो0 अशलम सहित एनवाईकेएस के अनेकों सदस्य मौजूद थे।

# आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के लिए अररिया ज़िला प्रशासन ने कसी कमर

अररिया।
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के हेतु आज डीआरडीए सभा भवन, अररिया में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन अररिया के चयनित सभी जिला स्तरीय कुल 36 मास्टर प्रशिक्षकों को नामित राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक श्री अविनाश कृष्ण, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया एवं श्री अमर कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया सदर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को निर्वाचक सूची, आई टी अप्लीकेशन, निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया यथा नामांकन, संविक्षा, अभ्यथीर्ता वापसी, प्रतीक आवंटन, आदर्श आचार संहिता, मतदान के पूर्व एवं मतदान के दिन मतदान कर्मियों का कार्य एवं दायित्व, ईवीएम/वीवी पैट, पोस्टल बैलेट, स्वीप, मतगणना आदि विषयों के बारें में गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत राज्य स्तरीय मास्टर



प्रशिक्षक द्वारा सभी मास्टर प्रशिक्षक का मूल्यांकन निर्वाचन से संबंधित प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। चयनित जिला/विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु सभी कोषांग के पदाधिकारियों/कर्मियों, सभी मतदान कर्मियों जैसे पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारियों एवं निर्वाचन से जुड़े अन्य संलग्न कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उक्त प्रशिक्षण में स्थापना उप समाहर्त्ता, अररिया, निदेशक डीआरडीए अररिया, डीसीएलआर फारबिसगंज, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मास्टर ट्रेनर राजीव रंजन, निरंजन कुमार, फिरोज आलम, अभिलाषा कुमारी, सुधा मिश्रा, रोमा कुमारी, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक, नाजिर, ऑपरेटर सहित कई पदाधिकारी, मास्टर प्रशिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

# घरेलू कामगार महिलाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक :वैशाली लाहिड़ी

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।
अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन एलो एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में असंगठित क्षेत्र के कामगारों के हितों की रक्षा तथा उन्हें उनके श्रम अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कामगार सूचना एवं सहायता केंद्र मधेपुरा द्वारा आज घरेलू कामगार सफाई कामगार एवं निर्माण श्रमिकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मधेपुरा स्थित इंटर जिला कार्यालय में संपन्न हुआ इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन नई दिल्ली से आई नेशनल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुश्री वैशाली लाहिड़ी ने उपस्थित कामगारों एवं यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जापान सरकार की सहयोग से पर्स कार्यक्रम के तहत इस योजना का संचालन मधेपुरा समेत राज्य के 6 जिलों में आयोजन किया जा रहा है उन्होंने आगे कहा कि घरेलू कामगार महिलाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है सरकार की उदासीनता एवं समाज की अपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण कामगारों की स्थिति बदतर हो गई है तथा इन्हें अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों से गुजरने के



लिए विवश होना पड़ रहा है घरेलू कामगार महिलाओं की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इन कामगारों का आज तक पहचान एक श्रमिक रूप में स्थापित नहीं हुई है जो घोर निराशा का विषय है उनके कार्य में कुशलता एक जरूरी हिस्सा है परंतु इन्हें सरकार द्वारा अपेक्षित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी का भुगतान मिलता है इस मौके पर इस कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर आलोक रंजन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए अपील किया कि यह एक सामाजिक विपन्नता के रूप में आज भी समझ में कायम है जो एक सब समाज के लिए कलंक के समान है इसके समाधान हेतु सरकार महिला संगठन एवं सामाजिक प्रबुद्ध नागरिकों का आगे आने की जरूरत है आगत अतिथियों का स्वागत जिला इंटक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने मिथिला की परंपरा पाग, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह बाबा सिंहेश्वर नाथ की तस्वीर से सम्मानित किया गया जिसे देखकर आगत अतिथि भाव विभोर एवं विह्वल हो गए। इस मौके पर कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान शिवेंद्र कुमार बबलू कुमार सहित शेखर महिलाएं एवं संगठन के कार्य करता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए अब वही शिक्षक आवेदन कर सकते हैं जिनकी सेवावधि न्यूनतम दस वर्ष होगी

पटना। प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रपति पुरस्कार के रूप में शिक्षकों को 50 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उन्हीं शिक्षकों को राज्य सरकार के द्वारा भी 30 हजार रुपए की राशि का चेक सम्मान स्वरूप दिया जाता है। जबकि राजकीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को 15 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। बिहार के शिक्षकों को अधिक से अधिक इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज पर एक्सक्लूसिव टॉक शो 'सवाल आपके, जवाब हमारे' का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता अनिल कुमार सिंह (2023), कुमारी गुड्डी (2023), द्विजेंद्र कुमार (2023), सौरव सुमन (2022), हरिदास शर्मा (2021) एवं पप्पू हरिजन (2019) शामिल हुए।
कार्यक्रम से जुड़े हुए शिक्षकों के सवालों का जवाब देते हुए अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार के सभी शिक्षक चाहे वह नियमित हो या नियोजित सभी तरह के शिक्षक अर्थात प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं प्रधानाध्यापक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में ही विभाग द्वारा यह संशोधन किया गया है कि अगले वर्ष 2024 से केवल वही शिक्षक एवं शिक्षिका आवेदन कर सकते हैं जिनकी सेवावधि न्यूनतम 10 वर्ष पूर्ण होगी।
राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार से अधिकतम 6 शिक्षक/शिक्षिकाओं का चयन किया जा सकता है परंतु अभी तक किसी भी वर्ष अधिकतम शिक्षक/शिक्षिकाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार नहीं मिल पाया है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष जून-जुलाई महीने




में विभाग के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। एक ही आवेदन से राष्ट्रपति एवं राजकीय दोनों पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। विदित हो कि स्क्रूटनी के क्रम में प्रत्येक जिले से अधिकतम 3 शिक्षकों के नाम की अनुशंसा जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा की जाती है। फिर भी प्रत्येक जिले से शिक्षकों के द्वारा आवेदन नहीं भरा जाता है। जिसके कारण किसी-किसी जिले से एक भी शिक्षकों का चयन राजकीय पुरस्कार के लिए भी नही हो पाता है। उन्होंने कहा कि आवेदन की प्रक्रिया थोड़ी जटिल जरूर है लेकिन उतना भी जटिल नहीं है कि कोई शिक्षक ठीक तरह से आवेदन भी नहीं भर पाएं। आवेदन करने के लिए शिक्षकों को अपने शैक्षिक उपलब्धियों से संबधित दस्तावेजीकरण करना अनिवार्य होता है। इसलिए अगले वर्ष 2024 के लिए आवेदन करने के इच्छुक शिक्षक/शिक्षिका अभी से ही अपने कार्यों की दस्तावेजीकरण करते रहें।
कार्यक्रम को मॉडरेट करते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े शिक्षक एवं शिक्षिका जो नियमित रूप से अपने विद्यालय में आयोजित नवाचारी गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करते रहते हैं उनकी सुविधा के लिए बहुत जल्द ही बिहार के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का विवरण टीचर्स ऑफ बिहार के मंच पर साझा किया जाएगा। जिनसे संबधित शिक्षक व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर आवेदन के क्रम में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार एवं टीम लीडर भागलपुर जिले की शिक्षिका नम्रता मिश्रा ने किया। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार कर प्रदेश प्रवक्ता अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार ने दी।

# एस एस बी द्वारा संचालित 15 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का हुआ समापन


कुसार्कांटा ।
महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया के निर्देशन व श्री सी० विवेक की अगुवाई में 15 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का समापन दिनांक 25/09/2023 को पंचायत भवन लैलोखर में किया गयो इस दौरान कुल 24 महिलाओं द्वारा सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया गयो प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों को वाहिनी की तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किए गऐ इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला और उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि सीमावर्ती गाँव में पुनः ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाए ताकि स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सके इस दौरान श्री सी० विवेक ने कहा कि सीमावर्ती लोगों के उत्थान के लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय समय पर एसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिनसे सीमावर्ती लोग स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके इस मौके पर स०उ०नि० विष्णु पदा घोष, मु०आ० जगत नारायण, आ० लछुमन दरजी, रोहिते, अमित



कुमार सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे
इसके अलावा गत दिनों की भांति दिनांक 25.09.2023 को 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा सीमान्त के कुल 24 गाँव से ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। इस कार्क्रम में देश के प्रति स्नेह जताते हुए स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में इंटरमीडिएट ग्यारहवीं एवम बारहवीं की मासिक परीक्षा शुरू: डा. अरविंद कुमार

मधेपुरा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निर्देश के आलोक में इंटर



कला, वाणिज्य एवम विज्ञान संकाय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माह सितंबर की मासिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में बोर्ड के निदेष के आलोक में इंटरमीडिएट ग्यारहवीं एवम बारहवीं की मासिक परीक्ष शुरू कर दी गई है। अपराह्न डेढ़ बजे से तीन बजे प्रथम पाली एवम साढ़े तीन बजे से पांच बजे द्वितीय पाली में सोमवार को परीक्षा ली गई। इधर परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में फिजिक्स, फिलोसोफी एवम कॉमर्स एवम द्वितीय पाली में केमेस्ट्री,पॉलिटिकल साइंस एवम कॉमर्स के सभी छात्र छात्राएं परीक्षा में एपियर हुए। रूटीन के अनुसार चल रही यह परीक्षा चार अक्टूबर तक चलेगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रकाश पुंज बनकर सदैव हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे: विधायक

फारबिसगंज। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती समारोह कार्यक्रम



विधायक जनसंपर्क कार्यालय में शक्ति केंद्र संख्या 07 पर समारोह पूर्वक मनाया गया ' इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह के द्वारा किया गया' इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माननीय विधायक श्री विद्यासागर केसरी जी रहे ' इस मौके पर विधायक विद्या सागर केशरी ने कहा कि वे प्रकाश पुंज बनकर सदैव हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे।विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्पष्ट कहना था कि भारतीय दृष्टिकोण, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले साढ़े 09 वर्ष के दौरान जो भी कार्य हुए हैं, इसकी प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'अंत्योदय का संकल्प' है। मौके पर मौजूद विधायक विद्या सागर केशरी उर्फ मंचन केशरी,नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह, मनोज झा,प्रदीप करण, प्रसंजीत कुमार, उमेश मेहता, मनोज गुप्ता, दिलीप मेहता सोहन लाल मेहता,इंद्रदेव सिंह, अर्जुन कुमार,श्याम लाल, मिथिलेश ऋषिदेव, भोला मेहता, सचिन ठाकुर, प्रमोद कुमार,अजय साह, मनीष कुमार, पिनका रंजन, अरुण ऋषिदेव,संकर सिंह अविनाश कनोजिया, किसान शर्मा, अलोक सिंह,प्रेम केशरी आदि लोग मौजूद थे।

# जिले में डेंगू के अब तक 17 मरीज, फिलहाल 04 एक्टिव मरीज

## *प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर करायी जा रही है फॉगिंग*

अररिया ।
जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। अब तक जिले में कुल 17 डेंगू के मरीज मिले हैं। इसमें 13 मरीज डेंगू से जुड़ी चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में डेंगू के 04 एक्टिव मरीज हैं। इसमें एक की तबीयत अधिक खराब होने की स्थिति में उन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिये



पूर्णिया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां अब मरीज की हालत सामान्य बनी हुई है। शेष डेंगू के तीन अन्य मरीजों का उनके घर पर ही समुचित इलाज जारी है। डेंगू मरीजों को सभी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार जरूरी पहल कर रहा है।

डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये विभाग अलर्ट

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में डेंगू को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य है। डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डेंगू संक्रमण के शिकार सभी मरीजों के घर के आसपास 500 मीटर के दायरे में फॉगिंग करायी जा रही है। संक्रमित सभी व्यक्ति के घरों में फॉगिंग संपन्न हो चुकी है। डेंगू मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार की गयी है। नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है। ताकि उन्हें समुचित चिकित्स्कीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में संबंधित नगरपालिका व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के स्तर से छिड़काव किया जा रहा है। पूर्व में विभाग के पास उपलब्ध महज एक फॉगिंग मशीन से काम चलाना पड़ता था। इसकी कमी को देखते हुए विभागीय तौर पर चार फॉगिंग मशीन की खरीदारी की गयी है। इसके अलावा फारबिसगंज के लायंस क्लब के पास उपलब्ध फॉगिंग मशीन भी उपयोग में लायी जा रही है।

जांच व इलाज का पर्याप्त इंतजाम

जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम उपलब्ध है। डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी पीएचसी व एपीएचसी स्तर पर डेंगू जांच से संबंधित सुविधा उपलब्ध है। डेंगू संबंधी मामलों के सत्यापन के लिये सदर अस्पताल में एलीजा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। प्रारंभिक जांच में डेंगू का लक्षण उजागर होने पर सैंपल वैरिफिकेशन के लिये इसे सदर अस्पताल भेजा जाता है। जहां डेंगू का मामला सत्यापित होने पर मरीजों की समुचित जांच के बाद जरूरी चिकित्सकीय सुविधा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है।

# संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग में होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर।
निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के के पत्र के आलोक में सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग, नया सचिवालय, पटना में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) दिया जाना है। इसके तैयारियों की समीक्षा के निमित्त कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के निदेशानुसार सोमवार को डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि कुलपति ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है।
उन्होंने बताया कि निदेशक उच्च शिक्षा से प्राप्त पत्र के आलोक में कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने गत 19 सितंबर को ही सभी संबंधित महाविद्यालयों को प्रेषित कर अनुरोध किया है कि तालिका मे निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि को ससमय विभागीय प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के समक्ष शिक्षा विभाग के सभागार में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन सुनिश्चित किया जाए। कुलपति के निदेशानुसार सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह पत्र रविवार को दुबारा ई. मेल एवं वाट्सएप से भेजा गया है। इसके साथ ही सोमवार को निर्धारित ऑनलाइन बैठक की सूचना भी प्रेषित की गई और सोमवार को आनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए यूभीके कॉलेज, कड़ामा-आलमनगर के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. माधवेन्द्र झा ने पीपीटी के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीपीटी में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देनी है। इसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय का नाम, गेट का फोटोग्राफ, महाविद्यालय को संबद्धता प्रदान करने के पत्र, विषय का नाम प्राप्त संबंधन का प्रतिवेदन, संबंधन का पत्रांक एवं दिनांक तथा अभियुक्ति देना है। जियो टैगिंग पर महाविद्यालय का भवन, आधारभूत संरचना एवं भूमि का कुल 5 फोटोग्राफ, भूमि के अभिलेख का विवरण, निबंधन संख्या, कुल रकवा, खाता संख्या, खेसरा संख्या एवं थाना नंबर भी देना है। अद्यतन मालगुजारी रसीद का फोटो भी देना है। दो भू-खण्डों में भूमि होने की स्थिति में दोनों भू-खण्डों की बीच की दूरी के संबंध में अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत दूरी का प्रमाण-पत्र संलग्न करना है। लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट का फोटो, महाविद्यालय का नजरी नक्शा का फोटो देना है। उन्होंने बताया कि पीपीटी में विषयवार प्रयोगशालाओं एवं कम्प्यूटर लैब के अंदर के सभी सामग्री के साथ कुल 05 फोटो एवं विडियो देना है। साथ ही पुस्तकालय में मानक के अनुरूप पुस्तकों की संख्या तथा मैगजीन, जर्नल एवं दैनिक समाचार पत्र सहित का कम से कम 10 फोटो एवं विडियो भी देना है। इसके अलावा विगत सत्र में नामांकित छात्र- छात्राओं की संख्या (पाठ्यक्रमवार) तथा सत्रवार उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की संख्या पाठ्यक्रमवार सभी वर्ग कक्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अलग- अलग फोटोग्राफ एवं विडियो देना है। उन्होंने बताया कि अंत में क्या महाविद्यालय द्वारा एनएएसी एवं एनआईआरएफ और यूजीसी के 2-एफ एवं 12-बी से मान्यता के लिए किए गए प्रयासों के फलाफल की विवरणी एवं योजनाएं और के लिए किए गए प्रयासों की स्थिति की भी जानकारी देनी है। यदि महाविद्यालय में वोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्स चल रहे हैं, तो उसकी विवरणी मान्यता देने वाली संस्था के पत्र के साथ देना है। शिक्षको एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के विषयवार नाम, योग्यता, आधार नं. एवं फोटोग्राफ, मोबाईल नं. कई जानकारियां देनी है। इसके अलावा उपलब्ध कोष, महाविद्यालय के सभी के सभी खातों की जानकारी,



उपलब्ध कुल राशि का भी विवरण देना है। महाविद्यालय के कुल उपलब्ध उपस्कर, कुर्सी, बेंच-डेस्क आदि की जानकारी देनी है। इसके अलावा महाविद्यालय के वेबसाइट का यूआरएल तथा वेबसाइट के अंतिम अपडेशन की तिथि एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं अंकित हैं दशार्या जना है। मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि यह सभी संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अपनी सुव्यवस्था के प्रदर्शन का एक सुनहरा अवसर है। इसमें घबड़ाने की बात नहीं है। जहां भी कोई दिक्कत हो, विश्वविद्यालय पदाधिकारियों और अन्य महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से भी सुझाव लिया जा सकता है।
उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन बैठक का संचालन करते हुए उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बीएनएमयू के 14 संबद्ध महाविद्यालयों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) 26-30 सितंबर के बीच अ. 05 बजे से उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष सुनिश्चित है। इसके लिए उ. निदेशक दिवेश कुमार चौधरी, उ. निदेशक विभा कुमारी, निदेशक प्रो. रेखा कुमारी, सचिव वैद्यनाथ यादव, उ. निदेशक दीपक कुमार एवं विशेष सचिव सतीशचन्द्र झा के नाम निर्धारित हैं। 26-30 सितंबर तक निर्धारित है पीपीटी उन्होंने बताया कि सबसे पहले 26 सितंबर को एकमात्र यूभीके कॉलेज, कडामा-मधेपुरा का पीपीटी होगा। तदुपरांत 27 सितंबर को 10 महाविद्यालयों का पीपीटी होना है। इनमें सीएम साइंस कॉलेज, मधेपुरा, आदर्श कॉलेज, घेलाड़-मधेपुरा, एसपीएम लॉ कॉलेज, मधेपुरा, के. बी. वीमेंस कॉलेज, मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा, डिग्री कॉलेज, सुपौल, लक्ष्मीनाथ कॉलेज, बनगांव-सहरसा, बीएस कॉलेज, सिमराहा-सहरसा, ए. एल. वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज-सुपौल एवं एस. एन. एस. महिला कॉलेज, सुपौल के नाम शामिल हैं। इसके अलावा 29 सितंबर को के. एन. डिग्री कॉलेज, राघोपुर-सुपौल एवं आर. पी. एम. कॉलेज, तुनियाही-मधेपुरा और 30 सितंबर को एस. ए. के. एन. डी. कॉलेज, मधेपुरा का पीपीटी होना है। पीपीटी के बाद ही जारी होगा अनुदान उन्होंने बताया कि पीपीटी के लिए कई महत्वपूर्ण निदेश प्राप्त हुए हैं। तदनुसार एक ही तिथि का जीपीएस मैप कैमरा (सॉफ्टवेयर) से खींचे गए सभी वर्ग कक्षों में संचालित वर्ग-कक्ष का फोटो पीपीटी में लगाना है। यही महाविद्यालय में वास्तविक छात्रोपस्थिति का साक्ष्य होगा। पीपीटी में पिछले एक सप्ताह का तिथिवार एवं विषयवार छात्र/छात्रा की उपस्थिति दर्ज करनी है। पीपीटी के समय शासी निकाय/ ऐड-हॉक कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित होंगे। पीपीटी के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा विभाग से सहमति प्राप्त कर संबद्ध महाविद्यालयों को अनुदान मुक्त किया जाएगा।

# सुनील यादव देवता बनाए गये उपाध्यक्ष, मिली नयी जिम्मेदारी

**समाज जागरण**

चन्दौली पड़ाव जिले के चर्चित चेहरा और जाने माने यूवा नेता एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता श्री सुनील कुमार यादव ( देवता ) जी को देश एवं प्रदेश मे पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के लिए संघर्षशील संगठन भारतीय मीडिया फाउंडेशन ने मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत किया और जैसे ही यह खबर क्षेत्रीय लोगों को लगी बड़ी संख्या मे लोग सुनील कुमार यादव देवता जी को बधाई देने वालों का तांता लग गया कोई फूल माला लेकर तो कोई गुलदस्ता लेकर देवता जी को बधाई देने निकल पड़ा उनके आवास पर बड़ी संख्या मे लोग जुट कर बधाई दिया और फूल माला से लाद कर लोगों ने हौसला बड़ाया इस मौके पर अपने संबोधन मे देवता जी ने कहा कि पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हम ने भारतीय मीडिया फाउंडेशन को चुना है जहां भी पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के सम्मान के साथ खिलवाड होगा वहां पर सुनील कुमार यादव देवता खड़ा मिलेगा और संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है उसका पूरी इमानदारी से पालन किया जाएगा इस मौके पर बड़ी संख्या मे लोग शामिल रहे



# गांव गांव मे पार्टी को फैलाने का संकल्प लिया गया

**समाज जागरण**

वाराणसी रामनगर शिव सेना पार्टी ( उ ) के क्षेत्रीय कार्यालय मे एक जरुरी बैठक सम्पन्न हूई जिसमे बताया गया की आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर व्यापक तौर से सटीक रणनीति बनाया गया इस मौके पर संदीप जायसवाल को मण्डल उप प्रमुख बनाया गया और नियुक्ति लेटर देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर अपने संबोधन मे संदीप जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है इस जिम्मेदारी को निभाने मे मै कोई कोर कसर नही होने दिया जाएगा ! काशी मण्डल प्रभारी विक्रम यादव ने बताया की पार्टी को जिले जिले मे फैलाने का संकल्प लेकर मै निकला हूं बूथ स्तर पर पार्टी को नये सिरे से मजबूत किया जा रहा है इस दौरान नगर प्रमुख गुलाब सोनकर, बचानू विश्वकर्मा, हरि नारायण, प्रेम नारायण, गुडडू वर्मा समेत बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता शामिल रहे



# रैली को सफलता के लिए वामपंथी जनवादी दलों के कार्यकताओं ने शुरू किया चंदा अभियान

अयोध्या।

आगामी 11 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में वामपंथी जनवादी दलों की राज्य स्तरीय विशाल रैली का आयोजन होना है।

उक्त जानकारी कामरेड मो0 शेख इशहाक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और अधिक से अधिक संख्या की भीड़ पहुंचे इसके लिए अभियान चलाकर कार्यकताओं के सहयोग से क्षेत्रीय लोगों से चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। जिससे लोगों को आसानी से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा जा सके। इस रैली का मुख्य संदेश महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, अल्पसंख्यकों व दलितो पर बढ़ते हमले एवं बुलडोजर राज और सांप्रदायिकता के खिलाफ है। इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) शामिल हैं। उपरोक्त सभी का लक्ष्य भाजपा हटाओ इंडिया जिताओ है। चंदा अभियान कार्यक्रम में कामरेड माताबदल,कामरेड बाबूराम यादव, कामरेड जगन्नाथ प्रजापति, कामरेड अशोक यादव,कामरेड रामभरोस सहित विरईलाल निषाद ,अनिल तिवारी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सूर्यकुंड मेला अयोध्या : उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या।

परंपरागत रूप से बड़े रविवार पर दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर लगने वाले मेले में आस्था का सैलाब उमड़ा। सूर्यकुंड में भक्तों ने श्रद्धा के साथ डुबकी लगाई। परिसर स्थित मंदिर में सूर्यदेव के दर्शन पूजन के लिए लम्बी कतार दिखाई दी। ज्योतिष के अनुसार सूर्यदेव को समर्पित हवन पूजन तथा मंत्रों का जाप करते भी श्रद्धालु नजर आये। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की तैनाती रही।

भाद्रपद शुक्ल षष्ठी को सूर्य षष्ठी के रूप में मनाया जाता है। इस षष्ठी के बाद पड़ने वाले रविवार को बड़ा रविवार कहा जाता है। बड़े रविवार पर सूर्यकुंड पर परम्परागत रूप से मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें अगल बगल के जनपदों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्नान व पूजन के लिए उमड़ती है। ऐसी मान्यता है कि बड़े रविवार के दिन सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद भगवान सूर्य का दर्शन पूजन करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है व मनोवाछिंत फल प्राप्त होते है। बड़े रविवार को अयोध्या जनपद के साथ अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोण्डा, सुल्तानपुर, बाराबंकी से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्यकुंड पहुंचे। विभिन्न वाहनों व टैक्टर ट्राली से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मेले में भ्रमण किया। यहां खरीदारी किया। व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया।

# राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना मुख्य सड़क

समाज जागरण

चन्दौली डीडीयू नगर।क्षेत्र के तारापुर गांव के समीप धानापुर राजवाहा पर बनी मुख्य सड़क रेगुलेटर के पास कटकर रजवाहा में समाहित होने से राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना हुआ है।इसको लेकर राहगीरों में भारी रोष व्याप्त है। तारापुर रेलवे गेट से होकर महेवा गांव को जाने वाली मुख्य सड़क धानापुरा रजवाहा में जगह-जगह कटकर समाहित होने से राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना हुआ है। आएदिन राहगीर आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। राहगीरों ने इसकी शिकायत भी कई बार विभागीय अधिकारियों से किया। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर हरिश्चंद्र पटेल,लालबरत यादव, रविकांत पाल, फिरोज अहमद, विपिन मिश्रा सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेताया कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अयोध्या की मशहूर राम लीला का हुआ भूमि पूजन, 14 से 24 अक्टूबर तक होगा मंचन

राजेश तिवारी

अयोध्या। देश विदेश में प्रसिद्ध धार्मिक रामनगरी अयोध्या मे फिल्मी सितारों से सजी अयोध्या की रामलीला के भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक बाबी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, साधु संतों एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा भूमि पूजन किया गया। 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर चलने वाली रामलीला में फिल्म जगत के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी।

मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि हर्ष का विषय है कि हर साल अयोध्या की रामलीला की भूमि पूजन मे शामिल होता हूँ। इस साल अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण हैं। अयोध्या की रामलीला से पूरे विश्व मे भगवान राम जी का सन्देश जाता हैं।

रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार रवि किशन



केवट, पूनम ढ़िल्लो माता शबरी की भूमिका में नजर आयेंगे। अनिल धवन, गजेन्द्र चौहान जैसी नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें। पिछली बार 25 करोड लोगों ने अयोध्या की राम लीला देखी थी। इस बार 50 करोड लोगों द्वारा इस देखने की उम्मीद है।

उन्होनें आगे कहा कि कहा कि शाम 7 से रात 10 बजे तक राम कथा पार्क,नया घाट अयोध्या से लाइव दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस साल अयोध्या के रामलीला को सेटेलाइट चैनल्स द्वारा टीवी पर लाइव दिखाया जाएगा। अयोध्या के रामलीला का अपना यूट्यूब चैनल हैं उस पर लाइव दिखाया जायेगा। अयोध्या के रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। इस साल अयोध्या के रामलीला चौथा संस्करण हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की बहुत खुशी है।अ योध्या की रामलीला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ, सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह व नगर निगम के सहयोग से होता है।

## श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन बाल लीलाओं का किया वर्णन

एट संवाददाता।

अमर शांति आश्रम पचोखरा गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को पं रोहित रिछारिया महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये



हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

# किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रशासनिक अधिकारीयों के न पहुंचे से किसानों में रोष व्याप्त....

अहिरोरी/हरदोई-किसान शक्ति महासभा बैनर तले सोमवार को गुटके पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसानों ने किसान पंचायत की। संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों का त्वरित निस्तारण न होने के चलते विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत गोंडाराव बाजार परिसर में संगठन द्वारा किसान पंचायत की गई। पंचायत में मंच का संचालन कर रहे संगठन के पदाधिकारी जगरूप भारती ने मंच के माध्यम से किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के झुलमुल रवैया पर सवाल उठाए।पंचायत में पहुंचे संगठन के जांबाज सिपाही प्रमुख महासचिव उत्तर प्रदेश मोहित तिवारी ने बताया पूर्व में उठाए गए मुद्दों धरना प्रदर्शनों में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया न ही समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिसको लेकर आज किसान पंचायत की गई है किसान पंचायत मैं किसनों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रशासन की ओर से कोई आला




अधिकारी नहीं पहुंचा। जिससे किसानों में रोष व्याप्त हुआ है संगठन ने निर्णय लिया है जब तक किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन, अन्नजल त्याग करेंगे सीएम ऑफिस लखनऊ के लिए भी कूच करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष नीरज शुक्ला ने बताया प्रशासनिक अधिकारियों की हीला हवाली के चलते किसानों को समय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। किसानों व ग्राम सभाओं की जमीनों पर भू-माफियाओं ने अवैध कब्जा,गांव में गौशाला ना होना, टायलीकरन, इंटरलॉकिंग, आवास व सरकारी गल्ले की दुकान में अनियमितताओं की भी बात कही है।इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे। हरदोई से आमीन की रिपोर्ट

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाएः-अपर आयुक्त

11. आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर आयुक्त घनश्याम सिंह ने मंडलायुक्त द्वारा पूर्व में किये गए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों से शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाए। कृत कार्रवाई से मंडलायुक्त कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। अपर आयुक्त ने शिकायतों की निस्तारण आख्या की जाँच की। उन्होंने स्वयं कुछ शिकायतकताओं को फोन करवाया तथा निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित शिकायतों की निस्तारण आख्या में न्यायालय का नाम व वाद संख्या का उल्लेख किया जाए। उन्होंने दो काफी पुराने मामलों का तत्काल निस्तारण करवाया। नाम शुद्धिकरण कर एक खतौनी तत्काल जारी करवाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे हरदोई से ब्यूरो चीफ अमीन की रिपोर्ट




# जिलाधिकारी के आदेश अनुसार जिला आपूर्ति अधिकारी ने टीम के साथ पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

फरुर्खाबाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश अनुसार जिला आपूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने अपनी टीम विजय कुमार ऋषभ अग्रवाल राजीव कुमार के साथ रेंडम के आधार पर पेट्रोल पंपों की जांच की जिसमें भजनलाल फिलिंग स्टेशन बरौन बढपुर में टीम को प्रबंधक अनुपस्थित मिले स्टाक/ अभिलेख डीजल पेट्रोल की नाप कम पाई गई जिस पर विधि माप विभाग द्वारा नोज ल को तुरंत बंद कर दिया गया पंप संचालक को कंबाइंड करने के बाद ही नोजल पर बिक्री करने के निर्देश दिए गए डीजल के परीक्षण के लिए तीन सैंपल लिए गए सैंपल पंप मालिककी,सुपरुदगी में दिए गए प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन फैजाबाद शमशाबाद में जाच टीम को शुद्ध पेयजल आरो शौचालय के समीप स्थापित मिला जिस पर जांच टीम ने , दूसरी जगह लगाने के निर्देश दिए हमारा पंप उदय भान सिंह फिलिंग स्टेशन खानपुर शमशाबाद में जांच के दौरान गंभीर अनिताएं नहीं मिली तब पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने राहत की सांस ली

# पलियालोहानी गांव में बन रही स्पेस लैब, ग्रामीण बच्चे सीखेंगे अंतरिक्ष विज्ञान, इसरो के वैज्ञानिक लेंगे आनलाइन क्लास

राजेश तिवारी

अयोध्या : जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी गांव में स्पेस लैब बनेगी। यहां गांव के बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में सीखेंगे। भारत ने चंद्रयान -3 की सफल लांचिंग करके पूरे विश्व में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में अयोध्या जिले की दक्षिणी सीमा पर स्थित हैरिंग्टनगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी का कंपोजिट विद्यालय अब एक ऐसा सरकारी स्कूल होगा, जहां अंतरिक्ष विज्ञान की प्रयोगशाला बनकर तैयार होने वाली है।

बताया जा रहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो) के सेवानिवृत्त विज्ञानी नियमित दो घंटे अंतरिक्ष विज्ञान की आनलाइन कक्षाएं चलाएंगे। यही नहीं व्योमिका स्पेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्कूल के बच्चों को एजूकेशन ट्रिप पर अहमदाबाद ले जाया जाएगा। जहां बच्चे स्पेस एप्लिकेशन सेंटर पर जाकर अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे।

स्पेस लैब में एस्ट्रोनॉमी प्रोजेक्ट किट, हेक्साकाप्टर ड्रोन किट, माइक्रोड्रोन एयरक्राफ्ट किट, सोलर एंड डीप स्काई आब्जर्वेशन टेलीस्कोप, प्रज्ञान स्केल माडल ग्रोवर, सेटेलाइट माडल सहित 42 संयंत्र यहां उपलब्ध होंगे।



इसके निर्माण पर कुल 8.26 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसे पंचायत निधि से वहन किया जाएगा। लैब का निर्माण अक्टूबर माह तक पूर्ण हो जायेगा। केंद्र सरकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अनुरूप इस विद्यालय का विकास करने का प्रयास ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के विजन "स्पेस एजूकेशन" के सपनों को साकार करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्पेस लैब स्थापित करके बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करने हेतु बढ़ावा देना है। जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करके अपनी पहचान बना सकें। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसके लिए व्योमिका स्पेस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ गोविन्द यादव से बात हो चुकी है। व्योमिका स्पेस लैब प्राइवेट लिमिटेड एक ऐसी संस्था है, जो इसरो से जुड़कर बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई हेतु तैयार करती है। ग्राम प्रधान ने बताया कि स्पेस लैब कम्पलीट होने में अभी दस प्रतिशत कार्य बाकी है, उसे जल्द ही पूर्ण करा कर अक्टूबर माह में स्पेस लैब शुरू कर दिया जाएगा।

## शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन हमारा प्रशासनिक दायित्व होने के साथ ही सामाजिक दायित्व भी हैः जिलाधिकारी

जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य लगातार जारी है। 25 सितम्बर सोमवार को 5 बजे तक जनपद शीर्ष जनपदों के बीच बना हुआ है।



सोमवार को जनपद में कुल 3938 आवेदन किये गए। जिसमे से 3467 आवेदन स्वीकृत हुए। दोनों ही मामलों में जनपद लगातार शीर्ष जनपदों में बना हुआ है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के लिए लागातार प्रयास किये जा रहे हैं। उनके द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठके की जा रही हैं। प्रशासनिक मशीनरी लगातार नई ऊर्जा के साथ आयुष्मान भव अभियान को सफल बनाने में लगी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को जागरूक करने का भी कार्य भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं भी लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं तथा लोगों को आयुष्मान ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास आदि विभागों की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद की प्रशासनिक मशीनरी व जनसहभागिता का समन्वित परिणाम है। आयुष्मान कार्डों की दैनिक प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी जनपदवासियों के सहयोग से शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रयास जारी हैं। शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन हमारा प्रशासनिक दायित्व होने के साथ ही सामाजिक दायित्व भी है। हरदोई से ब्यूरो चीफ आमीन की रिपोर्ट

# पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया गया याद

माधोगढ़ जालौन

जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महान विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज कुरसेड़ा के बूथ क्रमांक 190 में सुदीप सेंगर के आबास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरंभ में पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विस्तारक सुदीप सेंगर ने कहा कि दीनदयाल जी के आदर्शों के अनुरूप राजनीति को परिभाषित और प्रकाशित करने की जिम्मेवारी जनसंघ पर है। राजनीतिक दलों ने न तो देश विभाजन से कोई सबक लिया है न अन्य राष्ट्रों की राजनीति से।नेताओं में या तो इतिहासबोध नहीं है या फिर सत्य स्वीकार करने की इच्छा। सत्ता और क्षणिक स्वार्थ में देश की अपूरणीय क्षति करने वाले तत्त्वों का वर्चस्व बढ़ रहा है।भ्रष्टाचार, अपराध, अवसरवाद,जातिवाद का पोषण करनेवाले देश-विरोधी तत्त्वों से राजनीति को मुक्त व शुद्ध कर इसे विशुद्ध देशभक्ति , समाजसेवा का माध्यम बनाना आवश्यक है। चुनावों में गलत तत्त्वों और दलों को बहिष्कृत कर सुयोग्य सेवाभावी लोगों को आगे लाना समय की आवश्यकता है।इस मौके पर सुदीप सिंह सेंगर शशिवेंद्र सिंह सेंगर मुदित सिंह रामनिवास रामजी तिवारी बेचू महाराज कल्लू सिंह राहुल विक्रांत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

# सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने निकाली विशाल गणेश विसर्जन शोभायात्रा उमड़ा जन सैलाब

जनपद फरुर्खाबाद थाना जहानगंज के अंतर्गत आज समय करीब 10:00 से ग्राम अदमापुर से विशाल गणेश विसर्जन शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से हजारों की तादात में भक्तगण चलते चलते करीब 2:00 बजे जहानगंज पहुंचे जगह-जगह लोगों ने इस यात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और इस यात्रा को सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत की अगुवाई में उनके साथियों के सहयोग से ग्राम अदमापुर से लेकर घटियाघाट तक निकाला गया इस यात्रा में जगह-जगह जय गणेश जय गणेश के नारों से धूम मची रही तू वहीं सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने बताया कि हम लोग इस बार सातवीं गणेश विसर्जन यात्रा निकाल रहे हैं और लोगों का काफी सहयोग हमें मिलता है और साथ ही साथ किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं आती है और हमारा प्रशासन भी हर समय हमारा साथ कांधे से कंधा मिलाकर चलता है इस गणेश विसर्जन यात्रा में

## तहसील कायमगंज के अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज होने पर अमृतपुर अधिवक्ता संघ ने कार्य का बहिष्कार करने की घोषणा की

फरुर्खाबाद की तहसील कायमगंज विधिक परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार का विरोध प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला जलाया जिस पर कायमगंज पुलिस द्वारा बार एसोसिएशन के अधि वक्ताओं पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जिससे अधिवक्ताओं में रोज पनप रहा कायमगंज बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता संघ अमृतपुर से सहयोग समर्थन मांगा गया इसी क्रम में आज 25 सितंबर को अमृतपुर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनोद प्रकाश द्विवेदी सचिव गजेंद्र सिंह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी न्यायालय से विरत रहने का निर्णय लिया गया इस मौके पर तहसील के समस्त अधिवक्ता गण उपस्थित रहे

# प्रतिबंधित पेड़ो को काटने पर वन माली सहित दो पर हुई कार्यवाही

बेनीगंज/हरदोईशनिवार को थाना क्षेत्र के काकूपुर स्थित गांव किनारे लकड़ी कारोबारी द्वारा बिना परमिट व संबंधित अधिकारियों को सूचना के 6 हरे भरे विशाल पेड़ों को काट कर गायब कर दिया गया। जिसकी सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी (रेंजर) विनय कुमार सिंह को दी गई। उन्होंने मामले पर एक्सन लेते हुए पेड़ मालिक एवं लकड़ी कारोबारी सहित क्षेत्रीय वनमाली पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की। पत्रकारों द्वारा फोन के माध्यम से पूछे जाने पर रेंजर विनय कुमार सिंह ने बताया कि 4 गूलर 2 नीम के पेड़ों का अवैध कटान करने पर पेंड मालिक मातादीन पुत्र जवाहर निवासी ग्राम काकूपुर व विक्रम सिंह पुत्र अजय पाल सिंह उर्फ डब्लू सिंह ग्राम अटिया,पंकज कुमार अवस्थी पुत्र लाल बिहारी ग्राम सिंकन्दरपुर थाना बेनीगंज जनपद हरदोई के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 व अभिवहन नियमावली 1978 के तहत विभागीय



मुकदमा दर्ज किया गया है। ताकि हरे भरे पेड़ों को अब काटा न जा सके। वही शुक्रवार को कछौना वन रेंज के कोथावां गांव किनारे काटे गए हरे भरे आम के विशाल दो पेड़ों को लेकर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि उनके द्वारा मौके पर जाकर मामले की जांच की जा चुकी है। हरदोई से आमीन की खास रिपोर्ट

## अलग- अलग सड़क दुर्घटना में दो हुये घायल

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)25 सितम्बर 2023:- जिले मे सोमवार को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में हुवे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल हो गये। पहली घटना सियानी उर्फ मधवापुर के समीप पल्सर व बोलेरो में टक्कर होने से घायल सिमरिया थाना क्षेत्र के खपिया निवासी दो पहिया चालक 38 वर्षीय मो. रज्जाक पिता अजीज अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पूछे जाने पर डॉ जयनारायण ने जानकारी देते हुवे कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालात फिलवक्त सामान्य है । वहीं दूसरी घटना उडसु मोड़ में तब हुई जब दोपहिया वाहन चालक केरेडारी थाना क्षेत्र के पुरनी पेटो निवासी जलेश्वर यादव अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया। इस दौरान माथा में गंभीर चोट लगे होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर दिया।

## बगोदर स्वास्थ्य मेला में नहीं पहुंचे ग्रामीण मेले का नहीं हुआ उदघाटन, समारोह के नाम पर लाखों खर्च बेकार

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)25 सितंबर 2023 :- बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की जांच एवं अन्य प्रकार के दवाइयों का वितरण को लेकर स्वास्थ्य



मेला आयोजित की गई थी , लेकिन मेला सफल नहीं हो पाया बताया जाता है कि बगैर प्रचार प्रसार के कोरम पूरा करने की तरह आज का दिन रखा गया था । जबकि आज ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मा पूजा उत्सव के चलते लोग अपने उत्सव में लीन थे , सरकार के पैसे लाखों रुपए पानी में बर्बाद हो गया । स्थानीय जनप्रतिनिधि उद्घाटन के लिए पहुंचे तो जरूर थे लेकिन ग्रामीणों की उपस्थिति शून्य देखकर उद्घाटन से इनकार करते हुए इसे घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया ।और वहां से निकलते बने इस संबंध में बगोदर प्रखंड प्रमुख आशा राज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीणों को लाभ मिलना चाहिए लेकिन पदाधिकारी की लापरवाही से कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता है । वहीं दूसरे तरफ माले नेता संदीप जायसवाल ने जोर देकर कहा कि बगोदर में स्वास्थ्य के नाम पर पदाधिकारी भद्दा मजाक करते हैं जो छम्य नहीं है । अगर पुनः इसकी सूचना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर आयोजन नहीं किया गया तो हम लोग पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की दिशा में पहल करेंगे । कार्यक्रम के नाम पर लाखों रुपए बर्बाद किया गया जो ठीक नहीं है।

## यदि हम किसी बेसहारा का सहारा बन पाए तो वह कहलाती हैं जिंदगी... समर्पण एक नेक पहल संस्था के संरक्षक मनोज मंडल

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

समर्पण एक नेक पहल संस्था के संरक्षक के पहल पर एक बुजुर्ग मरीज को



चार यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराई गई, संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि बोकारो के सिटी केयर हॉस्पिटल में 75 वर्षीय बुजुर्ग नाम दीपक डे ईलाजरत हैं, इनके शरीर में हीमोग्लोबिन एवं प्लेटलेट्स की मात्रा बहुत कम हो गई हैं साथ ही प्लेटलेट्स भी लगातार कम होते चले जा रही हैं, इन्हें प्लेटलेट्स की कुल चार यूनिट की अवश्यकता हैं, कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संरक्षक मनोज मंडल ने एशियन जालान ब्लड बैंक प्रबंधक से संपर्क कर 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज दीपक डे के लिए तत्काल चार यूनिट ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स की माँग किया और इसके बदले बदले में रक्तवीर रमेश गुप्ता एवं रक्तवीर अभिषेक ने अपना - अपना रक्त दिया, इस प्रकार से मरीज दीपक डे जी को रक्त उपलब्ध कराई गई, संस्था के संरक्षक मनोज मंडल ने कहा कि हमारी संस्था हर उस मरीज को रक्त उपलब्ध कराएगी जिसे रक्त की आवश्यकता होगी

## संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

तिसरा। 5, 6 और 7 अक्टूबर को संयुक्त मोर्चा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए गोलकडीह परियोजना कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन किया गया और प्रबंधन को चेतावनी दी गई थी मजदूरों के वेतन समझौता में अरंगा लगाने वाले अधिकारी संभल जाए नहीं तो आने वाले दिनों में अधिकारी के खिलाफ मजदूर आंदोलन को विवस होंगे। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि अधिकारी और प्रबंधन मिलकर नहीं चाहता है कि मजदूरों का वेतन समझौता हो एक तरफ अधिकारी और मजदूर मिलकर काम करने की बात कहता है आज जब वेतन समझौता लागू हो गया तो कह रहा है यह गाइडलाइन का उल्लंघन है इस समझौता होने से मजदूरों का वेतन अधिकारी के वेतन के समान हो जाएगा । हम लोग वेतन समझौता लागू करने के लिए और उनका हक दिलाने के जो भी करना होगा पीछे नहीं हटेगे। विरोध प्रदर्शन तुलसी रवानी नरेंद्र सिंह शिव शंकर महतो रंजन दास, प्रभास सिंह, परमानंद यादव राकेश सिंहा, परमेश्वर मरांडी, सुभाष कुमार, हीरालाल गोराई,सुमन सिंह,दीलिप नाग, आदि थे'

## झोपड़ी में रहने वाली , भाड़े के धनुष से गोल्ड जीतनेवाली सिमरन कुमारी को बेटी दिवस पर मिला बड़ा सम्मान

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता**

धनबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर चाय वाले गुड्डु भुइया की बेटी तनीषा कुमारी और सिमरन कुमारी को कोयलांचल चैरिटीबल फाउंडेशन द्वारा झारखंड के मंत्री बेबी देवी के देवर एवम पूर्व शिक्षा मंत्री स्व ट्ट जगरनाथ महतो के भाई बैद्यनाथ महतो के द्वारा सम्मान दिया गया। आपको जानकर हैरानी होगी की झोपड़ी में रहने वाला एक गरीब बाप एक छोटा सा चाय का दुकान चलाकर बेटी के लिए 3000 रुपया देकर अपने दोनो बेटी के लिए भाड़े में धनुष लाया । जहा लोग बेटी को कोख में ही मार देते है वही चाय वाले गुड्डु भुईया प्रेरणा का प्रतीक बना । जी हा हम बात कर रहे है दोबारी कोलियरी की भुइयां बस्ती में चाय दुकान चलानेवाले गुड्डु भुइयां की बेटी सिमरन कुमारी की जिन्होंने मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड का मान बढ़ाया . सिमरन का सपना ओलंपिक में खेलना है. पुत्री का तीरंदाजी के प्रति मेहनत व रुचि देख उसके पिता हार नहीं माना और पुत्री के लिए भाड़े में धनुष लाया । बेटी सिमरन ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी अपना स्कूल , ट्यूशन के साथ साथ पिता के काम में हाथ बटाने के बाद धनुष चलाने का प्रैक्टिस करती है ।

## गोमिया के प्रवासी मजदूर की मुबंई में लुटेरों ने कर दी हत्या

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग(झारखंड) 25 सितम्बर 23 :- गोमिया के एक युवक की मुंबई में हत्या हो गई है.इस घटना से परिवार के लोग सदमें में हैं. बता दें कि पांच माह पूर्व बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड के चतरोचटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बड़की चिदरी पंचायत के असनाबेडा गांव निवासी 23 वर्षीय भोला कुमार महतो मुंबई काम करने गया था. वहां वह एक कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था. 25 सितंबर की सुबह करीब तीन बजे वह ट्रक लेकर जा रहा था. इस दौरान ट्रक के टायर में कुछ गड़बडी की अंशका पर वह गाडी से उतर कर टायर चेक करने लगा. इसी दौरान दो-तीन बदमाश उसके पास पहुंचे और उससे पैसा व मोबाइल लूटने लगे. भोला कुमार महतो ने जब इस लूट का विरोध किया तो बदमाशों ने चाकू से उसपर हमला कर घायल कर दिया. उसी दौरान उसी कंपनी की दूसरी गाड़ी उसी सड़क पर गुजर रही थी. उक्त गाडियों को आता देख बदमाश भाग निकले. कंपनी के दूसरे वाहन का चालक अन्य लोगों के सहयोग से भोला कुमार को घायल अवस्था में तुरंत ठाणे के नजदीकी अस्पताल में ले गया, जहां



चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है. घटना की जानकारी मृतक के पिता दीपक महतो को दी गई है. मृतक के माता पिता के अलावा उसके दो भाई और एक बहन है. इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वही इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली मृतक के घर पहुँचकर संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग,बोकारो और गिरिडीह जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है।अपना घर छोड़कर पर-देस गये इन मजदूरों की जिंदगी तो कष्ट में बीतती ही है, मौत के बाद भी उनकी रूह को चैन नसीब नहीं होता है।किसी की लाश हफ्ते भर बाद आती है,तो किसी को ढाई से तीन महीने भी लग जाते हैं। ऐसे में सरकार को रोजगार के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

## पेलावल विकास मंच ने मनाया 18 वां स्थापना दिवस।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 25 सितंबर 2023 :- सोमवार सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक ओल्ड एज होम,हजारीबाग में पेलावल विकास मंच के तत्वावधान में 18 वां स्थापना दिवस बुजुर्गों के साथ मनाया गया। गत साप्ताहिक बैठक में उपस्थित मंच के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ओल्ड एज होम में पेलावल विकास मंच का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। उक्त निर्णय के अनुसार आज प्रातः 10:30 बजे मंच के सदस्यगण ओल्ड एज होम में स समय पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा में नाश्ता वगैरह परोसने का काम शुरू किए।

मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम.हक भारती ने बुजुर्गों को प्राकृतिक पर्व एवं पीवीएम के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी




तथा सभी बुजुर्गों से मंच के लिए आशीर्वाद की याचना की।

उनका आशीर्वाद जो सदस्यों के सिर पर हाथ रखकर प्राप्त हुआ मन को छू गया।

हजारीबाग ओल्ड एज होम बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देता है। इस अवसर पर मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, उप कोषाध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ सदस्य चंद्रशेखर शर्मा, अब्दुल हकीम , मो. आदिल , मो. शाकिब , मो. आरिफ एवं अध्यक्ष एम हक भारती की अगुआई में बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताकर आनंदित हुए। उक्त खबर की जानकारी अमित कुमार पासवानसचिव पेलावल विकास मंच ने दी।

## पटमदा में डॉ. अजय कुमार ने की कार्यकताओं के साथ बैठक, लोक सभा चुनाव की तैयारी मे कांग्रेस

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : मिशन 2024 के तहत जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारे के साथ सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने पटमदा के डाक बंगला परिसर में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष देबुलाल सहिस ने की।

मौके पर पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा आरएसएस के इशारे पर चलने वाली पार्टी है इसलिए देश में आरक्षण को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश सरकारी संस्थानों को नरेंद्र मोदी सरकार निजीकरण करने में लगी हुई है इसलिए अब गरीब का बेटा-बेटी के लिए डॉटर्स, इंजीनियर बनने का सपना भी अधूरा रह जायेगा क्योंकि लाखों-करोड़ों रुपए की फीस भरना उनके वश की बात नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आपके वर्तमान स-ांसद जनता के लिए रोड नहीं बनवा रहे हैं इसलिए क्षेत्र की सड़कें जर्जर-



ावस्था में है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए अभी से ही काम करने की जरूरत है।

कांग्रेस नेत्री जेबा खान ने कहा कि डॉ. साहब ने जिस तरह से अपने ढाई साल के कार्यकाल में ऐतिहासि-ाक काम किया था जनता के लिए उसी तरह फिर से काम होगा इसलिए अगले लोकसभा चुनाव में उन्हें फिर से सांसद बनाने के लिए आपलोग तैयारी शुरू कर दें।

उन्होंने पटमदा प्रखंड की सभी 15 पंचायतों में सशक्त पंचायत कमेटी का गठन अविलंब करने की अपील की।

बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो, देबुलाल सहिस, शेख सिराजुद्दीन, मोहनलाल बनर्जी, छुटुलाल महतो, सुकुमार दत्त, विश्वामित्र दास, लक्ष्मण गोराई, गणेश मंडल, शकुंतला प्रमाणिक, भरत कुंभकार, असीम कुमार सिंह, भोलानाथ मंडल व सुमित अग्रवाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## नीमडीह के पूर्व उप प्रमुख, कुशल राजनीतिज्ञ सह शिक्षाप्रेमी अशोक महतो का निधन

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 25 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा का एक कुशल राजनेता सह शिक्षाविद का निधन हो गया। नीमडीह के पूर्व उप प्रमुख अशोक महतो का निधन रघुनाथपुर स्थित उनके आवास में हुआ। इस दुःख की घड़ी में प्रखंड से लेकर केंद्रीय स्तर के राजनेताओं ने शोक जताया। नीमडीह प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार महतो का रविवार को सुबह रघुनाथपुर के नीमडीह मोड़ स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेता ज्ञानरंजन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय आदि के काफी करीबी थे। अशोक महतो वर्ष 1971 से लंबे समय तक ओड़िया पंचायत के मुखिया सह नीमडीह प्र-खंड के निर्वाचित उप प्रमुख के पद पर आसीन थे और वे जनहित के कार्य में सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अशोक बाबु कांग्रेस पार्टी के एक सच्चे सिपाही थे और सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। वे हमेशा पार्टी व जनसेवा के कार्य में लगे रहते थे। अशोक महतो का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर दिवगंत अशोक कुमार महतो के प-रवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पार्थिव शरीर को श्रृद्धांजलि देने ग्राम प्रधान महासंघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, जिला परिषद



उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो समेत कांग्रेस, आजसू, भाजपा, झामुमो आदि राजनीतिक दल के नेता उपस्थित हुए।

अशोक कुमार महतो नीमडीह क्षेत्र के एक लोकप्रिय शिक्षाप्रेमी के रुप में जाने जाते थे। उनका प्राथमिक शिक्षा दुलमी मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय चांडिल से हुआ।उच्च शिक्षा धनबाद से प्राप्त किया। समाज सेवा की शुरूआत मध्य विद्यालय मूरू का स्थापना से किया उसके बाद राजनीति में प्रवेश किया। ओड़िया ग्राम पंचायत से तीन बार मुखिया व नीमडीह प्रखंड के तीन बार उपप्रमुख रहें। मुरु में डाकघर की स्थापना ग्रामीण बैंक ओड़िया की स्थापना करना, प्राथमिक विद्यालय अण्डा वर्तमान में उच्च विद्यालय का स्थापना करना। ग्राम मुरु के महुलटांड़ में प्राथमिक विद्यालय, स्वामी शिवानन्द विद्यापीठ चेलियामा में उच्च विद्यालय बनाने में अहम भूमिका, उच्च विद्यालय रघुनाथपुर, शहीद निर्मल महतो इंटर कॉलेज दुमदुमी का स्थापक सदस्य ऐव बड़े भाई बेनुबदन महतो संस्थापक सचिव, बालिका उच्च विद्यालय रघुनाथपुर आदारडीह का संस्थापक अध्यक्ष आदि रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में उम्र भर शिक्षा का अलख जगाते रहें। राजनीति के क्षेत्र में में कांग्रेस पार्टी का प्रखण्ड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि के रूप में योगदान दिया।

## हेसालौंग में कामरेड जंयत गांगुली के 28 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित संकल्प सभा

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 25 सितंबर 2023 :- रामगढ़ जिले के हेंसालोंग में कामरेड जंयत गांगुली की 28 वीं स्मृति दिवस संकल्प सभा के रुप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सोहराय किस्कू ने किया और संचालन कामरेड पचु राणा ने किया। इसके पूर्व झंडो तोलन कामरेड जगरनाथ उरांव ने किया और कामर-ेड जयंत गांगुली के मुर्ति पर माल्यार्पण भाकपा-माले सेन्ट्रल कमेटी पोलितब्यूरो सदस्य कामरेड जनार्दन प्रसाद,शुभेन्दु सेन,राजकुमार यादव, भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, भुनेश्वर केवट, बैजनाथ मिस्त्री, सविता सिंह,हीरा गोप,नीता बेदिया,अमल कुमार, जयवीर हंसदा,कौलेश्वर गोप,गोबिंद राम,कृष्णा गोप,मासस के आर.डी.मांझी, सीपीआई के नेमन यादव सहित अन्य मंचासीन नेताओं ने अपने संम्बोधन में कहा कि -आज कामरेड जयंत गांगुली के स्मृति दिवस के अवसर पर देश की वर्तमान चुनौतियों के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया गया। केन्द्र की फासीवादी भाजपा सरकार देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों , नवजवानों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के अधिकारों के ऊपर चौतरफा हमला तेज कर दिया है। लोकतान्त्रिक अधिकारों,कानूनों को खत्म कर दमन का शासन तेज कर दिया गया है। रोजगार के अवसरों को खत्म कर सार्वजनिक उद्योगों, कोयला अन्य खनिजों, प्राकृतिक संसाधनों को चंद कारपोरेट घरानों अड़ानी-अंबानी के हवाले किया जा रहा है। मोदी के शासन में निरंतर मंहगाई बढ़ रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर नफरत पैदा किया जा रहा है। किसानों, आदिवासियों की जल,जंगल,जमीनों को लगातार लुटा जा रहा है।

सड़कों में आंदोलन के बल पर तीन काले कृषि कानून को वापस लेना पड़ा है। किसानों - आदिवासियों की संघर्ष एवं विपक्षी दलों की एकताबद्ध इंडिया से घबरा कर जैसे तैसे की स्थिति में महिलाओं के लिए 33% महिला वंदन के नाम आरक्षण देने की घोषणा की है , लेकिन ये भी चुनावी जुमले की तरह 2024 के चुनाव के बाद, जनगणना करने के बाद ही लागू की जाएगी। आदिवासी



अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा लेकिन ओबीसी महिलाओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। इसे विवादित बना कर रखना चहती है। महिला पहलवानों के साथ छेड़खानी बलात्कारी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन चल रहा था उस समय भाजपा बलात्कारी को बचा रही थी। देश अगर समाजवादी और पंथ निरपेक्ष नहीं बनेगा तो क्या पूंजीवादी और धार्मिक देश बनेगा तो गरीब किसानों और अल्पसंख्यकों का क्या होगा? गरीबों की राशन में कटौती कर भाजपा सरकार कहती है कि गरीब भूखा नहीं रहेंगे , की बात कर रही है। युवाओं को रोजगार से बेदखल कर कौन सा युवा भारत बनाना चाहते हैं।

संकल्प सभा के माध्यम से मांग की गई है ---

1.गरीब,दलित, आदिवासियों के लिए लड़ने वाली लोकतान्त्रिक आदिवासी संघर्ष मोर्चा, इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) सहित 64 जनसंगठनों के ऊपर माओवादियों के साथ संबंध बताकर बैंड करने के लिए जांच की आदेश को फौरन वापस लेने की मांग करती है।

2. 33%महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की आरक्षण क्यों नहीं और 2024 से ही लागू करने के लिए कौन रोक रही है,इसे तत्काल लागू करो क्योंकि महिलाएं लंबे वर्षों से लड़ते आई है।

3. किसानों के लिए एमएसपी लागू करो।

4.जयवीर हंसदा के साथ अभद्र व मार-पीट करने वाले घाटो थाना प्रभारी को अविलंब मुवतल करो।

5. आरा-सारुबेड़ा सहित अरगड्डा खुला कोयला परियोजना (काजू बगान) के रैयत ग्रामीणों को रोजगार सहित संपूर्ण मुआवजा का भुगतान कर कोलियरी चालू करो।

6.कोयलांचल में अविलंब लोकल सेल चालू कर ग्रामीण गरीब मजदूरों को रोजगार बहाल करो।

6.बिजली मूल्य बृद्धि पर अविलंब रोक लगाओ।

7. गरीबों के राशन कटौती को बंद करो और पूरा राशन दो।

8. गैरमजरुआ जमीनों पर प्रशासनिक अधिकारियों और भूमीचोरों पर कार्रवाई करो तथा गरीबों के नाम बंदोबस्ती व सार्वजनिक उपयोग करो

9. आदिवासियों की हड़पी गई एवं भू-वापसी आदेश की जमीनों को दखल दिहानी दिलाओ।के साथ संकल्प लिया गया।

## झारखंड में करम पर्व में दिखा जबरस्त उत्साह ,भाई बहनो का अटूट प्रेम का प्रतिक " करमा " जल जंगल जमीन का प्राकृतिक पर्व है

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

झारखंड में करम महोत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखा ।भाई बहनो का अटूट प्रेम का प्रतिक " करमा " जल जंगल जमीन का प्रकृतिक पर्व है " करमा " झारखण्ड का पावन पर्व है जो सिर्फ झारखण्डी के लिए है ! ये झारखंड नही तो क्या है ? कोयल कि कू कू, झरनो में बहता पानी , बाघो कि गर्जन , हाथियों की चिंघाड़, मांदर कि थाप और संगीत कि सुर ,हरे हरे खेत, हरे भरे जंगल ,कोयला का कोयलांचल पहाड़ और पठारो से खनिज और खजानो से भरा ये धरती झारखंड नही तो क्या है ? इन दोनों झारखंड में करम पर्व का काफी उत्साह और हर्षो उल्लास दिखा ।

सर्वो प्रथम अखड़ा की साफ-सफाई किया गया उसके बाद साज-सज्जा



किया गया । अखाड़ा को आकर्षक ढंग से सजाया गया । अखड़ा में करम देव की स्थापना किया गया , जिसके बाद पूजा की गई अखड़ा में रात भर जागरण रहा . करम देव को लाने के लिए सोमवार की शाम को ढोल, मांदर और नगाड़े के साथ नृत्य करते और गीत गाते लोग झूमते रहे . डाली काटने के पूर्व करम वृक्ष की तीन बार परिक्रमा किया गया ।

रात भर चलता रहा नृत्य- संगीत

अखाड़ा में करमइत और उपवास करने वाली लड़कियां रात भर अपने झारखंडी वेश भूषा में नृत्य किया । लड़किया एक ग्रुप में एक दूसरे के हाथ पकड़ कर बहुत ही सुंदर और आकर्षण तरीके से नृत्य किया ।

## पटमदा के विभिन्न गांवों मे करम पूजा की धूम, कुंवारी कन्याओं ने की करम राजा की उपासना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा एवं प्रखंड के विभिन्न गांवों में सोमवार को प्रकृति पर्व करम पूजा का आयोजन कुंवारी कन्याओं द्वारा किया गया। बोड़ाम प्रखंड के बारियादा गांव में कुंवारी लड़कियों द्वारा उपवास रख कर जोबा जंगल से फूल लाकर रात को करम डाली के नीचे अपने भाई की दीघार्यु के लिए कामना की गई।

इसमें गांव के पुजारी (लाया) मनोहर महतो द्वारा सभी बच्चों को करम राजा, करमू और धरमू की कहानी सुनाई गई। इस कहानी में बताया गया कि धरमू अच्छा काम करता है तो उसको अच्छा फल प्राप्त होता हैं और करमू खराब काम करता है इसलिए उसको कष्टों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को यह शिक्षा दी जाती है कि अगर आप अच्छे कर्म करते हैं तो उसका फल अच्छा मिलता है और खराब कर्म करते हैं तो उसका फल खराब मिलने वाला है। करम पूजा में कुंवारी लड़की द्वारा जावा दिया जाता है जिसमें विभिन्न प्रकार के दलहन बीज बालू भरे डलिया (बांस की बनी) में बोया जाता है



और इसका रख रखाव अच्छे से करता है जावा से ही कुंवारी लड़की सीखता है कि अपने बच्चे का पालन पोषण कैसे करना है अर्थात जावा का संबंध मां की कोख से है। करम पूजा करने वाली जयश्री महतो, श्यामापद महतो, चाइना महतो, ललित, अंकित, भवानी, पार्वती, सौरव, उदिति, रिया, लिलिमा, अनिमा, राहुल, सौरव माहली, पूजा माहली, पिंकी, रिंकी, रुम्पा, दीया, स्वरस्वती, बनलता कर्मकार, यमुना महतो, रोहित महतो आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया प्रियंका माहली, ग्रामीण सतीश महतो, खगेन महतो, रथु कर्मकार, संतोष महतो, काजली महतो, बिंदु कर्मकार, बासंती कर्मकार, बेहुला कर्मकार, जटिला महतो, काजली महतो, गोपेन महतो, तारापद महतो, नीलकमल आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

पूजा के बाद बारियादा के युवाओं द्वारा करम नाच का आयोजन किया गया। बारियादा युवा क्लब द्वारा नृत्य करने वाले सभी बच्चों को कॉपी और कलम देकर प्रोत्साहित किया गया।

## नारायण प्राइवेट आईटीआई में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी गई श्रृद्धांजलि

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 25 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखड अन्तर्गत नारायण प्राइवेट आइटीआई संस्थान लुपुंगडीह में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर श्रृद्धांजलि दिया गया। संस्थान के संस्थापक डा. जटा शंकर पाण्डेय ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय उनकी विचारधारा थी और आज के केंद्र का शासन इसी विचारधारा पर काम कर रहा है। उनका पूरा जीवन समाज के हित में समर्पित रहा एवं ब्रिटिश सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किए। 21अक्टुवर 1951में जनसंध के महामंत्री थे और 1967में जन संध के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष पद के केवल 43 दिन ही अपनी सेवा देनेके उपरांत 11 फरवरी1968 को मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। वर्तमान समय जनसंघ भाजपा के रूप काम कर रही है। इस अवसर पर प्रो. सुधिष्ट कुमार, अधिवक्ता निखिल कुमार, गौरव महतो , शांति राम महतो, कृष्णा पद महतो, देवकृष्ण महतो, पवन कुमार, अजय मंडल, निमाई मंडल सहित सभी छात्र उपस्थित थे।

